ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 08 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-262 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

बिग बॉस ओटीटी टास्क के दौरान पूजा... पेज 10 पर



## अवैध खनन मामला : ईडी ने पत्थर कारोबारी टिंकल भगत समेत दो को किया गिरफ्तार

**पंकज मिश्रा को 40- 45 लाख का दिया था कमीशन**

**भगवान भगत ने पंकज मिश्रा के खाते में जमा कराए थे 4.87 करोड़**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के केस में ईडी ने बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर भगवान भगत और सहयोगी टिंकल भगत को गिरफ्तार किया है। माइंस कारोबारी कृष्णा साह की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए रांची जोनल आफिस बुलाया था। जहां पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार टिंकल भगत साहिबगंज जिला में झामुमो के प्रोफेशनल सेल का सचिव भी है। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि टिंकल ने भी कारोबार के बदले 40 लाख का कमीशन लिया। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर के तौर पर काम देख रहे भगवान भगत ने पंकज मिश्रा के एचडीएफसी बैंक के खाते में 4.87 करोड़ रुपये जमा कराए थे। ये पैसे 29 अक्तूबर 2021 से 18 मई 2022 के बीच जमा कराए गए थे। शुरूआती पूछताछ में भगवान भगत ने बताया था कि पंकज मिश्रा का राजनीतिक प्रभाव इतना अधिक था कि वह पत्थर का कारोबारी अपनी कंपनियों के जरिए करते थे, लेकिन लाभ की राशि पंकज मिश्रा लिया करता था। भगवान भगत ने पूछताछ में बताया है कि पंकज मिश्रा अपना कारोबार भी भगवान भगत के कागज



पर ही किया करता था। भगवान भगत ने पूछताछ में बताया है कि साहिबगंज में पंकज मिश्रा अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर दूसरे माइंस कारोबारियों से स्टोन सस्ते दर में लेता था, इसके बाद बाजार दर में उसे बेचा करता था। यह सारा काम भगवान खुद देखता था, उसने पंकज मिश्रा के बैंक खाते को अपने मोबाइल से भी लिंक रखा। **पंकज मिश्रा के कहने पर टिंकल ने भी किया अवैध खनन, कमीशन दिए 40 लाख :** ईडी ने जांच में पाया है कि बरहेट विधायक प्रतिनिधि के दबाव में झामुमो के जिला प्रोफेशनल सेल के सचिव टिंकल भगत ने भी अवैध खनन किया। ईडी ने जांच में पाया है कि पंकज मिश्रा के कहने पर टिंकल के द्वारा साहिबगंज के मंदरो के मुंदिल मौजा में प्लाट नंबर 60 पी, 61 पी में अवैध खनन किया जा रहा था। बदले में टिंकल भगत ने पंकज मिश्रा को इस अवैध कमायी से 40-45 लाख दिए थे। **ईडी ने पूर्व में की थी छापेमारी :** ईडी ने अवैध खनन के केस में 8 जुलाई 2022 को भगवान भगत व टिंकल के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब भगवान भगत के घर से 28.50 लाख व टिंकल भगत के यहां से 15 लाख कैश बरामद किए थे। वहीं ईडी ने भगवान भगत के यहां से संतोष दोकानिया, गोविंद भगत, बीबीआर ग्रुप, आलोक रंजन, अरूण चौधरी, मणिकांत मंडल, और प्रकाश केडिया से लेन देने के कच्चे हिसाब किताब से जुड़े कागजात मिले थे।

### इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी व पिता की जमानत याचिका पर सुनवाई 18 को

**रांची।** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने बहस के लिए समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 18 जुलाई निर्धारित की है। ईडी की ओर से टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसीक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) में गेंदा राम और राजकुमारी देवी के नाम भी शामिल हैं। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### जमीन घोटाले के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में आरोपित व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने अमित और दिलीप की जमानत याचिका खारिज कर दी। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में दोनों आरोपितों ने अधिवक्ता के माध्यम से 26 जून को जमानत याचिका दायर की थी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने पक्ष रखा जबकि अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने सात जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी कोलकाता से हुई थी। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

### चाईबासा में 23 किलो के तीन आईईडी बम व 18 स्पाइक होल बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस ने भाकपा माओवादियों के लगाए 23 किलो के तीन आईईडी बम और 18 स्पाइक होल को शुक्रवार को अलग-अलग जगह से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाथीबुरु से लोवाबेड़ा के आसपास जंगली क्षेत्र में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य नक्सलियों ने दो बम लगाया था। इसमें एक 10 किलो और एक बम, आठ किलो आईईडी बम है। इसके अलावा रास्ते में छह पीस स्पाइक होल को पुलिस ने बरामद किया। इसी तरह टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका से सरजोमबुरु के बीच एक आईईडी बम जो पांच से छह किलो और रास्ते में गड्ढा करके बरामद किया। पुलिस ने सभी बम को जंगल में ही नष्ट कर दिया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, कोबरा 209, 203 बटालियन, सीआरपीएफ के 197,193, 174, 157, 134, 60, 26, 07, 5. बम निरोधक दस्ता सीआरपीएफ 60 बटालियन और झारखंड जगुआर शामिल थे।

### पलामू एसीबी टीम की बड़ी कार्रवाई

## बड़ा बाबू घूस लेते गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आज विशेष भू -अर्जन कार्यालय के प्रधान लिपिक टुनटुन उपाध्याय को 12 हजार रूपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।प्रधान लिपिक उपाध्याय सिचाई परियोजना में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की फाइल बढ़ाने के नाम पर भूमि मालिक से घूस ले रहे थे, तभी मौके पर घात लगाये एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। इस बाबत एसीबी के पलामू एसपी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पाटन थाना के इमली गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र सुनील सिंह ने आवेदन देकर काम करने के बदले प्रधान लिपिक द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत की थी। अपने आवेदन में सुनील सिंह ने बताया है कि बरकुड़वा बितरणी नहर में करीब एक एकड़ उनकी जमीन सिंचाई विभाग विशेष भू -अर्जन विभाग ने अधिग्रहित की है,



लेकिन उन्हें भूमि का मुआवजा अब तक नहीं मिला है।आवेदन में बताया गया है कि विशेष भू -अर्जन कार्यालय द्वारा पत्रांक 2191दिनांक 17-8-2019 धारा 37(1) की नोटिस उन्हें दी गयी है। नोटिस के बाद उन्होंने पाटन अंचल कार्यालय से निर्गत एलपीसी व भूमि से सम्बंधित अन्य कागजात विशेष भू -अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर दिये हैं। सुनील सिंह ने आवेदन में बताया है कि पैसा निकासी की फाइल बढ़ाने के लिए कार्यालय के प्रधान लिपिक टुनटुन उपाध्याय 12हजार रुपया मांग रहे हैं। काफी मिन्नत के बाद भी बिना घूस की रकम दिए फाइल बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। एसीबी के एसपी के अनुसार सुनील सिंह के आवेदन में लगाये गये आरोपों को सत्यापन में सही पाये जाने के बाद एसीबी पलामू थाना में कांड संख्या 5/2023दिनांक 6-7-23दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसी क्रम में आज प्रधान लिपिक टुनटुन उपाध्याय को सुनील सिंह से बारह हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। 54वर्षीय उपाध्याय बरालोटा के निवासी हैं।

### सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार



**कोडरमा।** जिला सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक मिताली शर्मा को हजारीबाग एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर प्रसाद यादव, पिता - स्व. मंगन यादव, ग्राम- गरहाई, पो.-पथलडीहा थाना-कोडरमा ने सहकारी विभाग के खिलाफ एसीबी को एक आवेदन दिया था, दिये गए आवेदन में बताया था कि वह कोडरमा व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड के प्रबंध समिति के सदस्य हैं और कोडरमा व्यापार मंडल बीज वितरण की नोडल एजेंसी है। पिछले दिनों सहयोग निबंधक मिताली शर्मा के द्वारा व्यापार मंडल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के बाद इस संबंध में जब वह सहायक निबंधक मिताली शर्मा से मिलने गये तो वो स्पष्टीकरण से बचाने के नाम पर 20,000 रुपए की मांग करने लगी। जिसके बाद रामेश्वर प्रसाद ने एसीबी एसपी, हजारीबाग को आवेदन दिया। एसीबी की टीम ने सत्यापन में मामला सही पाये जाने के बाद एक रणनीति तैयार की। जैसे ही मिताली शर्मा ने घूस की रकम ली, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया। एसीबी की टीम उन्हें लेकर हजारीबाग चली गई।

## राज्य में पंचायत स्तर पर दवा की 543 दुकानें स्वीकृत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को दवाइयां सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए सुदूर गांवों में कम-से-कम एक दवा दुकान की स्थापना का निर्देश दिया है। इसके तहत अबतक पूरे राज्य में दवा दुकान के लिए 543 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। **सबसे अधिक आवेदन देवघर से, चतरा में तीन स्वीकृत :** ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान के लिए अबतक कुल 1593 आवेदन पूरे राज्य से प्राप्त हुए हैं। इनमें 543 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है जबकि 962 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। सबसे अधिक देवघर से 233, गिरिडीह से 230, धनबाद से 212, रांची से 138, गोड्डा से 102, पलामू से 85 और हजारीबाग एवं बोकारो से 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं। चतरा में विगत दिनों मुख्यमंत्री ने तीन लोगों को इस निमित स्वीकृति पत्र प्रदान किया और वहां दवा दुकान का शुभारंभ हुआ। **प्रक्रिया को बनाया गया सरल, आय का स्रोत वृद्धि करने का लक्ष्य :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर दवा की बिक्री के लिए फार्मासिस्ट की उपस्थिति को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। प्रपत्र 20ए एवं 21ए में दवा दुकान के लिए अनुज्ञप्ति निर्गत की जा रही है। जरूरत पड़ने पर खुदरा औषधि विक्रेता के माध्यम से सभी प्रकार की दवा ग्रामीणों को उपलब्ध करायी जा सकेगी। मुख्यमंत्री का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्रोत के साधन में वृद्धि करना है। **सरकार का मिल रहा सहयोग :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा संबंधित पंचायत के ग्रामीणों को विभागीय हेल्प लाइन नंबर 104 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टेलीमेडिसिन एवं टेली-कंसल्टेंसी की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कोयला कारोबार में कई आपराधिक संगठनों से मिल चुकी थी धमकी

## चंदवा के कोयला व्यवसायी पर जानलेवा हमला

**हमलावरों ने मारी दो गोली, रिम्स में हुआ उपचार, स्थिति खतरे से बाहर**

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर के जाने माने समाजसेवी सह बड़े कोयला व्यवसायी रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे पर शुक्रवार को रांची के आरगोड़ चौक के समीप दिनदहाड़े जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने रंजीत गुप्ता को निशाना साधते हुए दो गोलियां चलाई, गोली लगते ही रंजीत गुप्ता गिर पड़े, हमलावर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। घटना दिन के करीब 10:40 बजे के आसपास की है। रंजीत गुप्ता अपनी गाड़ी बैठने के लिए सड़क में खड़े थे तभी बाइक में सवार दो लोग पहुंचे जिसमें एक बाइक में बैठा था जबकि दूसरा पैदल चल रहा था। पैदल शूटर ने नजदीक आकर रंजीत गुप्ता पर गोली चला दी। गोली लगने के बाद रंजीत गुप्ता ने हिम्मत से काम लिया और हमलावर से बचने के लिए प्रयास किया। हमलावर मौका देखकर भाग निकले। रंजीत गुप्ता के चालक ने उन्हें उठाया और लोगों की मदद लेकर उन्हें रांची रिम्स ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रंजीत गुप्ता को लगी दो गोलियों में से एक गोली को निकाल दिया गया है, जबकि दूसरी गोली का पता नहीं चला। सूत्रों ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली ले जाया जा रहा है। इधर गोली लगने की सूचना मिलते ही लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम रिम्स पहुंचे और मामले की जानकारी ली। चंदवा से कई शुभचिंतक भी रिम्स जाकर रंजीत गुप्ता का हालचाल जाना।

## पुलिस व नक्सलियों में हुई भीषण मुठभेड़ एक पिस्टल, 25 राउंड कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान के दौरान झारखंड जगुवार की टीम से नक्सलियों की भीषण मुठभेड़ जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-पलामू बॉर्डर पर स्थित अनगड़ा जंगल में हुई। मुठभेड़ प्रतिबंधित टीएसपीसी के रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते के साथ हुई। हालांकि जंगल का लाभ उठाकर आक्रमण अपने दस्ते के साथ भागने में सफल रहा। एसपी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि आक्रमण अपने दस्ते के साथ अंनगाड़ा जंगल में भ्रमणशील है। सूचना पर जगुआर और जिला पुलिस जगल पहुंची थी। मुठभेड़ के बाद जंगल की घेराबंदी कर पुलिस व जगुआर के जवानों ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान एक विदेशी पिस्टल, 25 राउंड कारतूस, दो मैगजीन तथा दैनिक उपयोग के सामान व तीन मोबाइल बरामद हुआ। एसपी ने पुनः सभी नक्सलियों को आगाह किया कि सरकार की आत्म समर्पण नीति का लाभ लें और आत्म समर्पण करें। अन्यथा आज न कल मारे जायेंगे।

### प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**लोहरदगा।** दो वर्षों से फरार चल रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार नक्सली पर कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू स्थित क्रेसर प्लांट में पोकेलेन मशीन पर आगजनी और मारपीट का मामला दर्ज है। गिरफ्तार टीपीसी नक्सली के दस्ते ने 20 फरवरी को कुडू थाना अन्तर्गत मकान्दू स्थित बालाजी कन्ट्रक्शन केशर में कार्यरत पोकलेन मशीन में आग लगाने एवं मजदूरों के साथ मारपीट करने के संबंध में कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया। एक मार्च 2022 को मकान्दू केशर से लेवी नहीं मिलने पर योजना बनाकर कार्यस्थल पर कार्यरत मैनेजर को गोली मारने का प्रयास किया गया। इस घटना के संबंध में कुडू थाना में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मामला दर्ज है। दोनों कांडों में दो वर्षो से ज्यादा समय से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू फरार था। इसकी गिरफ्तारी लातेहार जिले के चन्दवा थाना क्षेत्र से कुडू थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम ने की है। पूछताछ में दोनों घटना में संलिप्ता के साथ अन्य सहयोगियों का नाम बताया है। इसकी गिरफ्तारी का प्रयास छापामारी दल के द्वारा किया जा रहा है।

### रिसर्च

### बायोमास वेस्ट से विकसित किया महंगे हवाई ईंधन का विकल्प

## ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने में कारगर

**नई दिल्ली।** आईआईटी के शोधकर्ताओं ने पौधे-आधारित बायोमास से बने बायो-जेट-ईंधन बनाने का नया तरीका विकसित किया है। आईआईटी के शोधकर्ताओं ने प्रचुर मात्रा में उपलब्ध लोहा आधारित उत्प्रेरक (एफइ, सिलिका-एल्यूमिना) को विकसित किया है। इसकी सहायता से विभिन्न गैर-खाद्य तेलों और बायोमास वेस्ट का उपयोग करते हुए जेट ईंधन निर्माण प्रक्रिया को लाभदायक बनाने का प्रयास किया गया है। यह दशकों से उपयोग हो रहे महंगे हवाई ईंधन का विकल्प विकसित करने में सहायक होगा। यह सस्ते और स्वच्छ ईंधन का एक घटक है, जो ऊर्जा के क्षेत्र को बदल सकता है। रोजाना औसतन 800 मिलियन लीटर से अधिक के अनुमानित ईंधन की मांग के कारण वैश्विक विमानन क्षेत्र लगभग पूरी तरह से पेट्रोलियम आधारित ईंधन पर आश्रित है। अन्य ऊर्जा क्षेत्रों जैसे सड़क परिवहन, आवासीय और वाणिज्यिक इमारतों की तुलना में विमानन उद्योग को नवीन ऊर्जा स्रोतों की ओर आसानी से स्थानतरित नहीं किया जा सकता है। इसलिए आईआईटी




जोधपुर के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किया गया पौधा-आधारित बायो-जेट ईंधन पारंपरिक पेट्रोलियम ईंधन के लिए एक प्रतिस्पर्धी विकल्प बन सकता है। यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में एक बड़ी भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। इस शोध को रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, लंदन, द्वारा प्रकाशित सस्टेनेबल एनर्जी एंड फ्यूल्स जर्नल के कवर पेज में प्रकाशित किया गया है। आईआईटी जोधपुर के मुताबिक यह उत्प्रेरक बायो-जेट ईंधन की दिशा में 10 चक्रों तक उत्कृष्ट रूप से पुनः प्रयोग योग्य बना रहता है (और 50 चक्रों तक अच्छा काम करता है)। विशेष रूप से अपेक्षाकृत कम दबाव की स्थितियों में इस उत्प्रेरक की उच्च अम्लता और अद्वितीय भौतिकीय गुणों जैसे- विलयन-मुक्त स्थितियों में कम एच 2 दबाव के कारण इसके परिणाम काफी आशाजनक हैं। इस कार्य को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, डीबीटी पैन-आईआईटी सेंटर फॉर बायोएनर्जी द्वारा सहयोग किया जा रहा है। आईआईटी जोधपुर के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश के. शर्मा और उनके पीएचडी छात्र भागीरथ सैनी ने यह नया तरीका विकसित किया है। अनुसंधान के महत्व के सम्बन्ध में बोलते हुए आईआईटी जोधपुर के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश के. शर्मा ने कहा, हमारे काम के बारे में प्रभावशाली बात यह है कि पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध पुनः प्रयोग योग्य विषम लौह उत्प्रेरक का हल्की परिस्थितियों में उपयोग करके हमने बायोमास से अभूतपूर्व बायो-जेट ईंधन तैयार किया है। यह प्रक्रिया न केवल बढ़ी हुई दक्षता को दर्शाती है बल्कि एयरलाइन क्षेत्र में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी लाती है। आईआईटी के रिसर्च का कहना है कि बायो-जेट ईंधन उत्पादन के लिए विकसित किये गए सल्फर-मुक्त और गैर धातु-आधारित उत्प्रेरक के भविष्य की संभावना काफी आशाजनक है। व्यावसायिक स्तर पर इसके उपयोग के लिए इसके उत्पादन को बढ़ाने और विनिर्माण प्रक्रिया को अनुकूलित करने में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस शोध का अगला कदम प्रक्रिया के अनुकूलन पर हो सकता है ताकि तापमान, दबाव, प्रतिक्रिया और समय जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए उत्प्रेरक की गतिविधि, चयनात्मकता, और परिवर्तन क्षमता को बढ़ाया जा सके।

### बीज घोटाला मामलाः निस्तार मिंज की याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपित तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की क्रिमिनल रिवीजन की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से दाखिल लिखित बहस पर याचिकाकर्ता की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय लिया गया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता अजीत कुमार एवं हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजीव सिन्हा और अधिवक्ता रोहित सिन्हा ने पैरवी की। एसीबी की ओर से अधिवक्ता प्रिया श्रेष्ठ ने पैरवी की। निस्तार मिंज ने एसीबी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया है कि निस्तार के खिलाफ एसीबी थाना में 2 एफआईआर दर्ज किया गया है।

## दो किलो अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पथेल गांव से 2 किलो अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। डीएसपी मुख्यालय केदार राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि पथेल में बाहर से एक व्यक्ति अफीम की खरीदारी करने आया है। आगे बताया कि सूचना का सत्यापन करते हुए मेरे नेतृत्व में थाना प्रभारी बिनोद यादव, सअनी शिव प्रकाश शाह व सुरेंद्र चातर द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया और पथेल कोलघाट के समीप से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बैग से प्लास्टिक थैले में रखे 2 किलो अफीम बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान शंकर सुमन मध्यप्रदेश के सोयल थाना क्षेत्र निवासी के रुप में की गई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया और संबंधित धाराओं में प्रार्थमिकि दर्ज कर उसे न्यायलय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### खरीफ फसल को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**हरिहरगंज।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एटीएम प्रवीण जहां तथा प्रभारी बीएओ निरंजन सिंह के द्वारा किसानों को खरीफ फसल के बारे में जानकारी दी गयी। वही पदाधिकारियों ने कहा कि किसान खेतों में जैविक खाद का अधिक प्रयोग करें, अच्छी खेती व पैदावार के लिए खाद के क्वालिटी व मात्रा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसान कीटनाशक दवाओं का कम प्रयोग करे। कार्यशाला में प्रमुख कमला देवी, पंचायत समिति सदस्य शीलू सिंह, कृषि मित्र रामप्रवेश यादव, मोहन यादव, अनिल यादव, अमिंदर पासवान, रंजीत पासवान सहित कई लोग शामिल हुए।

## हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं बिजली के जर्जर तार

# नगरवासियों ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा आवेदन

**तार के टूट कर गिरने से लोगों की जान जा सकती है**

**अभी तार उपलब्ध नहीं है, आने के बाद प्राथमिकता के आधार पर तारों को बदला जायेगा : कार्यपालक अधिकारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** बरसात शुरू होने के बाद इलाके में लगे जर्जर तारों के कारण लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। आये दिन जर्जर तारों के टूट जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है और जान माल का भी खतरा बना रहता है। ताजा मामला नगर मुख्यालय अंतर्गत दास मुहल्ले का है जहां जर्जर बिजली के तार टूट गया था जिसके चपेट में आने से कई लोग बच गये थे। तत्काल सूचना देने के बाद कार्यपालक अधिकारी ने मरम्मत सुनिश्चित करा कर आपूर्ति सुनिश्चित कराया था। यहां लगे तार दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। आये दिन तार के टूट कर गिरने से लोगों की जान पर बन आ रही है। इस सबन्ध में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने दास मुहल्ला निवासी प्रदीप सिंह और अरविन्द विश्वकर्मा के साथ जर्जर तारों के जगह पर कवर वायर लगाने हेतु बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता के नाम कार्यालय को आवेदन सौंपा है इस सम्बंध में कार्यपालक अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अभी तार उपलब्ध नहीं है, आने के बाद प्राथमिकता के आधार पर तारों को बदला जायेगा। आवेदन देने के बाद पूर्व प्रत्याशी अरविन्द ने कहा कि सड़मा, भेरवाडीह, लोहराही, बैरियाडीह, मदनपुर, बारा, रामगढ़, मसिहानी, खाटीन, केवालपर, मन्देया, हेसला, भलही सहित कई ऐसे इलाके हैं जहां कवर वायर नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं और लोगों की जान जाने की आशंका भी बनी रहती है। हाल ही में बारा गांव निवासी पप्पू भुइयां की मौत बिजली के तार के सम्पर्क में आने से हो गया था अगर वहां कवर वायर होता तो पप्पू भुइँया आज जिंदा होते। अरविन्द ने कार्यपालक अधिकारी से आग्रह किया है कि अति-आवश्यक जगहों पर कवर वायर लगवाने की वे पहल करें। उन्होंने कवर वायर नहीं लगवाने की सूरत में आंदोलन

## 10 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत अपग्रेडेड राजकीयकृत मध्य विद्यालय भजनिया में स्थापित केंद्र में आईसीटी इन्फॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) विषय से संबधित 10 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हो गया है। प्रथम बैच में आईसीटी योजना के तहत चयनित विद्यालयों के 22 शिक्षकों को शामिल किया गया है। इसमें इनके अलावा बतौर आईसीटी इंस्ट्रक्टर अजय कुमार, आदर्श कुमार चौरसिया, विशाल कुमार और मास्टर ट्रेनर जितेंद्र कुमार चौरसिया शामिल हैं। इंस्ट्रक्टर ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चयनित शिक्षकों को कंप्यूटर, स्मार्ट क्लास संचालन, आईसीटी लैब का स्मार्ट वर्ग कक्ष में उपयोग, सामान्य रखरखाव व इंटरनेट इत्यादि की जानकारी देते हुए उन्हें इसके लिए सक्षम बनाना है। मेसर्स बैनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के प्रशिक्षक चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। प्रशिक्षुओं में सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार गोस्वामी, संतोष कुमार ,बलराम प्रसाद, अरुण कुमार, सुन्दर देव पाल, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद, संतोष कुमार पासवान , विनोद कुमार, हरिहर राम, अंजना कुमारी, उदय कुमार पासवान, सूर्यकांत , शहनाज अंजूम, अनिल कुमार सिंह, विजय राम, हेमंत कुमार, रामनाथ राम, सोनी कुमारी, सुधाकर कुमार सिंह और रामनारायण राम आदि शिक्षक शामिल हैं।

# डेढ़ करोड़ की लागत से होगा पुलिस पिकेट का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के कामगरपुर पुलिस पिकेट के भवन का निर्माण डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से शीघ्र कराया जायेगा। इस आशय की जानकारी स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस बयान में दिया। उन्होंने कहा कि अब कामगारपुर का पुलिस पिकेट स्थाई होगा। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में सुरक्षा सबसे आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 2008 में उनके घर पर हुए उग्रवादी घटना के बाद सरकार ने कामगरपुर में पुलिस पिकेट की स्थापना की थी। पुलिस पिकेट की स्थापना के बाद से इस क्षेत्र में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। आगे भी शांति बहाल रहे इसके लिए जपला छतरपुर मुख्य पथ स्थित कामगरपुर में पिकेट के लिए उन्होंने कीमती जमीन दान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पिकेट के पास पर्याप्त भवन नहीं रहने की वजह पुलिस कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि कामगारपुर पुलिस पिकेट के निर्माण की निविदा निकल गई है। जल्द ही डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से पुलिस पिकेट भवन का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण हो जाने से पिकेट के पुलिस कर्मियों को काफी लाभ मिलेगा। भवन निर्माण की निविदा प्रकाशित होने से पुलिस कर्मियों व ग्रामीणों में खुशी है।

## आईटीबीपी जवान की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव निवासी वरुण तिवारी की अचानक तबियत खराब बिगड़ने से अरुणाचल प्रदेश ड्यूटी पर मौत हो गई। वे अभी 44 वर्ष के थे। वरुण तिवारी वर्ष 1999 में इंडियन तिब्बत बॉर्डर पुलिस में सामान्य ड्यूटी के पद पर तैनात थे। वरुण तिवारी 24 वर्ष की सेवा में बेहतर व प्रशंसनीय कार्यों के लिए अपने आला अधिकारी से मेडल व प्रशस्ति पत्र चुके हैं। 3 जुलाई को पेट में दर्द होने की शिकायत पर अपने विभाग के हॉस्पिटल में भर्ती हुए, जहां 4 जुलाई को डॉक्टर ने मृत घोषित किया। आगे की प्रक्रिया को पूरा करते हुए आज सुबह आईटीबीपी के जवान पार्थिव शरीर को मृतक के गांव लाये। जहां शोक सलामी दी गई। मृतक के 5 वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दिया।कोयल नदी के तट पर विधि विधान से जवान का अंतिम संस्कार किया गया। साथ आए दर्जनों आईटीबीपी के जवानों ने मृतक के शरीर पर तिरंगा झंडा रखकर सलामी दी।

**मेदिनीनगर के होटल स्वागत में होगा**

# आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ का जिला सम्मेलन

झारखण्ड राज्य अनुबंन्ध कर्मचारी महासंघ झारखण्ड से सम्बद्ध संगठन झारखण्ड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ का जिला सम्मलेन 9 जुलाई दिन रविवार को समय11 बजे से मेदनीनगर स्थित होटल स्वागत में होने जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आशय की जानकारी शुक्रवार की दोपहर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के जिला अध्यक्ष अमला देवी सहित संघ के अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया गया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार पांडेय केंद्रीय संयुक्त सचिव झारखण्ड राज्य अनुबन्ध कर्मचारी महासंघ सह मुख्य संरक्षक, झारखण्ड राज्य सेविका सहायिका संघ भाग लेंगे। जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्याओं पर चर्चा कर उसके उचित निदान पर प्रस्ताव पारित होगा। कार्यक्रम में महेश सोरेन सदस्य मगर्दर्शन मंडली, सीता तिग्गा प्रदेशकोषाध्यक्ष झारखण्ड राज्य सेविका सहायिका संघ झारखण्ड तथा राखी देवी प्रदेश महासचिव झारखण्ड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ झारखण्ड मुख्य रूप से भाग ले रही हैं। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए बनी कमिटी के अमला देवी,सीता देवी, द्रोपदी देवी,नीलू कुमारी, तरनूम खातुन,चंचला कुमारी, रिन्ता कुमारी,सोनी देवी, सुषमा द्विवेदी सहित सभी परियोजनाओं के सेविका सहायिका द्वारा लगातार उक्त कार्यक्रम में शामिल होने हेतु जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है।

### मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी को लेकर बीएलओं को मिला प्रशिक्षण

**हरिहरगंज।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर निर्वाचन पदाधिकारी वासुदेव राय ने राष्ट्रीय मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की तैयारी एवं बीएलओ की भागीदारी बढ़ाने को लेकर प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण के दौरान सीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी वासुदेव राय ने प्रखण्ड के सभी बीएलओ के साथ जानकारी साझा करते हुए कहा कि मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। इसके तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक और युवतियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हैं।

# संसदीय मंडल रेलवे समिति की बैठक में सांसद ने उठाये कई मुद्दे

**मेदिनीनगर।** दिनांक 7 जुलाई को सांसद विष्णु दयाल राम धनबाद मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय में आयोजित संसदीय मंडल रेलवे समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार एवं अन्य रेलवे पदाधिकारी, सांसदगण उपस्थित थे। उक्त बैठक में श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डालटनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा देने, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का रजहारा स्टेशन पर ठहराव, शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का मेराल स्टेशन पर ठहराव, बरवाडीह चुनार पैसेन्जर का पुनः परिचालन,पलामू को पुराने समय सारिणी के अनुसार चलाने,उक्त ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:30 बजे पहुँचती थी और लोगों को इस ट्रेन से यात्रा करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती थी बल्कि पटना जाने के लिए इससे बेहतर कोई ट्रेन नहीं थी। परंतु परिवर्तित समय सारणी के अनुसार अब यह ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पर रात्रि 12:05 बजे पहुँचती है। सचेत होकर टिकट नहीं कटाने के चलते पूर्व की तारीख का टिकट कटा लेते हैं जबकि तारीख बदल गयी रहती है और इस प्रकार वह टिकट उक्त बदली तिथि को यात्रा करने के लिए अमान्य हो जाता है। इसके अलावा रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन को तीन दिनसे चार दिन करने एवं उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डालटनगंज स्टेशन पर देने, रांची से गोरखपुर एक नई ट्रेन चलाने या बंद ट्रेन को पुनः चालू करने जैसी कई बातों को रखा। साथ्र ही बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन का निर्माण, गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटगंज स्वीकृत नई रेलवे लाईन का निर्माण व लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड, पलामू जिला, पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड, पलामू जिला, सोनपुरवा-गढ़वा जिला,अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला,बुढ़वापीपर- डालटनगंज सदर, पलामू जिला, बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला, कुम्भी- मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला में एलएचएस के निर्माण के मसले पर भी चर्चा की।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता व्यक्ति मुकेश कुमार उर्फ अश्विनी कुमार मिश्रा, उम्र–38 वर्ष)



मेराल थाना सनहा संख्या–18/23, दिनांक–03.07.2023, में लापता व्यक्ति मुकेश कुमार उर्फ अश्विनी कुमार मिश्रा, उम्र–38 वर्ष, पिता–दिनेश मिश्रा, सा0–दलेली, पो0–ओखरगाड़ा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड का रहने वाला है। जिससे दिनांक–08.03.2023 को मोबाईल नं0–9371214397 के द्वारा बात–चीत हुआ, जो बन्द आ रहा है। उक्त गुमशुदा व्यक्ति का उनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति मुकेश कुमार उर्फ अश्विनी कुमार मिश्रा, उम्र–38 वर्ष, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– मुकेश कुमार उर्फ अश्विनी कुमार मिश्रा,
उम्र– 38 वर्ष,
रंग– गोरा, चेहरे पर हल्की दाढ़ी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 301668 Police (23-24)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

**(लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष)**



मेराल थाना सनहा संख्या–16/23, दिनांक–03.07.2023, में लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–गुड्डू भुईहर, सा0–लखेया, पो0–बाना, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड की रहने वाली है। जो दिनांक–01.07.2023 को अपने पति–गुड्डू भुईहर को यह कह कर घर से निकली की गढ़वा काम करने के लिये जा रहे है। शाम को घर वापस नहीं लौटने पर इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–गुड्डू भुईहर, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– प्रतिमा देवी,
उम्र– 20 वर्ष,
रंग– सावला,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– हरा रंग की साड़ी, लाल रंग का हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.301666 Police(23-24):D

## साहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)
(नगरपालिका निर्वाचन 2023)
Email - dprogarhwa84@gmail.com

**आम सूचना**

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 472 दिनांक – 02.06.2023 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2023 के तहत गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर पंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदात सूची के **अंतिम प्रकाशन** दिनांक – 06.07.2023 को किया गया है। मतदाता सूची सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा – वार्ड कार्यालय/नगर परिषद कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड कार्यालय/अनुमंडल कार्यालय/जिला पंचायत राज कार्यालय में रखी गई है, जिसका अवलोकन (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक की अवधि में एवं गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर किया जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 301664 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

## जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं०– 10 रा० (वि०) दिनांक–14.06.2023 द्वारा "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का विवरण निम्नवत है :–

**1. दो दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान पर | 75% अनुदान पर | कुल | 90% अनुदान | 75% अनुदान |
| i | दो दुधारू गाय/भैंस वितरण | 1,35,050/- | 85 | 240 | 325 | 1,21,545/- | 1,01,287.5/- |

**2. कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 75% अनुदान पर | 50% अनुदान पर | कुल | 75% अनुदान | 50%अनुदान |
| i | पाँच दुधारू गाय/भैंस वितरण (मिनी डेयरी) | 3,37,625/- | 15 | 55 | 70 | 2,53,218.5/- | 1,68,812.5/- |
| ii | दस दुधारू गाय/भैंस वितरण (मिडी डेयरी) | 6,75,250/- | 14 | 10 | 24 | 5,06,437.5/- | 3,37,625/- |

**3. चैफ कटर का वितरण एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान पर | 75% अनुदान पर | कुल | 90% अनुदान | 75%अनुदान |
| i | विद्युत चालित चाफ कटर | 20,000/- | 10 | 12 | 22 | 18,000/- | 15,000/- |
| ii | हस्त चालित चाफ कटर | 8,000/- | 120 | 120 | 240 | 7,200/- | 6,000/- |
| iii | मिल्किंग मशीन | 1,20,000/- | 25 | 30 | 55 | 1,08,000 /- | 90,000/- |
| iv | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 42 | 75 | 117 | 22,500/- | 18,750/- |
| v | पनीर एवं खोया मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 10 | 10 | 20 | 90,000/- | 75,000/- |
| vi | डीप बोरिंग | 1,00,000/- | 20 | 15 | 35 | 90,000/- | 75,000/- |
| vii | काउ मैट | 5,200/- | 7 | 12 | 19 | 4,680/- | 3,900/- |
| viii | संतुलित पशु आहार (प्रति किलोग्राम) | 24/- | 160000 kg | 210000 kg | 370000 kg | 21.6/- | 18/- |
| ix | एरिया स्पेसिफिक मिक्सचर/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर (प्रति किलोग्राम) | 120/- | 3000 kg | 4000 kg | 7000 kg | 108/- | 90/- |
| x | शीतवर्धक सप्लीमेंट (प्रति किलोग्राम) | 60/- | 400 kg | 700 kg | 1100 kg | 54/- | 45/- |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–**

- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/ अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

(i.) ग्रामप्रधान
(ii.) मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर)
(iii.) JMF का प्रतिनिधि
(iv.) दुग्ध मित्र।

- लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति, दोनों से कोई एक द्वारा किया जायेगा।
- लाभुकों के चयन के साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किया जायेगा।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/ दिव्यांगता/ विधवा/ 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/ घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/ पंचायत समिति सदस्य/ जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/ आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- योजनान्तर्गत पशु पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–

(i.) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/ शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
(ii.) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
(iii.) GeM Portal से।
(iv.) NDDB से।

- विगत पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरान्त दिया जाएगा।
- यह कार्यक्रम ए0पी0एल0/बी0पी0एल0 वर्ग के सभी महिला–पुरूष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है।
- योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी0पी0एल0 कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- योजनान्तर्गत पशु/ पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तद्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/ पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :– अधिक जानकारी जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार/प्रखंड पशुपालन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निवेदक:–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.301678 Animal Husbandry(23-24):D

**NEWS इन ब्रीफ**

### पाटन छतरपुर विधानसभा में दलाल तंत्र हावी : अजीत

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की ओर से कुशवाहा महासभा भवन में प्रेस वार्ता के दौरान महासभा पलामू जिला के अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता ने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा में दलाल तंत्र हावी हो गया है। उन्होंने वर्तमान विधायक पुष्पा देवी और उनके पति मनोज कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जाति आधारित ओछी राजनीति की जा रही है। कुशवाहा समाज की उपेक्षा की जा रही है। विधायक प्रतिनिधि बनाने का आश्वासन देने के बावजूद उनके द्वारा इस पर कोई पहल नहीं की गयी। यहां तक कि वर्तमान विधायक और उनके पति पूर्व सांसद मनोज कुमार अपने कार्यकताओं से गलत बयानबाजी करवा रहे हैं, जो निंदनीय है। इस मौके पर कुशवाहा समाज के संगठन सचिव सुनील कुमार कुशवाहा, मेदिनीनगर नगर अध्यक्ष नंदकिशोर मेहता, सचिव टाइगर रोशन मेहता, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा अध्यक्ष रिंकू मेहता, उपाध्यक्ष विश्वनाथ मेहता, भाजपा के ओबीसी पलामू जिला कार्यसमिति सदस्य विनेश्वर महतो, प्रेम मेहता, चिंटू मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्व. दिनेश सिंह की मनी पुण्यतिथि

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के नहर मोड़ स्थित समाजसेवी स्व. दिनेश सिंह की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुट्टू सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि दिवंगत दिनेश सिंह सामाजिक विचारधारा से जीवनकाल में जुड़े रहे। उनका निःस्वार्थ भाव से गरीबों की सेवा सतत याद किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन मंडल अध्यक्ष भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। उधर इनकी पुण्यतिथि पर भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, रणविजय सिंह व युवा कार्यकर्ता विरेन्द्र कुमार सिंह, राजद नेता विनय सिंह यादव, प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने उनके प्रतिमा पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

# विश्रामपुर प्रखंड परिसर में दिव्यांग शिविर का होगा आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** 10 जुलाई को विश्रामपुर प्रखंड परिसर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने आज अपने कार्यालय से पत्रकारों को दी। बीडीओ ने बताया कि इसके लिए जिला में टीम बन चुकी है। वहीं दस जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित सीएचसी पदाधिकारी डॉक्टर सलमान अहमद की भी मौजूदगी रहेगी। जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु आहर्ता रखने वाले आवेदक आवेदन कर सकेंगे।

# राजद नेता ने उठाया शहर में यातायात व्यवस्था का मामला

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घूरा ने मुख्यमंत्री जन शिकायत केंद्र में आवेदन देकर कहा है कि मेदिनीनगर शहर में भारी मालवाहक वाहन का बेधड़क आवागमन होने से शहरी क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके वजह से शहर की पूरी यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा है कि शहर की विभिन्न सड़कों पर टेंपो चालक मनमाने ढंग से सड़क पर ही टेंपो लगाकर




यात्री को उतारते चढ़ाते रहते हैं,जिसके वजह से शहर में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। शहर में विभिन्न राज्यों से बड़े-बड़े मालवाहक वाहन शहर में प्रवेश कर जहां-तहां वाहन को खड़ा कर देते हैं।जिसके वजह से राहगीरों को पैदल आने जाने में समस्या हो रही है। विश्वनाथ राम घूरा ने जनहित के लिए मांग किया है कि मेदिनीनगर शहर में मालवाहक वाहन का नो एंट्री सुबह 5:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक की जाए। ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके।

## बाजार से स्थान बदलने के मसले पर

# प्रशासन व भाकपा नेताओं ने किया बाजार क्षेत्र का निरीक्षण

### अन्य व्यवसाई वर्ग आपस में सामंजस्य बनाकर दुकान करें ,जिससे आपसी भाईचारा बना रहे: जिला सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सत्तार सेठ चौक से लेकर विष्णु मंदिर से आगे जाने वाली सड़क एवं कनीराम चौक तक शुक्रवार की सुबह 7:00 बजे के करीब नगर आयुक्त, शहर थाना प्रभारी के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, सोनू सिद्धकी सहित सैकड़ों थोक व्यवसाई वर्ग ने शहर का निरीक्षण किया। जिसमें नगर आयुक्त से वार्ता भी हुई। जिला सचिव तिवारी और व्यवसाई वर्ग ने नगर आयुक्त से वार्ता



करते हुए कहा कि सड़क के किनारे सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक व्यवसाई अपनी दुकान लगाकर बाजार करते हैं। इसमें किसी तरह से आम जनता को कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़ रहा। कुछ चुनिंदा लोग मेदिनीनगर नगर निगम में अनाप-शनाप बातें करके धार्मिक रंग देने में लगे हुए हैं। जबकि व्यापारी का कोई धर्म नहीं होता व्यापारी सिर्फ व्यापारी होता है और मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा इस बाजार क्षेत्र का करोड़ों रुपया का टेंडर पहले से ही निकल चुका है। जिसका टैक्स भी सभी व्यवसायी दे रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में अन्य व्यवसाई वर्ग आपस में सामंजस्य बनाकर दुकान करें जिससे आपसी भाईचारा बना रहे। नगर आयुक्त ने भी सुबह भ्रमण करने के दौरान इस बात को स्वीकारा कि इससे आम पब्लिक को कोई परेशानी नहीं है। भ्रमण करने के बाद नगर आयुक्त ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि अभी हम मुआयना करेंगे और उसके बाद कोई निर्णय लेंगे। तब तक थोक व्यवसायियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी दिक्कत नहीं होगी। सुबह भ्रमण के दौरान गौस मोहम्मद, सुरेश ठाकुर, मृत्युंजय तिवारी चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया, उमेश सिंह चेरो,नसीम राइन, सलीम अली, विक्की खलीफा, आरिफ अली बिहारी अनवर, कुर्बान अंसारी लड्डू राइन सहित सैकड़ों व्यवसाई उपस्थित थे।

## पाटन में किसान मित्रों की बैठक की गई

**पाटन।** प्रखंड सभागार में किसान मित्रों की बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष अजय सिंह ने की। बैठक में प्रखंड के किसान मित्र उपस्थित हुए। इस बैठक में एटीएम विनय कुमार ने बताया कि पीएम किसान के लाभुकों को ईकेवाईसी, लैंड सिडिंग, कृषि ऋण से संबंधित माफी योजना, केसीसी फॉर्म भरने तथा बैंक से लौटाए गए फॉर्म में सुधार कर पुनः जमा करने, बाजरा ज्वार मडुवा की खेती कराने के निर्देश, तथा धान बीज का वितरण सुचारू रूप से कराने के बारे में कृषक मित्रों को बताया। बैठक में अविनाश कुमार सिंह, मुकेश सिंह, सुधांशु कुमार, अनिरुद्ध मेहता, संतोष तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, कमलेश सिंह, अमरनाथ सिंह, कमलेश मेहता, अरविंद सिंह समेत किसान मित्र मौजूद थे।

## सड़क किनारे पैदल पथिक नालों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर नगर पंचायत सभागार में न० पं० प्रशासक सह कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में सभी नगर कर्मियों के साथ बैठक की गई। जिसमें सड़क किनारे बने पैदल पथिक नालो को अतिक्रमण मुक्त करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक थमाकोल की बिक्री करने वालों एवं उपयोग करने वालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने के विषय पर चर्चा की गयी। इस मौके पर श्री बेदिया ने बताया कि नगर के मुख्य पथ एनएच 98 के किनारे पैदल पथिक नालो को स्थानीय दुकानदारों द्वारा ज्यादातर जगहों पर अतिक्रमित कर उस पर बिक्री के लिए सामान रखते हुए देखा जा रहा है। जिससे पैदल आने जाने वाले लोगों का मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। ऐसे में उन्हें निर्देशित किया जा रहा है कि यथाशीघ्र उसे खाली कर दें अन्यथा उनके सामान जप्त कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक थमाकोल की उपयोगिता तथा बिक्री करते हुए लोगों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्य के लिए टीम गठित कर जल्द ही छापेमारी की जाएगी। इस बैठक में नगर प्रबंधक जितेश कुमार, सीएलटीसी कार्नेलियस इंदवार, कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर प्रदीप उरांव, सफाई सुपरवाइजर पिंकू कुमार, सहित नगर पंचायत के बहुत से कर्मी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट आवार्ड समारोह में सुनील को मिला सम्मान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में बीएचडब्लू के पद पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी सुनील कुमार मेहता को रांची में आयोजित उत्कृष्ट आवार्ड समारोह में प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।सुनील कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा में बेहतर कार्य करने में मुझे सम्मानित किया गया।यह गर्व की बात हैं। इनके सम्मानित होने पर प्रभारी उपाधीक्षक दीपक कुमार सिन्हा, डॉ.पीएन सिंह, राहुल कुमार, अमीत कुमार सिंह, बलराम सिंह, आनंद सिंह सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ में हुई सड़क दुर्घटना में तीन घायल




नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** मेदिनीनगर मुख्य पथ के गजबोर में शुक्रवार की दोपहर लगभग 3:00 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें एक बाइक पर सवार बच्चे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक पर सवार तीनों लोग पांकी की ओर जा रहे थे। इसी बीच अचानक सड़क पर एक गाय दौड़ गई, जिससे बाइक गाय से जा टकराई व यह घटना हो गई। घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी भेजा गया, घायलों की पहचान बसरिया गांव निवासी सिकंदर कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष सरिता देवी उम्र लगभग 20 वर्ष व मिथिलेश कुमार उम्र लगभग 8 वर्ष है,जिनका प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी में किया गया व गंभीर रूप से घायल मिथिलेश कुमार को बेहतर इलाज हेतु मेदनीनगर रेफर कर दिया गया।

# जन कल्याण ट्रस्ट चलायेगा पौधरोपण व रक्तदान कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय कार्यालय एमपी भवन में शुक्रवार को ट्रस्ट पदाधिकारी का बैठक संपन्न हुआ बैठक में ट्रस्ट संरक्षक स्वीटी सिंह अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे सचिव रणजीत रंजन केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी संगठन सचिव नंदलाल दुबे सदस्य संतोष दुबे मिथिलेश दुबे बंटी गुप्ता रीना देवी कुंती देवी सुनीता कुमारी द्वारा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि संगठन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है 9,7,2023



दिन रविवार समय 11:00 बजे पलामू जिला की रक्षा वाहिनी जिला समादेष्टा कार्यालय पलामू में वृक्षारोपण का कार्य किया जाना तय है। साथ ही उन्होंने अभी कहा कि 14- 07-2023 को दिन शुक्रवार को स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक में आयोजित किया जाना है संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों से अपील किया कि सभी सदस्य समय से पहुंचकर यह दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे संगठन नंदलाल दुबे ने बताया कि दोनों कार्यक्रम की तैयारी लगभग हो चुकी है।

## सीयूईटी के खिलाफ आइसा ने एनपीयू का किया घेराव

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय में घेराव कर छात्रों के निम्न प्रमुख सवालों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। आइसा के नेतृत्व में छात्र जीएलए कॉलेज से मार्च करते हुए एनपीयू कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किये। छात्रों का प्रदर्शन 3 घंटे तक चला। एनपीयू में सीयूईटी को खारिज किया जाए,समय पर शैक्षणिक सत्र का संचालन किया जाए , नवनिर्मित जीएलए,महीला कॉलेज हॉस्टल खोलने की गारंटी यथाशीघ्र किया जाए,महिला और जेएस कॉलेज में यूजी, पीजी में सभी विषयों का पढ़ाई जारी की जाए, सहित अन्य मांगों को लेकर विश्वविद्यालय छात्रों ने घेराव किया था। घेराव के दौरान छात्रों के बीच एनपीयू वीसी पहुंचकर छात्रों को संबोधित करते हुए आश्वाशन दिये कि छात्रों की मांग जायज हैं। नामांकन के लिए सीयूईटी की बाध्यता खत्म रहेगी, छात्र छात्राएं चांसलर पोर्टल से नामांकन करें। समय पर सत्र संचालित के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि हॉस्टल को जांच कर जल्द खोला जाएगा। आईसा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का समर्थन छात्र नेता अभिषेक कुमार और कौशल कुमार ने किया। मौके पर मौजूद आइसा राज्य के सचिव त्रिलोकी नाथ, राज्य अध्यक्ष तरुण राज, जिला अध्यक्ष गुड्डू कुमार, जिला सचिव गौतम, प्रमंडल प्रभारी, रंजित सिंह चेरो, जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय दांगी,इजहार हैदर, पाटन अध्यक्ष ममता कुमारी, हॉस्टल इंचार्ज चिंता, माया , पूजा , कंचन ,तनय प्रकाश, मिनत प्रवीण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचायेंगे: बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड में प्रखंड एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश पाठक मिथिलेश कुमार सिंह विद्या सिंह चेरो उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रखंड प्रभारी अजय साहू ने किया।जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंचायत के बाद सभी बूथ में कमेटी बनाने का शुभारंभ किया जाए। पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष लोगों के बीच में जाकर केंद्र सरकार की नाकामियों को बताने का काम करें। भाजपा की मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से विफल साबित हुआ है । जिन मुद्दे एवं आश्वासन पर वह सत्ता पर काबिज हुए थे वह अधूरा रह गया है। दरअसल प्रधानमंत्री और उनके टीम ने एक सुनिश्चित तरीके से इंटरनेट मीडिया के जरिए अपनी खुद की एक छवि गढ़ी थी। लेकिन वर्तमान में उनकी बनावट की छवि को ध्वस्त होते देश देख रहा है। सभी मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार विफल साबित हुई है। जनता जान चुकी है, जनता पहचान चुकी है।

# विद्युत आपूर्ति के लिए व्यास राम ने सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा पंचायत के ग्राम मैरा में बिजली आपूर्ति के लिए सहायक विद्युत अभियंता (र.ऊ ड.)दामोदर मिश्र को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व्यास राम चौरसिया सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति करने एवं ग्राम मैरा सहित नरसिंहपुर पथरा पंचायत में सभी जगह जर्जर विद्युत तार को बदली करने की मांग की। व्यास राम चौरसिया ने बताया कि कुछ माह पहले ही जमीन पर गिरे हुये तार की चपेट में आने से प्रमोद प्रसाद जी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। जर्जर तार से अभी भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने सहायक विद्युत अभियंता



को बताया कि ग्राम मैरा में लगभग दो ढाई वर्षो से विद्युत आपूर्ति बंद है, जिससे ग्रामवासियों को आज भी अंधेरे में रहना पड़ रहा है। विद्यार्थी अध्यापन कार्य करने, मोबाइल चार्ज करने जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। विद्युत आपूर्ति के अभाव में ग्रामवासी काफी प्रभावित हो रहे हैं। पहले विभाग द्वारा कहा जाता था कि विद्युत बिल बकाया है इसलिए विद्युत आपूर्ति बंद है। इस विषय को व्यास राम चौरसिया ने अपने संज्ञान में लिया। विद्युत बिल भुगतान करने के लिए उन्होंने काफी लाभार्थियों को जागरूक तथा प्रेरित किया। मैरा गांव के वार्ड सदस्य नंदकिशोर चौधरी सहित ग्रामवासियों ने भरपूर सहयोग किया। फलतः जून माह तक 80% विद्युत लाभार्थियों ने अपना बकाया विद्युत बिल पूर्ण रूप से भर दिया है। इसलिए शीघ्र विद्युत आपूर्ति हेतु व्यास राम चौरसिया ने सहायक विद्युत अभियंता से मिलकर मांग की।उन्होंने कहा कि सभी बातों को सहायक विद्युत अभियंता ने गंभीरता पूर्वक सुना और अपने संज्ञान में लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही ग्राम मैरा में विद्युत आपूर्ति चालु कर दी जायेगी।

## किसान हित में कार्य नहीं कर रही हेमंत सरकार: धर्मेंद्र

नवीन मेल संवादाता

**मेदिनीनगर।** पूरे अषाढ़ माह बीत जाने के बावजूद भी पंडवा के किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध नहीं कराया गया। यह किसानों के साथ झारखंड सरकार के सौतेला व्यवहार को दर्शाता है, उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाठक ने कही। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होने कहा कि पिछले वर्ष पलामू जिला सुखाड़ के चपेट में था। किसानों के पास खाने को अन्न के लाले पड़े हैं तो बोने को बीज कहां से उपलब्ध हो पाएगा। हेमंत सरकार किसानों के



हितैषी नहीं है किसान ज्यादा रेट पर बीज लेकर बोने को विवश हैं। कहा कि कृषि विभाग का पूरा तंत्र फेल है। जिससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी समय है किसानों को जल्द अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जाए।

# बसपा नेताओ ने भू अर्जन मामले में अनियमितता रोकने की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता एवं बसपा नेता विनोद कुमार सोनी पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त, महोदय जिला पलामू से मांग की है कि एन.एच.ए.आई 75 मौजा पोखरा खुर्द थाना मेदनीनगर,थाना नंबर 205,3जी के तहत घोषित विवरण के अनुसार भू अर्जन की जा रही जिसमें सी.ओ भू अर्जन कर्मचारी एवं अंचल अमीन एवं कर्मचारी द्वारा बड़े पैमाने पर धारा 3जी के अंतर्गत जमीन धारक से अवैध वसूली के लिए गड़बड़ी कर परेशान करने के संबंध में कहना है कि मौजा पोखरा खुर्द थाना डाल्टेनगंज,थाना न.205, 3जी के तहत घोषित विवरणी के अनुसार भू अर्जन किया जा रहा हैं। जिसमें सीओ, भू अर्जन कर्मचारी, अंचल अमीन एवं कर्मचारी द्वारा बड़े पैमाने पर मिली भगत कर अवैध वसूली के लिए आम जनता को गुमराह और परेशान किया जा रहा है। भू अर्जन के दौरान संबंधित विभाग द्वारा जमीन का दौरा किया गया था। ग्रामीण जनता अपनी जमीन के मापी के दौरान कर्मचारी एवं अमीन को ऑनलाइन रसीद एवं कागजात दिया था उसे नजरअंदाज कर अवैध वसूली के लिए कागजात को दरकिनार करते हुए गलत तरीके से जमीन का अधूरा विवरण तैयार किया गया है जिसके कारण ग्रामीण जनता परेशान होकर संबंधित विभाग का चक्कर लगा रही है एवं एनएच रोड बनने में भी कुछ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों बाधक है।जिसका समुचित निरीक्षण एवं जांच की अति शीघ्र आवश्यक है।

**कार्यक्रम** आयोग के निर्देशानुसार सभी कार्यों को ससमय निष्पादित करने पर बल

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण संपन्न

### प्री रिवीजन एक्टिविटी,रिवीजन एक्टिविटी, डोर टू डोर सत्यापन, बीएलओ एप से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को सफल रूप से क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं बीएलओ को पुनरीक्षण कार्यक्रम में उनके दायित्व के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सभी को प्री रिवीजन




एक्टिविटी,रिवीजन एक्टिविटी, डोर टू डोर सत्यापन, बीएलओ एप से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को आयोग के निर्देशानुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सभी कार्यों को ससमय निष्पादित करने पर बल दिया।

### पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सुनी चिरौंजिया पंचायत वासियों की समस्या, कई का ऑन द स्पॉट निदान

# ब्रह्म बाबा स्थान खजुरी में लगेगी हाई मास्ट लाइट, बनेगा सामुदायिक शौचालय

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड के चिरौंजिया पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के बघौता गांव, खजुरी स्थित ब्रह्म बाबा स्थान तथा पंचायत भवन चिरौंजिया में मंत्री ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन स्पॉट निदान किया गया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान के लिए मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने ब्रह्म बाबा स्थान खजुरी में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने की घोषणा की। यथाशीघ्र यहां हाई मास्ट स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन एवं शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व में उन्होंने यहां स्ट्रीट लाइट लगाने का वादा किया था, उसे आज पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट वैन चिरौंजिया में भी आयेगा। यहां भी लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायेगा। जनसंवाद में ग्रामीणों ने पेयजल, राशन, आवास, पेंशन आदि की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। उनकी हर समस्या का निदान किया जाएगा। गढ़वा वासियों की हर समस्या दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही कारण है कि वे पदाधिकारियों की टीम के साथ गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं और उसका निदान भी हो रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की बहुत सारी समस्याएं दूर हो चुकी है। शेष बची समस्याओं के निदान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, सामाजिक सुरक्षा निदेशक दिनेश सुरीन, पुलिस इंस्पेक्टर केके साहु, सीडीपीओ, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता, चिरौंजिया मुखिया श्रीकांत दूबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### स्वास्थ्य के क्षेत्र में जुड़ा एक और नया आयाम, मंत्री ने किया मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन

# घर तक पहुंचेगी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

इस्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित इस्माइल ऑन व्हीलस मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम का शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। मंत्री ने सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर मोबाइल हेल्थ यूनिट वैन को रवाना किया। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जिले भर में लोगों को मोबाइल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएगी। जिले के गांव-गांव में लोगों के घर तक पहुंचकर बच्चों एवं पूरे परिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा निशुल्क जांच, इलाज एवं दवा उपलब्ध करायेगी।

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और नया आयाम जुड़ गया है। मोबाइल हेल्थ केयर के माध्यम से गुणवतापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचाया जाएगा। एमएसडी फार्मास्युटिकल के सीएसआर फंड से झारखंड सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से इस्माइल फाउंडेशन के मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम इस्माइल ऑन व्हीलस के तहत जिले के चिन्हित गावों में वंचित आबादी के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को उनके घर के दरवाजे तक जाकर पूरा किया जाएगा। इस वैन के माध्यम से जांच एवं इलाज के अतिरिक्त लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ बड़ी समस्या के लिए लोगों को उचित स्थान पर रेफर किया जाएगा। मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिस गांव में भी यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जाए वहां लोग स्वागत एवं सहयोग करें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह गढ़वा जिले के लिए एक बड़ी पहल है। क्योंकि यह सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाएं संबंधी योजनाओं को ग्रामीण आबादी तक पहुंचाने में मदद करेगी। मैं इस सीएसआर पहल के लिए एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स विशेष रूप से नीलिमा द्विवेदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इसके लिए झारखंड को चुना।

संस्था के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पब्लिक पॉलिसी एंड कम्युनिकेशन नीलिमा द्विवेदी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य मोबाइल हेल्थ केयर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ाना है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी देखभाल पर लोगों की जेब से होने वाले खर्च को कम करना, बीमारियों के प्रति संवेदनहीनता को कम करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वाली आबादी के दरवाजे तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत लोगों को एमबीबीएस डॉक्टर एवं चिकित्सा सहायकों द्वारा ओपीडी सेवा उपलब्ध कराने, परामर्श देकर कल्याणकारी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने, स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, रेफरल सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पतालों के साथ समन्वय कर समुदाय और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य किया जाएगा। इससे लोग सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सीएस डा. अनिल कुमार, डीएस डा. अवधेश सिंह, डीपीएम प्रवीण सिंह, सीओ कुमार मयंक भूषण, स्माइल फाउंडेशन के जनरल प्रोग्राम मैनेजर सतनाम सिंह, संदीप नायक, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनीता दत्त, रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सुबोध सिंह आदि लोग उपस्थित थे।




**इस्माइल ऑन व्हील्स हेल्थ केयर प्रोग्राम**

**परियोजना का लक्ष्य :** 45,000 ग्रामीण लाभार्थियों तक पहुंचना। **टीम की संरचना :** टीम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, नर्स, सामुदायिक मोबिलाइजर और ड्राइवर शामिल हैं। **उपकरण और प्रौद्योगिकी :** स्माइल ऑन व्हील्स मोबाइल मेडिकल यूनिट ऑक्सीजन सिलेंडर, नेब्युलाइजर, ब्लड प्रेशर रेगुलेटर, थर्मल स्कैनर, ऑक्सीमीटर, भ्रूण डॉपलर, वजन मापने की मशीन, टेस्ट किट (मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, यूपीटी आदि को कवर करने वाले) से सुसज्जित है। जीपीएस ट्रैकर और रोगियों का डिजिटल डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली भी उपलब्ध है।

# डीलर पर अनियमितता का आरोप, बदलने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



सगमा प्रखंड के कटहर कला ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुये डीलर को बदलने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर ललन उरांव द्वारा समय पर ग्रामीणों के बीच राशन वितरण नहीं किया जाता है। अंगूठा लगवाने के दो माह बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों के बीच राशन का वितरण नहीं किया गया है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में दया कुमार, रितेश उरांव, लालो देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पुष्पा देवी, पुसुआ देवी, सावित्री देवी, सोशिला देवी, प्रकाश मनी, संगीता देवी, बसंती देवी, सुगनती देवी, गुड़िया देवी, अनिता देवी, ललन राम, देवंती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# विधायक मद की योजना में हुआ फर्जीवाड़ा

### स्थल पर नहीं गिरी मुरम व मिट्टी, निकाल ली गई राशि, किसानों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र के विधायक मद की योजना में फजीर्वाड़ा का मामला प्रकाश में आया है। पथ मरम्मती को लेकर स्थल पर गिरना था सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी व सैकड़ों ट्रैक्टर मुरम, लेकिन आज तक वहां पर ना छटाक भर भी मिट्टी गिरी और ना ही मुरम। वहीं उसके नाम पर विधायक मद की भारी भरकम राशि की निकासी भी कर ली गई। मामला प्रखंड के डंडाई पंचायत स्थित बैला झगड़ा गांव से जुड़ा है।

सुदामा साह व उमाशंकर साह के भंडार मुख्य सड़क से ओम प्रकाश के घर तक मिट्टी मुरम पथ की मरम्मती करनी थी, लेकिन सड़क की मरम्मती की बात तो दूर उक्त सड़क में न एक ट्रैक्टर मिट्टी गिरी और ना ही मुरम। आज भी सड़क बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है, जबकि उसके आगे सड़क का दूसरा पार्ट पिपराहवा आम पेड़ व पीपल तक की जर्जर सड़क को विधायक मद की राशि से ही मरम्मती करा दी गई। उक्त सड़क खासकर खेती गृहस्ती कर रहे किसानों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। किसानों की परेशानी को देख विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा विधायक मद की राशि से उक्त सड़क को दो पार्ट में मरम्मत कराने का काम किया जा रहा था। दूसरे पार्ट की सड़क को मरम्मत हुए महीनों से भी अधिक दिन का समय बीत गया, लेकिन आज तक पहला पार्ट के सड़क मरम्मती कार्य में एक भी ट्रैक्टर मिट्टी और मुरम नहीं गिरना बड़ा सवाल बन गया है। उधर मामले की जानकारी मिलते ही बिना काम कराए राशि की निकासी करने वाले लोगों के खिलाफ किसानों ने विधायक से विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। किसानों ने कहा कि उक्त कार्ययोजना के नाम पर बिना काम कराए ही अभिकर्ता के द्वारा राशि की निकासी कर ली गई है। मामले में कनीय अभियंता वरुण कुमार सिंह से संपर्क करने की काफी कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।



**पहल** | जिला कृषि पदाधिकारी ने की खाद-बीज दुकानों की जांच

# बिना निबंधन के संचालित पायी गयी दुकान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को डुप्लिकेट खाद बीज बेचने की सूचना पर खरौंधी बाजार में खाद बीज दुकान के साथ साथ गोदाम की जांच की। इसमें ओम कुमार खाद बीज दुकान, प्रेम कुमार खाद बीज दुकान तथा अनुज खाद बीज दुकान का नाम शामिल है। शुक्रवार की दोपहर जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद खरौंधी खाद बीज दुकान जांच करने पहुंचे थे। सबसे पहले कृषि पदाधिकारी ने ओम कुमार खाद बीज दुकान की जांच की। जांच में सभी बीज सही पाए, लेकिन कई बीज की सप्लाई डाल्टनगंज से की गई है। वहीं मशीन नहीं खुलने से खाद स्टॉक की जांच नहीं हो सकी। इसके पश्चात प्रेम कुमार खाद बीज दुकान की जांच की गई। दुकान में अजीत धान सीड्स की सप्लाई प्रखंड के अरंगी सुरेंद्र मेहता की दुकान से की गई है, जिसकी पर्ची नहीं होने पर दुकानदार को फटकार लगाई गई। इसके बाद दुकान के गोदाम की जांच की गई। इसके बाद पास के ही एक खाद बीज दुकान की जांच की गई, जिसका निबंधन नहीं होने पर संचालक सहित उसके सहयोगी को फटकार लगायी गयी। साथ ही दुकान को तुरंत बंद करने का आदेश दिया गया। अंत में कंचन खाद बीज दुकान की जांच की गई। उक्त दुकान में तीन किलो का एराइज का 6444 गोल्ड धान का पैकेट पाया। जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद ने बताया झारखंड में एराइज का 6444 गोल्ड का तीन किलो का पैकेट बेचने का परमिशन नहीं है। धान का पैकेट डुप्लिकेट नहीं है, लेकिन दुकान में तीन किलो का पैकेट कैसे है? दुकानदार ने गढ़वा के शांति इंटर प्राइजेज के नाम की पर्ची दिखायी। कृषि पदाधिकारी ने शांति इंटर प्राइजेज के डीलर से बात की तो उसने उक्त दुकान में एक किलो का पैकेट सप्लाई करने की बात स्वीकार की। जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद ने बताया खरौंधी में डुप्लिकेट खाद बीज बेचने की शिकायत पर चार दुकानों की जांच की गई है। एक दुकान बिना निबंधन के संचालित है। वहीं छत्तीसगढ़ का बीज तथा यूपी का खाद बिना परमिशन के बेचा जा रहा है। दुकानदारों पर कार्रवाई की जायेगी।



# कांवरियों का जत्था बाबा की नगरी देवघर के लिए रवाना



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के खूरी गांव से शुक्रवार को कांवरियों का एक जत्था निजी वाहन से बाबा की नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। इससे पहले सभी कांवरिया भगवा वस्त्र धारण कर गांव में स्थित सभी देवस्थान देवी स्थान पर जाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। कांवरियों के जत्थे में खूरी पंचायत के मुखिया पति शह प्रतिनिधि उदय भूइयां, बिरेंद्र सिंह, वीरेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश यादव, गजेंद्र यादव, देव लाल यादव, बलराम पटवा सहित दर्जनों कांवरिये शामिल हैं। कांवरियों ने कहा कि पंचायत के साथ-साथ पूरे चिनिया प्रखंड के लिये बाबा से खुशी व अमन-चैन की कामना करेंगे।

## संक्षिप्त

### सहायक अध्यापक मंत्री आवास का घेराव करेंगे

**गढ़वा।** झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति गढ़वा के तत्वावधान में 9 जुलाई को वेतनमान को लेकर टेट सहायक अध्यापक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव करेंगे। टेट सहायक अध्यापक प्रताप यादव ने बताया कि पलामू प्रमंडल से लगभग दो हजार की संख्या में टेट पास सहायक अध्यापक इस आवास घेराव में शामिल होंगे। इस अवसर पर राहुल टंडवाल, नरेंद्र ठाकुर, विरेंद्र ठाकुर, दिनेश गुप्ता, रवि कुमार, उपेंद्र प्रसाद, अजय गुप्ता एवं समीर कुमार सिंह सहित कई टेट सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

### मैट्रिक-इंटर में बेहतर प्रदर्शन वाले सम्मानित

**मेराल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मेराल इकाई द्वारा शुक्रवार को मेराल हाई स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक तथा इंटर में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद के विश्वविद्यालय संयोजक मंजिल शुक्ला, संगठन मंत्री रमेश त्यागी, विकास चंद्रवंशी शुभम तिवारी, प्राचार्य लालता पटेल, शिक्षक मनोज चौधरी, अनिल ओझा आदि ने की। कार्यक्रम का संचालन सुकूल कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन शुभम तिवारी द्वारा किया गया।

### जन्म-मृत्यु निबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिये पंचायत के सभी मुखिया, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व पंचायत सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, मुखिया फिरदौस अंसारी, मनोज ठाकुर, उषा देवी, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, कार्यालय सहायक अनिल कुमार, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश प्रसाद, सुजीत कुमार यादव, बिनोद ठाकुर, अनूप विश्वकर्मा, अलीम अंसारी, ज्ञान प्रकाश, मुनेश्वर मेहता, अविनाश कुमार सिन्हा, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, पंचायत सचिव बिरेंद्र कुमार सिंह, मुखलाल प्रसाद, कुंदन कुमार, अफसर खान, मदन राम आदि उपस्थित थे।

### 'बसपा की मजबूती के लिए कदम उठाए जा रहे'

**मेराल।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शिवकुमार विश्वकर्मा को बहुजन समाज पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। शिवकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कुमार साव इत्यादि बसपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। शुक्रवार को पत्रकारों के साथ वार्ता के दौरान शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर हुई कार्यशाला

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर विशेष अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव सुदर्शन राम, सुनील कुमार, राजकुमार राम, प्रधान सहायक अभयानंद सिन्हा, जारही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी, तासरार मुखिया मुनिता देवी, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, शिक्षक उदय कांत, अंबिका माझी, अमरजीत राम, अंबिका चौधरी, विनोद यादव, अरविंद कुमार, याकूब अंसारी, संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### जन्म-मृत्यु निबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जन्म-मृत्यु निबंधन सबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, मुखिया प्रमोद कुमार, श्यामसुंदर बैठा, मुंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, कलेंदर पासवान, मंनोरंजन प्रसाद गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, धर्मनाथ पासवान, दीपक सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, दीनानाथ मेहता, धीरेंद्र कुमार, राम लखन राम, विजय सिंह, सुनील पांडे, अमरेंद्र कुमार, शकुंतला देवी, सरिता देवी, रामानंद प्रसाद, अवधेश मिश्रा, राजू साह, जागृति आदि मौजूद रहे।

### बीआरसी में मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित

**केतार।** बीआरसी कार्यालय केतार में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीपीएम रवि कुमार बैद,सीआरपी श्याम किशोर सिंह, प्रधानाध्यापक रामानंदन प्रसाद,विजय कुमार, विरेन्द्र राम,विजय सिंह, अवधेश मिश्रा, देवेंद्र कुमार, शकुंतला देवी, सरिता देवी, अमरेन्द्र आदि मौजूद थे।

### बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के छाताकुड़ गांव में बिजली की अर्थींग की चपेट में आने से दीनानाथ यादव का भैंस की मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान दीनानाथ यादव ने बताया की गुरुवार की सुबह 5.30 बजे भैंस को खेत में चरा रहे थे कि भैस ट्रांसफार्मर के पास चल गयी और बिजली की अर्थींग की चपेट में आ गयी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। भुक्तभोगी किसान ने बताया कि भैंस एक माह बाद बच्चा देती उन्होंने बताया कि इसी भैंस से उनका रोजी रोटी चलता था। बताया कि करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। उन्होंने मुवाबजे की मांग किया है।

### केतार में ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी वितरण

**केतार।** पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में गुरुवार को 2856 मेडिकेट मच्छरदानी का वितरण किया गया। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि आज केतार, केतरी, पंडितपूरा गांव के लाभुकों के बीच मच्छरदानी वितरण किया जा रहा है। मलेरिया एक भयानक बीमारी है जो एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है।

# 'आदिवासी पर सरेआम पेशाब करना भाजपा की मानसिकता को दशार्ता है'

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** जेएमएम प्रखंड कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मध्य प्रदेश में एक भाजपा नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना की निंदा की गई।

कहा कि इस तरह का कुकृत्य करना भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने सरकार से भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला पर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। ऐसा नहीं हुआ तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने की चेतावनी दी। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, आरजेडी नेता श्याम सुंदर यादव, मनोज यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, नागदेव उरांव, केंद्रीय सदस्य सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मो. इमरान, शंकर उरांव, राजेश यादव, परमेश्वर गंजू, संजय उरांव, त्रिवेणी साहू, मोहम्मद अरशद सहित कई महागठबंधन के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## आदिवासी व्यक्ति पर मूत्र त्याग की घटना की निंदा, सीएम व पीएम का पुतला फूंका

# मप्र पेशाब प्रकरण के विरोध में गठबंधन का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी युवक पर भाजपा नेता द्वारा पेशाब किए जाने के विरोध में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में कांग्रेस समेत महागठबंधन विपक्षी पार्टियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। इससे पहले विरोध कार्यक्रम की शुरुआत पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर से की गई।

विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए भाजपा को आदिवासी विरोधी सरकार बताया गया। मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, जिला प्रतिनिधि पंकज तिवारी, राजद के प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जयप्रकाश रजक, राजद के प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, झामुमो नेता शशि भूषण तिवारी, अनिल कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी, प्रेम सिंह, विक्टर करकेटा, दुखन सिंह, प्रेम सिंह, आलोक सिंह, अजित कुमार, सुरेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह, बुधदेव सिंह, मुकेश सिंह, जगनारायण माली, अमन गुप्ता, अवधेश मेहरा समेत विपक्षी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



## गरीब किसान का घर तोड़ा, वृद्ध मिट्टी की दीवार से दबकर घायल

# बल बल में जंगली हाथियों के समूह ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** वन क्षेत्र के बल बल ग्राम में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान मुरपा पंचायत के बड़का बलबल ग्राम में बृहस्पतिवार अर्ध रात्रि जंगली हाथियों ने घर को ध्वस्त कर दिया एवं घर में सोए 64 वर्षीय रमेश भगत के ऊपर दीवार गिरा दिया। इससे वृद्ध मिट्टी के दीवाल से दबा रहा सुबह काफी मशक्कत के बाद वृद्ध की लोग जान बचा पाए।

इतना ही नहीं जंगली हाथियों ने घर में रखे चावल महुआ, आलू ,धान बिहन इत्यादि खा गए एवं घर के बर्तन को भी तोड़ दिया। अब गरीब लघु किसान के पास ना आशियाना रही और ना ही पैसे हैं। ऐसे में यह परिवार बरसात के मौसम में घर से बेघर हो गया है। पीड़ित ने जिला प्रशासन एवं सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं जिला एससी मोर्चा उपाध्यक्ष अमित कुमार को मिलते हीं घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर कुशवाहा ने वन विभाग अधिकारी विजय शंकर शर्मा को लगभग 10 बार फोन लगाया गया पर विभाग के पदाधिकारी ने एक बार भी फोन उठाना ठीक नहीं समझा और ना ही कॉल बैक करने की जरूरत समझी। कुशवाहा ने कहा कि वन विभाग के इस रवैया से सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। सरकार जंगली हाथियों का वर्षों से आ रही समस्या का समाधान करें। नहीं तो आंदोलन करने की चेतावनी दी। बता दें कि उक्त व्यक्ति का घर जंगली हाथियों द्वारा पहले भी एक बार टूट चुकी है। यह दूसरी बार है जब जंगली हाथियों ने गरीब किसान का घर तोड़ दिया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा पीड़ित रमेश भगत, कलावती देवी, पंकज भगत, बलराम भगत, दिलीप भगत, प्रदीप भगत, सुनीता देवी, जसमनी देवी, अक्षय भगत, अजीत भगत, सोनमनी देवी, शांति देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



# अनियंत्रित कोल वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर दतुआ आहार के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में कोल वाहन हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। घटना बीते गुरुवार देर रात की है। घटना की सुचाना स्थानीय थाना को दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आम्रपाली से कोयला लेकर कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच चालक की आंख लग गयी और अनियंत्रित हो हाइवा गांगपुर के दतुआ आहार के समीप पलट गया। मालूम हो कि हाइवा चालक ट्रिप लगाने के चक्कर में तेज रफ्तार से जाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। साथ ही मुख्य सड़क के किनारे गांव के ग्रामीणों को भी दुर्घटना का भय बना रहता है।

# 20सूत्री की बैठक में योजनाओं पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)** इटखोरी प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव व संचलन प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना ने की। बैठक में मुख्य रूप से कई कल्याणकारी योजनाएं के संचालन पर चर्चा करते प्रखंड में चल रही योजनाओं पर मंथन किया गया। साथ ही योजनाओं में व्याप्त त्रुटियों को दुरुस्त करते हुवे कार्यों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश बीस सूत्री अध्यक्ष द्वारा संबंधितों को दिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश दिया गया कि आसपास के बच्चों को केंद्र में नामांकन कर शिक्षा से जोड़े और स्वास्थ्य विभाग में 108 एंबुलेंस की गाड़ी है अगर किसी कारणवश समय से पर ना हो तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का काम है कि मरीज को जल्द से जल्द किसी भी अन्य सुविधा से अस्पताल लाएं।

## संक्षिप्त

### धोती-साड़ी वितरण कार्य का किया शुभारंभ

**बरवाडीह।** प्रखंड के मंगरा पंचायत में शुक्रवार को प्रदेश के महत्वकांक्षी सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच अतिथियों द्वारा धोती साड़ी वितरण कार्य शुरू किया गया। मौके पर स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा साल में दो बार सभी लाभुक कार्ड धारियों के बीच 10 रुपये में धोती साड़ी वितरण किया जा रहा है। प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि साल में दो बार सभी लाभुक कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी देना है। वहीं लाभुकों के पसंद के अनुसार धोती की जगह लूंगी भी वितरण करना है। मौके पर पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी सभी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### कपड़ा व राशन दुकान से हजारों की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बाय मोड़ में संचालित एक कपड़ा व राशन दुकान से अज्ञात चोरों ने बाइट रात चोरी कर ली। इस बाबत दुकान संचालक कोलेश्वर राणा ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि दुकान बाय मोड में संचालित है, जबकि हम सभी परिवार तिलैया गांव में रहते हैं। दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार रुपए के कपड़ा सहित राशन सामग्री की चोरी कर ली है। इधर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### पुलिस ने दर्जनों लीटर महुआ शराब की नष्ट

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने अभियान चलाकर दर्जनों लीटर महुआ का अवैध शराब विनष्ट किया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि निरंतर शिकायत मिल रही थी कि जोगियाडी मोड़ एवं मासियातू मोड़ में सड़क किनारे महुआ शराब बिक रही है और शराबियों का अड्डा बना रहता है। साथ ही राहगीर सड़क किनारे बिक रहे शराब को पीकर दुर्घटना का भी शिकार हो रहे हैं। इसको देखते हुए बृहस्पतिवार देर शाम को अभियान चलाकर उक्त दोनों स्थानों पर दर्जनों लीटर शराब नष्ट किया गया और लोगों को हिदायत दी गई।

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर हुई विशेष बैठक

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मनिका विधानसभा स्तरीय संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सूरीन ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के साथ मनिका विधानसभा के बरवाडीह, मनिका प्रखंड के साथ लातेहार प्रखंड के मनिका विधानसभा सभी बीएलओ, सेक्टर सुपरवाइजर की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह विशेष बैठक का आयोजन किया गया। सूरीन ने कहा कि सभी बीएलओ मतदाताओं के नाम जोड़ने व सुधार में लापरवाही नहीं बरतें। इस बात का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

### प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी उपस्थित रही व उप प्रमुख निशा शाहदेव ने कई बिंदुओं पर जानकारी दी। प्रमुख देवी ने सभी विभागों, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, पशुपालन, बिजली, पेयजल, बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं जेएसएलपीएस के सभी विभागीय कर्मियों से संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं पंचायत समिति सदस्य बारियातु द्वारा नये ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गई। मौके पर बीपीओ रवि यादव, जेएसएलपीएस के प्रखंड कोआर्डिनेटर सुनिल कुमार आदि मौजूद थे।

### मानवाधिकार व लोकायुक्त मामलों की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय, राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग व लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई करें। उप विकास आयुक्त ने उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाने की बात कही। कहा कि कोर्ट के गंभीर व जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में दिया जाए। बैठक में एसी पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ मुमताज अंसारी, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने ली पर्यावरण समिति की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी ली। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा डिस्ट्रिक्ट एनवायर्नमेंट प्लान के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा आदि के प्रबंधन को लेकर जानकारी दिया गया। साथ ही जिला स्तरीय पर्यावरण समिति के सदस्यों को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों से पुनः अवगत कराया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम एवं जिले में फैले कचरे के उठाव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र की ससमय साफ-सफाई के साथ-साथ कचरा का उठाव, डंपिंग, शहरी क्षेत्रों में नाली की सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनरेगा से वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने घरों, सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा खदान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो का सही तरीके से निपटान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए।

# मुआवजे की विसंगतियां दूर की जायेंगी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** एनएच 75 पर होटवाग ग्राम के पास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने ग्रामीणों से बात की। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को एक आवेदन दिया। इसमें उन्होंने बताया कि एनएचएआई के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके एवज में दिए जा रहे मुआवजे की दर में काफी अंतर है। ग्रामीणों का कहना है कि सभी गांव एक दूसरे से सटे हैं फिर मुआवजे में भेदभाव क्यों किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आगे शिकायत की कि साल 2016-17 तक जिस बंदोबस्ती भूमि की रसीदें कट रही थी, उसे बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने उसे ऑनलाइन कराकर रसीद कटाने की मांग की। इसके बाद विधायक ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री व अधिकारियों से बात करने की बात कही। साथ ही कहा कि जो विसंगतियां है उसे दूर किया जायेगा। मौके पर रैयत सह राजद प्रदेश महासचिव लक्ष्मण यादव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव, पूर्व मुखिया गूंजर उरांव, पुलेश्वर कुमार दुबे, मनोज कुमार दुबे, प्रमोद यादव, ज्योति प्रकाश दुबे, प्रभु यादव, संजय यादव, हीरा यादव, श्यामकिशोर दुबे, प्रमोद यादव, बसंत यादव के अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर नेवाड़ी गांव के समीप एक बाइक सवार युवक जानवर को बचाने के क्रम में गिरकर घायल हो गया। घायल युवक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग पंचायत के बुल्हु निवासी राजेश्वर गंझू पिता बुधु गंझू के रूप में हुई है।घटना के बाद सड़क पर गुजर रहे राहगीरों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक के पिता बुधु गंझू ने बताया कि वे दोनों पिता पुत्र शुक्रवार से खस्सी खरीदकर वापस अपने गांव लौट रहे थे।नेवाड़ी गांव के समीप अचानक जानवर सड़क पर आ गए जिसकी वजह से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना का शिकार हो गए।

# डीवीसी ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने सात जुलाई को अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहर के जुबली चौक में होटल कार्निवल में स्थित डीवीसी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीवीसी के तुबेद कोल माइंन के डीजीएम अरविंद कुमार ठाकुर ने डीवीसी का ध्वजारोहण कर किया।

मौके पर संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि यह हम सब लोगों के लिए सुखद पल है। उन्होंने कहा कि डीवीसी खनन के अलावा अपने सामाजिक दायित्वों के निवर्हन के दौरान सामाजिक सरोकार की गतिविधियों को संचालित करती है। मौके पर अधिवक्ता सुनील कुमार ने संबोधित करते हुए डीवीसी के स्थापना दिवस पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि डीवीसी संचालित तुबेद कोल माइन खुलने से क्षेत्र में समृदिध आयी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी तुबेद कोलियरी संचालित करने के लिए कई कंपनियां आयी लेकिन वे सफल नहीं हो पायी, लेकिन डीवीसी ने इस सफल कर दिखाया है। आज तुबेद कोल माइन से कोयले का उत्खनन व परिवहन हो रहा है। मंच का संचालन डीवीसी के एचआर रवि प्रकाश तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि आज से 75 वर्ष पूर्व डीवीसी की स्थापना हुई थी। तब से डीवीसी सामाजिक सरोकार के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। मौके पर पर सीनियर मैनेजर दीपक कुमार, मनोज कुमार, मेडिकल आफिसर डॉ. अलका लकड़ा, जय प्रकाश, राहुल कुमार, अमीत चक्रपानी, उमेश यादव व डेवलेक्टो कंपनी के बलराम पांडेय व विद्युत बेलथोरिया मौजूद थे।



## मिसाल 50 लाख 5 हजार में हासिल किया नाशपाती बगान का टेंडर

# सुशांति देवी महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा

**मोहम्मद शहजाद आलम। महुआंडाड़** झारखंड की रानी कहे जाने वाले महुआ प्रखंड के दर्शनीय स्थल नेतरहाट की आबोहवा सालों भर काफी खुशगवार रहती है। देश विदेश से लोग यहां आते हैं। नेतरहाट की जलवायु नाशापती के फलों के काफी उपयुक्त माना जाता है। इसीलिए यहां पर बड़े स्तर पर नाशपाती का बगान लगाया जाता है। नेतरहाट की नाशपाती बगान से प्रति वर्ष सरकार को लाखों रुपये की आमदनी होती है।

इस वर्ष नाशपाती बगान की नीलामी 50 लाख 5 हजार रुपये में की गयी है। सेक्टर तीन की नीलामी 27 लाख व सेक्टर चार के बगान की नीलामी 23 लाख कुछ रुपये में हुई है। इस तरह से दोनों बगान मिलाकर 50 लाख 5 हजार रुपये में नीलामी हुई है। नीलामी जब भी होती थी तो अक्सर रांची के लोगों के द्वारा लिया जाता था। लेकिन इस वर्ष खास है और खास इसलिए है कि नाशपाती बगान की नीलामी सरनाटोली नेतरहाट के रहने वाली महिला शुशांति देवी के द्वारा ली गई है। ऐसा कार्य कर शुशांति देवी यहां की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले रहीं हैं और कामयाब भी हो रही हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि नेतरहाट स्थित नाशपाती के बगान की नीलामी प्रति वर्ष रांची स्थित संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में संपन्न कराई जाती है।



### 450 एकड़ में लगाए गए हजारों पौधे

कृषि विभाग के द्वारा वर्ष 1982-83 में प्रयोग के तौर पर नेतरहाट में नाशपाती के पौधे लगाये गये थे और यह प्रयोग काफी सफल रहा था। इसके बाद वर्ष 1999 में नाशपाती की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए वृहत रूप में 450 एकड़ भूमि पर नाशपाती के पौधे लगाये गये। वर्ष 2004-05 में इस बगान का विस्तारीकरण किया गया। इन बगानों में हजारों हजार नाशपाती के पौधे लगाए गए। विस्तारीकरण के बाद राज्य का सबसे बड़ा नाशपाती उत्पादक क्षेत्र नेतरहाट बन गया। प्रति वर्ष जुलाइ व अगस्त महीने में प्रति दिन क्विंटलों क्विंटल से नाशपाती के फल पेड़ों से टूटते हैं। यहां के नाशपाती की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। यही कारण है कि इसकी मांग पड़ोसी राज्य बंगाल और बिहार के अलावा महाराष्ट्र एवं दिल्ली में भी खूब है।

# छेचा पंचायत की वार्ड सदस्य अलवंती का देहांत

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेचा पंचायत की चपरी निवासी और निर्विरोध वार्ड सदस्य अलवंती देवी का गुरुवार को लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया। वहीं उनकी मौत की खबर सुन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर समेत कई लोग मौके पर पहुंचे और घटना पर संवेदना प्रकट की। दिवंगत वार्ड सदस्य का दाह संस्कार शुक्रवार को स्थानीय घाट में परिवार के लोगों के साथ साथ भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके पति सतेंद्र पासवान ने दी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि अनिल कुमार, बीकेश सिंह, विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री सागर कुमार, पप्पू पासवान, चंदन पासवान, भीम पासवान, सुरेंद्र कुमार आदि लोग शामिल थे।

### घातक हथियार कार्बाइन, कट्टा, रिवाल्वर, कारतूस, पिट्ठू बैग, माओवादी पर्चा, मोबाइल बरामद

# भाकपा माओवादी के 5 नक्सली गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा पुलिस ने भाकपा माओवादी रीजनल कमांडर 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू के दस्ता के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये नक्सलियों की पहचान सुनील खेरवार, मुन्ना लोहरा, जीवन लोहरा, सुखलाल नगेसिया, समत नगेसिया के रूप में किया गया है। इनकी गिरफ्तारी उग्रवाद प्रभावित इलाका पेशरार व सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों के शाहीघाट, तुरीयाडीह, सेरेंगदाग आदि इलाकों से हुई है। नक्सलियों के पास से पुलिस ने घातक हथियार कार्बाइन दो, देसी कट्टा दो, रिवाल्वर एक, कार्बाइन मैगजीन एक, 9.9 एमएम का जिंदा गोली चार, 8 एमएम का जिंदा गोली तीन, 7.62 एमएम की गोली 73, 30-60 का कारतूस एक, मिस फायर गोली दो, खोखा एक, पिट्ठू बैग, माओवादी पर्चा, चार मोबाइल बरामद किये हैं।

इस संदर्भ में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि भाकपा माओवादी को कमजोर करने को लेकर पुलिस ने सकारात्मक कार्रवाई किया है। पुलिस ने इस दस्ता में शामिल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी सदस्य सुनील खेरवार सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। इस पर एक टीम का गठन कर इलाकों में छापेमारी के लिए भेजा गया था। टीम को इसमें सफलता मिली और पांच नक्सली को गिरफ्तार किया गया। टीम में सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार, सेरेंगदाग थानेदार शेलेन्द्र कुमार, बगड़ू थानेदार पंकज शर्मा, पेशरार थानेदार अख्तर अली, कुलदीप राम, शोभान मुर्मू, नेलशन मिंज, नीरज मिश्र, सवर्ण साहू, सैट, सीआरपीएफ 158 बटालियन व जिला पुलिस के जवान शामिल थे। पत्रकार वार्ता के मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय, सीआरपीएफ अधिकारी अनिल कुमार बर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

#### आगजनी कर दहशत फैलाने समेत कई मामलों में थी तलाश

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार सभी नक्सलियों की तलाश पुलिस को थी। इनकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। इन नक्सलियों ने विगत दिन सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के शाहीघाट-मनहेपाट सड़क में जेसीबी मशीन और मिक्सर मशीन में आग लगाने, वाटर टैंक को नुकसान पहुंचाने सहित दो सड़क निर्माण योजनाओं में पर्चा फेंक कर दहशत फैलाने का काम किया था. जिसके बाद पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। इनके खिलाफ सेरेंगदाग थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस कांड में अज्ञात भाकपा माओ उग्रवादियों द्वारा ग्राम-पुन्दाग में निर्माणधीन पुल के साइट पर लगे दो ट्रैक्टर को आग के हवाले किया गया था। वहीं सेरेगदाग थाने में दर्ज कांड में मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य में लगे संवेदक के मुशी को रास्ते में रोक कर अज्ञात अपराधियों द्वारा जान लेवा हमला किया गया था। सेरेंगदाग थाने में दर्ज कांड में मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को भाकपा माओ उग्रवादियों के द्वारा जला दिया गया था तथा काम बंद करने हेतु रविंद्र गंझू, भाकपा माओ उग्रवादी संगठन के नाम का पर्चा फेंका गया था। उक्त तीनों कांड के उद्भेदन एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

#### गिरफ्तारी में भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारी सम्मानित

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी नक्सलियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी पुलिस पदाधिकारी व सैट के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार, सेरेंगदाग थानेदार शेलेन्द्र कुमार, बगड़ू थानेदार पंकज शर्मा, पेशरार थानेदार अख्तर अली, कुलदीप राम समेत सैट के सभी जवान शामिल हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## कैरो में शुद्ध पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण



**शकील अहमद। कैरो**
कैरो में करोड़ों के खर्च कर शुद्ध पेयजल के लिए लगी जलमीनार मौजूदा समय में अपने उद्देश्यों से भटक गई है। जलमीनार से पानी की आपूर्ति बाधित है। जिस कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जलापूर्ति ठप्प होने का कोई ठोस कारण नहीं बताया जा रहा है,जो उपभोक्ताओं के लिए और भी परेशानी का सबब बनती जा रही है। बीते महीने भी जलापूर्ति की यही स्थिति थी। चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों के समक्ष खाने की फिक्र से ज्यादा पानी की चिंता लगी रहती थी,तब स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों के अथक प्रयास के बाद जलापूर्ति बहाल करा दिया गया था। जिसके बाद फिर एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप है। पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के जुगाड़ में कुछ लोग इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं। कुल मिलाकर कहें तो जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों की गैरजिम्मेदारी और लापरवाही का परिणाम है बाधित जलापूर्ति। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि ग्रामीण जनता को पानी के लिए पैसा चुकाने के बाद भी एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया जा रहा है।

कैरो पंचायत के मुखिया ने बताया कि वार्ड सदस्यों ने लाभुकों से कलेक्शन कर पैसा अपने पास रख लिया है। मैं मांग मांग कर थक गया हूं लेकिन पैसा जमा नही कर रहे है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है जो जनता से पैसा कलेक्शन करने वाले इन लापरवाह व्यक्तियों पर अब तक कोई सख्ती नहीं की जा रही है। विदित हो कि पूर्व जलसहिया के पास भी इसी कार्य के लिए लाभुक जनता से लिए गए प्रति घर 310 रुपये राशि की बड़ी मात्रा अभी तक किस लिए पड़ा हुआ है? क्या उस पैसे से काम करने वालों का मानदेय भुगतान नहीं हो सकता है? सालभर से अधिक समय पहले कैरो बाजार टांड़ के पास पंचायत प्रतिनिधियों एवं आंम जनता की बैठक कर उक्त राशि वापस लेकर संबंधित कार्यों को गति देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

वहीं क्षेत्र में कई हैंडपंप खराब पड़ी हुई है इस खराब हैंडपंप को बनाने के लिए ग्रमीणों द्वारा कई बार अधिकारियों को कहा गया लेकिन कोई फायदा नही नतीजा आप तस्वीर में देख सकते है। हैंडपंप किस तरह जगह की सोभा बढ़ए पड़ी हुई है। ग्रामीण हैंडपंप पार कर दूसरे जगह से पानी लाने को मजबूर है। यह स्पष्ट हो चुका है कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं के प्रति किसी को भी कोई मतलब नहीं है।

# लोहरदगा की समस्याओं से राज्य व केंद्र को अवगत कराएंगे : केके सोन

### आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी पहुंचे लोहरदगा, निर्धारित इंडिकेटर्स की समीक्षा की






**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम व नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने लोहरदगा जिला भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत आकांक्षी जिला के लिए निर्धारित इंडिकेटर्स की समीक्षा की। समीक्षा में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल व स्वच्छता, समाज कल्याण, कौशल विकास, पशुपालन आदि इंडिकेटर्स शामिल थे। समीक्षा के दौरान संयुक्त सचिव ने कहा कि लोहरदगा जिला से बीते 20 वर्षों से नाता रहा है। अभी बहुत कुछ बदल गया है। काफी काम हो रहा है लेकिन काम के साथ-साथ उसकी रिपोर्टिंग भी जरूरी है। काम समयावधि के अंदर निष्पादन करना चाहिए। जो भी काम शुरू किया गया है उसका निरन्तर चलते रहा आवश्यक है। उसकी मोनिटरिंग जरुरी है। प्रतियोगिता का दौर है और जिला को इसमें बने रहना है।

सोन ने कहा कि जिला की जो भी समस्या है उसे राज्य या केंद्र समक्ष रखने का कार्य करूंगा जिससे जिला विकास करता रहे। विकास सिर्फ नाली, सड़क या पानी की उपलब्धता नहीं है बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक विकास ज्यादा जरूरी हैं। ऐसा कार्य करें कि व्यवस्था आगे भी चलती रहे। संयुक्त सचिव ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित विभिन्न इंडिकेटर्स की समीक्षा में कई निदेश दिए। वित्तीय समावेशन में एलडीएम को छात्रवृत्ति राशि हेतु निदेश दिया। वित्तीय समावेशन में अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना के प्रगति की भी समीक्षा की गई।

शिक्षा की समीक्षा में निदेश दिया गया कि बीते 05 वर्षों की तुलना बच्चों के प्राईमरी से अपर प्राईमरी में ट्रांजिशन की स्थिति, अपर प्राईमरी से सेकेंडरी लेवल तक ट्रांजिशन रेट क्या है, इसकी समीक्षा करते हुए कार्य करें। सैचुरेशन 100 प्रतिशत करें। कोई भी बच्चा ना छुटे। विद्यालयों में 100 प्रतिशत टॉयलेट निर्माण उपरांत उसके इस्तेमाल और मेंटेंस पर ध्यान दिए जाने का निदेश दिया गया। सभी विद्यालयों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालयों में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण कराएं। जिला में 05 एकलव्य विद्यालयों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। संयुक्त सचिव द्वारा 03 विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही दो अन्य निमार्णाधीन एकलव्य विद्यालयों में पढ़ाई अगले वर्ष से प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी 100 प्रतिशत पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। एलडब्ल्यूई पथ के प्रस्ताव भेजे जाने और पथ का कार्य पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। उन्होंने सभी प्रज्ञा केंद्रों में बिजली आपूर्ति निर्बाध मुहैया कराने का निर्देश दिया गया।

आकांक्षी प्रखंड किस्को में प्रधानमंत्री आवास योजना 100% पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। गर्भवती महिलाओं में एएनसी कवरेज 100%किये जाने और संस्थागत प्रसव 100% किये जाने का निदेश दिया गया। एएनसी के पश्चात महिलाओं की सतत निगरानी किये जाने का निदेश दिया गया। जिन क्षेत्र के बच्चे कम वजन के हैं उन्हें चिन्हित कर कार्य करने का निदेश दिया गया। टीबी रोग से ग्रसितों की पहचान करने व उनका इलाज किये जाने का निदेश दिया गया। आयुष्मान भारत योजना में लाभुकों द्वारा गोल्डन कार्ड के इस्तेमाल का निदेश दिया गया। साथ ही इस फंड से चिकित्सक की व्यवस्था, अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने का निदेश दिया गया ताकि लोग अपना इलाज लोहरदगा के अस्पताल में करा सकें। फसल बीमा का लाभ किसानों को दिए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला को प्राप्त अवार्ड मनी से किये जा रहे कार्य व तैयार की जा रही कार्ययोजना से संयुक्त सचिव को अवगत कराया।

बैठक के उपरांत संयुक्त सचिव ने किस्को प्रखंड के कोचा ग्राम में एससीए मद से निर्मित बांस हस्तशिल्प केंद्र, औद्योगिक सिलाई केंद्र, प्रखंड परिसर में टिसिया ब्रिकेटिंग प्लांट का मॉडल, पलास मार्ट का स्टॉल, जिला परिषद कॉम्प्लेक्स में संचालित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय, कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण किया और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद लाल समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सम्मान** थाईलैंड में 4 स्वर्ण व 3 रजत पदक पर किया था कब्जा

# पदक विजेता कराटे खिलाड़ी सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
थाईलैंड के बैंगकॉक पटाया में 25 से 28 जून तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर लौटी टीम का शुक्रवार 7 जुलाई को कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह बीडीओ मनोरंजन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 22 जून को प्रतियोगिता में कराटे संघ लोहरदगा के जिला अध्यक्ष सह कोच सेंसई अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले की सात खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें कस्तूरबा आवासीय विधालय कुडू की कुमकूम कुमारी, अनामिका उरांव और रौशनी उरांव, झारखंड आवासीय विद्यालय कैरो की सुनेहा कुमारी, अंजली कुमारी और जूही कुमारी तथा प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्चय विद्यालय कुडू की मरियम परवीन शामिल थीं। सुनेहा, मरियम, कुमकुम और अनामिक ने स्वर्ण एवं रौशनी, जूही और अंजली ने रजत पदक हासिल कर देश राज्य और जिले का नाम रौशन किया था। सभी खिलाड़ियों और कोच अमित सिंह को अधिकारियों ने सम्मानित करते हुए भविष्य में आगे भी देश और जिले का नाम रौशन करने का आशीर्वाद दिया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, कुडू और कैरो आवासीय विद्यालय की वार्डन और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कोच अमित सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत, थाईलैंड, मलेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान सहित कुल छह देश के खिलाड़ी शामिल हुए थे। बीते 22 जून को लोहरदगा से सभी बालिका खिलाड़ियों को जिला उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, सूचना अधिकारी हिनडालको परिवार तथा अन्य ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था।

## सेन्हा में वज्रपात की चपेट में आने से मवेशी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अलौदी पंचायत के रुगड़ी टोली मे तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में किसान फेकू उरांव की मवेशी आ गई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद के माध्यम से विभाग को अवगत कराते हुए किसान ने मुआवजा का मांग की है।

बताया जाता है कि किसान मवेशी को चराने के लिए खेत में ले गया था कि अचानक मौसम खराब हुआ और हल्की बारिश के साथ तेज गर्जन आरंभ हो गया। मौसम को देखते हुए किसान मवेशी को घर आने लगा तभी तेज बारिश के वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आने से एक मवेशी की मौत घटना स्थल पर हो गई। वहीं रामलखन प्रसाद ने कहा कि बरसात के मौसम में किसान मवेशी से खेत जोताई का कार्य आज भी करते हैं। घटना से उस गरीब किसान को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा किन पशु चिकित्सक को इसकी सूचना दिया गया है और उचित मुआवजा की मांग भी किया गया है। जिसे किसान को आर्थिक नुकसान का भरपाई हो सके।

## संक्षिप्त

### कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के संघर्ष को बल प्रदान करने का संकल्प लिया



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मानहानि मामला को लेकर गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा कोई राहत नहीं दिए जाने को लेकर बैठक की गई। तत्पश्चात प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से पैदल मार्च कर शहर के पावरगंज चौक में कांग्रेसियों के द्वारा राहुल गांधी के संघर्ष को बल प्रदान करने हेतु संकल्प लिया गया। इस बीच उपस्थित कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए। ₹राहुल जी संघर्ष करें हम आपके साथ हैं। राहुल जी के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में। संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है, और आगे भी लड़ते रहेंगे। हम राजनैतिक लड़ाई और कानूनी लड़ाई, दोनों लड़ेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे महासचिव शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम दीपक महतो राम जीत उरांव कबीर अंसारी मोहसिन अंसारी फिरोज कुरेशी, गफ्फार अंसारी हदीस अंसारी राधे सिंह मुशर्रफ राजा तौसीफ आलम रौनक एकबाल समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### बीस सूत्री कमेटी की बैठक हुई, दिया निर्देश

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय में सात जुलाई को बीस सूत्री की बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।



सदस्यों ने सबसे पहले भंडरा में पीएचईडी विभाग से 13 करोड़ की लागत से वर्षों पहले निर्मित जलमीनार पानी टंकी को जल्द चालू कराने की मांग की।भंडरा में पानी की समस्या को देखते हुए जगह जगह बोरिंग और भंडरा प्रखंड बस्ती में बड़ा मशीन लगाते हुए सप्लाई पानी समय पर देने की मांग प्रमुखता से की गई। बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि लैम्प्स में खाद बीज सबंधित जानकारी किसानों को नहीं मिलती। इससे किसान सरकार द्वारा दिये गये लाभ से किसान वंचित रह जाते हैं। पिछले दिनों प्रखंड में धान बीज का वितरण किया गया। पारदर्शिता के अभाव में अधिकतर किसान इस सुविधा से वंचित रह गये। बैठक में मनरेगा में बागवानी और बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जानेवाली पोषक तथा गर्भवती महिलाओ को दिये जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। सदस्यों ने क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत करने की बात रखी। इसके अलावे स्वास्थ्य विभाग, केसीसी लोन आदि पर भी चर्चा की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, आपूर्ति पदाधिकारी भीम उरांव, बीएचओ मनोज कुमार, बीईईओ जयनाथ महतो, कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार, बीस सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस, खुर्शीद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### छत का एक हिस्सा गिरा, घर में रहने वाले बचे

**भंडरा।** करपात्री सेवा सदन मसमानो परिसर में स्थित एक पुराना पक्का मकान का छत का एक हिस्सा टूट कर गिर गया। इस हादसे में विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के सदस्य कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी एवं अन्य चार लोग बाल बाल बचे। कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने बताया कि इस मकान में मेरे अलावा 4 सदस्य परिवार भी रहता है। घटना के समय सभी इसी मकान में थे। बारिश हो रही थी। इसी समय मकान का छत का एक हिस्सा गिरा गया। इस दुर्घटना में किसी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई। लेकिन घर में रहने वाले लोग भय के वातावरण में रह रहे हैं। इस मकान का निर्माण लगभग 35 वर्ष पूर्व किया गया था। मकान की स्थिति जर्जर हो गई है।

### 15 दिन से अंधेरे में रह रहे भंडरा कसपुर के लोग

**भंडरा।** कसपुर पहाड़ टोली आकाशी रोड के ग्रामीण 15 दिनों से अंधेरा में रह रहे हैं। कसपुर पहाड़ टोली के बिजली ट्रांसफार्मर की चोरी 15 दिनों पहले हो गई थी इसके बाद से कसपुर पहाड़ टोली में बिजली आपूर्ति बंद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रमिला कुमारी ने बताया कि बिजली के ट्रांसफार्मर की चोरी होने के बाद अभी तक बिजली विभाग के द्वारा किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### एसडीपीओ बीएन सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ की क्राइम मीटिंग, दिया निर्देश



**लोहरदगा।** एसडीपीओ बीएन सिंह ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में क्राइम मीटिंग किया गया । क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा कर कई अहम निर्देश दिया। लोहरदगा जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, गश्ती व वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करने को कहा। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अपराध पंजी में शामिल अपराधियों का डेटा तैयार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। थानेदार से लंबित मामले, शिकायतें व लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट नोटिसों का तामिला आदि की भी समीक्षा किया गए। अवैध माइनिंग के खिलाफ अभियान चलाने, रात्रि गश्ती तेज करने, थाना कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। घंटों चली इस क्राइम मीटिंग में आपराधिक घटनाओं और उससे संबंधित कारवाई पर चर्चा हुई। पुलिस निरीक्षकों व थानेदारों से कहा कि हर हाल में क्राइम कंट्रोल करें। मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, कैरो थानेदार शंखनाथ उरांव, कुरु थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, बगडू थानेदार पंकज शर्मा, किस्को थानेदार पोलीकार्प टोप्पो समेत अन्य मौजूद थे।

# 21 साल की भारतीय छात्रा को जिंदा दफना




**एजेंसी। कैनबेरा**

21 साल की भारतीय छात्रा की उसके एक्स बॉयफ्रेंड ने अपने रिलेशनशिप के टूटने का इतना भयानक बदला लिया कि देखने वालों की भी रूह कांप उठी। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में 21 साल की भारतीय छात्रा से ब्रेकअप का बदला लेने के लिए उसके एक्स बॉयफ्रेंड ने पहले लड़की को किडनैप किया और फिर उसे जिंदा दफना दिया जिसके अगले दिन लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित लड़की की पहचान जसमीन कौर के तौर पर हुई है। वहीं हत्या को अंजाम देने वाला एक्स बॉयफ्रेंड भी भारत से है जिसका नाम तारिकजोत सिंह है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में रहने वाली जसमीन कौर ने हत्या से पहले पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी कि तारिकजोत उनका पीछा करता है लेकिन शिकायत के एक महीने बाद ही मार्च 2021 में लड़की की बेरहमी से हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, जसमीन कौर को 5 मार्च, 2021 को उनके दफ्तर से पहले किडनैप किया गया और फिर उसे एक कार में केबल वायर से बांधकर 400 मील (644 किमी) दूर ले जाया गया जहां हत्यारे तारिकजोत सिंह ने जसमीन के गले को रेता और उसे जमीन में जिंदा दफना दिया क्योंकि तब तक जसनीम की मौत नहीं हुई थी।

## भारतीय कारोबारी ने की पीएम बनने में मदद, प्रचंड की टिप्पणी पर हंगामा, विपक्ष ने मांग इस्तीफा

**काठमंडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की इस टिप्पणी ने नेपाल में हंगामा खड़ा कर दिया है कि यहां बसे एक भारतीय कारोबारी ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का एक बार प्रयास किया था। विपक्ष ने इस टिप्पणी को लेकर प्रचंड के इस्तीफे की मांग की है। प्रचंड ने यह भी कहा कि नेपाल में परिवहन उद्योग से जुड़े अग्रणी कारोबारी प्रीतम सिंह ने नेपाल-भारत संबंधों को मजबूत करने में विशेष और ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। प्रचंड ने रोड्स टू द वैलीः द लैगेसी ऑफ सरदार प्रीतम सिंह इन नेपाल पुस्तक के विमोचन पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए सोमवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, उन्होंने (सिंह ने) एक बार मुझे प्रधानमंत्री बनाने के प्रयास किए थे। प्रधानमंत्री ने कहा, वह मुझे प्रधानमंत्री बनाने के लिए कई बार दिल्ली गए और काठमांडू में नेताओं के साथ कई दौर की वार्ता की। प्रचंड के इस बयान की कई लोगों ने आलोचना की है। मुख्य विपक्षी दलकम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्कसिस्ट-लेननिस्ट) ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा की कार्रवाई को बाधित कर दिया।

## अमेरिकियों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

**एजेंसी। वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसदों और प्रभावशाली भारतीय अमेरिकियों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की घटना की निंदा की है और इस आपराधिक कृत्य'' में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अमेरिकी सांसदों और प्रभावशाली भारतीय अमेरिकियों ने भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के खिलाफ हिंसक बयानबाजी'' की भी निंदा की और कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हिंसा भड़काने अथवा संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का लाइसेंस नहीं है। खालिस्तान समर्थकों ने ट्विटर पर दो जुलाई की तारीख वाला एक वीडियो सार्वजनिक किया जिसमें सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी की घटना दिखाई गई है। इस वीडियो में हिंसा से हिंसा पैदा होती है'' जैसे वाक्य लिखे हैं। इसमें कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत से जुड़ी खबरों को भी दिखाया गया है। निज्जर भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था और उस पर 10 लाख रुपये का नकद इनाम था। पिछले महीने कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (नगर परिषद्, चतरा)**

दुरभाष : 06541-223034(O), 253033(R), 252310(Fax). ई-मेल : dc-cha@nic.in

**-:प्रेस विज्ञप्तिः-**

राज्य निर्वाचन, आयोग, झारखण्ड 'निर्वाचन भवन' के पत्रांक-03नि0/न0-03/2019 रा0नि0आ0-472, दिनांक-02.06.2023 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त दावा/आपत्ति का निराकरण के उपरांत चतरा नगर परिषद् (वर्ग ख) का प्रारूप मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन कर फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन विधिवत् दिनांक-06.07.2023 को सभी अभिहित स्थलों यथा-नगर परिषद् कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं वार्ड से संबंधित मतदान केन्द्रों में कर दिया गया है। साथ हीं चतरा जिले के वेबसाईट (https://chatra.nic.in) पर भी मतदाता सूची (अंतिम) को अपलोड कर दिया गया है।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), -सह-प्रशासक, नगर परिषद्, चतरा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), -सह-उपायुक्त, चतरा।

PR 301691Urban Development(23-24)#D



**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (पंचायत-शाखा)**

**(प्रारुप 16)**

**(नियम 22 (1) देखिए)**

निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशण की सूचना जनसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि नगरपालिका, लोहरदगा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारुप में किए गए संशोधनों की सूची अर्हक तारीख के रुप में 01.01.2023 के संदर्भ में और निर्वाचक रजिष्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार की गई है, और उक्त नामावली की एक प्रति संशोधनों की उक्त सूची सहित प्रकाशित कर दी गई है और मेरे कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

तारीख – 06.07.2023

स्थान – लोहरदगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 301730Lohardaga(23-24)#D


## कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.10 डॉलर यानी 0.13 फीसदी की उछाल के साथ 76.62 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

52वीं औपबंधिक सूची, जिला–पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–32/23<br>2. आवेदक–कबूतरी देवी पति–स्व0 बुद्विनाथ सिंह<br>3. ग्राम–मकरी पोस्ट–मकरी थाना–भवनाथपुर प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–महिला आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–33/23<br>2. आवेदक–मीना देवी पति–स्व0 चुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–बसौरा पोस्ट–बसौरा थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–दोनों हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–34/23<br>2. आवेदक–नरेन्द्र कुमार प्रसाद पिता–मथुरा प्रसाद<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पोस्ट–नरसिंहपुर थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–35/23<br>2. आवेदक–गोपाल राम पिता–स्व0 हरि राम<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पोस्ट–नरसिंहपुर थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–36/23<br>2. आवेदक–उमेष राम पिता–स्व0 रामनन्दन राम<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पोस्ट–नरसिंहपुर थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–37/23<br>2. आवेदक–अयोध्या राम पिता–स्व0 रामराज राम<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पोस्ट–नरसिंहपुर थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष पहचान चिन्ह–ललाट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–38/23<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र राम पिता–नन्दन राम<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पोस्ट–नरसिंहपुर थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–39/23<br>2. आवेदक–महेन्द्र सिंह पिता–पहलु सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ पोस्ट–सलतुआ थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–गाल में बायें ओर मासा का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–40/23<br>2. आवेदक–विश्वनाथ राम पिता–स्व0 मुनेश्वर पासवान<br>3. ग्राम–उरसुला पोस्ट–डिहरिया थाना–विश्रामपुर प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिलवे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–41/23<br>2. आवेदक–विरा सिंह पिता–माणिक चन्द्र सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया पोस्ट–कटुअल थाना–चैनुपर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–42/23<br>2. आवेदक–हकीम अंसारी पिता–रेयाजुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–उरसुला पोस्ट–डिहरिया थाना–विश्रामपुर प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर के जांघ में लहसन का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–268<br>2. आवेदक–राम सुन्दर उरांव पिता–मुंषी उरांव<br>3. ग्राम–हरैया खुर्द पोस्ट–दिपौवा थाना–नावाजयपुर प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–43/23<br>2. आवेदक–जुलेखा पति–स्व0 जन्नत हुसैन<br>3. ग्राम–अररूआ खुर्द पोस्ट–हरिहरगंज थाना–हरिहरगंज प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला आयु–67 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें तरफ गर्दन पर मासा का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–269<br>2. आवेदक–रामदेव उरांव पिता–स्व0 बुधु उरांव<br>3. ग्राम–किसैनी पोस्ट–पाटन थाना–पाटन प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष आयु–79 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–44/23<br>2. आवेदक–फुलमतिया देवी पति–स्व0 चरितर उराँव<br>3. ग्राम–चियांकी पोस्ट–चियांकी थाना–मेदिनीनगर प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला आयु–72 वर्ष पहचान चिन्ह–दोनों हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–398<br>2. आवेदक–कुतुबुद्दीन अंसारी पिता–स्व0 गति मोहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम–नेउरा पोस्ट–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह–सर पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–413<br>2. आवेदक–सुरेश परहिया पिता–बाऊल परहिया<br>3. ग्राम–करमा पोस्ट–सेमरा थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–467<br>2. आवेदक–अजय गुड़िया पिता–स्व0 फागु गुड़िया<br>3. ग्राम–करमा पोस्ट–सेमरा थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–382<br>2. आवेदक–सरफुदीन अंसारी पिता–छठु मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा पोस्ट–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–78 वर्ष पहचान चिन्ह–चेहरे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–345<br>2. आवेदक–मो0 शफीक अंसारी पिता–सरफुदीन अंसारी<br>3. ग्राम–नेउरा पोस्ट–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–118<br>2. आवेदक–कामेश्वर पासवान उर्फ कामेष्वर मांझी पिता–स्व0 रिझु पासवान उर्फ रिझु मांझी<br>3. ग्राम–रजहरा पोस्ट–चान्दो थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–नाक पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–399<br>2. आवेदक–सुर्दशन होरो पिता–स्टीफन होरो<br>3. ग्राम–हिसरा पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह–पेट में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–405<br>2. आवेदक–बेन्जामिन टोपनो पिता–मसिचरण टोपनो<br>3. ग्राम–नावाडीह पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष आयु–80 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के ऊपर मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–403<br>2. आवेदक–मुशनी देवी पति–मोहन कोरवा<br>3. ग्राम–हिसरा पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला आयु–63 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–409<br>2. आवेदक–रोशनी देवी पति–अलियार कोरवा<br>3. ग्राम–हिसरा पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला आयु–61 वर्ष पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–23/23<br>2. आवेदक–हेरमन हेमरोम पिता–स्व0 लौरिन हेमरोम<br>3. ग्राम–हिसरा पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–24/23<br>2. आवेदक–आनंद मसीह हेरेंज पिता–पतरस हेरेंज<br>3. ग्राम–हिसरा पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–आँख के नीचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–25/23<br>2. आवेदक–कुँवारी डोडराय पति–जुग सहाय डोडराय<br>3. ग्राम–गोरे पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–27/23<br>2. आवेदक–इस्लाम मियॉं पिता–जवाहिर मियॉं<br>3. ग्राम–नेउरा पोस्ट–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–71 वर्ष पहचान चिन्ह–सर के बगल में जरगम। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–28/23<br>2. आवेदक–बसन्त हेमरोम पिता–अनिल हेमरोम<br>3. ग्राम–करमा पोस्ट–सेमरा थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–42 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया आँख के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–29/23<br>2. आवेदक–लखन गुड़िया पिता–स्व0 फगुवा गुड़िया<br>3. ग्राम–टेमराई पोस्ट–सेमरा थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया गर्दन पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–30/23<br>2. आवेदक–संजय सिंह पिता–तपेष्वर सिंह<br>3. ग्राम–काचन पोस्ट–रामगढ़ थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह–दांया पैर में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–सुसाना कोनगाड़ी पति–स्व0 नमजन कोनगाड़ी<br>3. ग्राम–गोरे पोस्ट–नावाडीह थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 301713 Home(23-24).D



**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) गुमला।**
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अलसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) राज्य के अन्दर (WS)/ राज्य से बाहर (OS) में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवयक सूचना**

प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा E-Kalyan पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु निर्धारित तिथि।

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | ई – कल्याण पोटल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 02.08.2023 |
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई– कल्याण पोटल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 07.07.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 02.08.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website – ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

PR 301690 (Welfare) 23-24 (D)

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।



**Government of Jharkhand**
**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU**
(District Planning Office)

**Very Very Short-Request for Proposal (RFP)**

District Administration, Palamu, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for MEDICAL EQUIPMENT. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through the website: https://palamu.nic.in and hard copies of the technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before the declared due date.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply and Installations of Medical Equipments in 4 CHC and 2 SDH of Palamu district |
| 2 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 10,000.00/- (Rs. Ten Thousand Only) in Favour of Di strict Planning Officer, Palamu along with the bid documents. |
| 3 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 4,00,000.00 (Four lacs only) |
| 4 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 15.07.2023 Time: 03:00 PM |
| 5 | Date and time of opening of Bid | Date : 15.07.2023 Time : 4.00 PM |
| 6 | Bid submission Place | District Planning Office, Palamu, Block-A, New Collectorate Building, Daltonganj |
| 7 | Bid Opening Place | Meeting Hall, Block-A, New Collectorate Building, Daltonganj |
| 8 | Contact Details | 8987884532 |

PR.NO.301676 Palamu(23-24):D

Deputy Commissioner, Palamu



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)**

दूरभाष (मो०) सं०– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–झानी, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–87
पत्रांक– 419 (C)/भू0अ0, दिनांक– 05.07.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | झानी | 4 | 136 | 0.2799 | टांड़ 1 | 0.2799 | 1 | अखिलेंश्वर पाण्डेय, जनार्धन पाण्डेय, गोवर्धन पाण्डेय | गयादत पाण्डेय वगै0 पिता लोकी पाण्डेय चापाकल–1 |
| 2 | | 5 | 29/2 | 0.1950 | टांड़ 1 | 0.1950 | 2 | शांति देवी पति बैधनाथ पाण्डेय | |
| 3 | | 6 | 27 | 0.1271 | टांड़ 1 | 0.1271 | 3 | शांति देवी पति जयराम पाठक | चापाकल–1 |
| | | | कुल :– | 0.6020 | | 0.6020 | | | |

नोट :–इस कार्यालय के पत्रांक– 73/भू0अ0, दिनांक– 25.01.2023 के द्वारा 3G का प्रकाशन करते हुए 3G के अनुसार मूल्यांकन तैयार कर राशि की मांग NHAI से की गई थी, जिसके पश्चात् NHAI के पत्रांक– 3939, दिनांक– 15.04.2023 के द्वारा निदेशित किया गया की 3A एवं 3D के अनुसार कुल रकबा 2.1191 ए0 का मूल्यांकन हेतू पूर्व में प्रकाशित 3G को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः 3G प्रकाशन कर तैयार किया जाए, जिसका संशोधित 3G तैयार किया गया है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.301766 District(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**
जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**
**ई–निविदा संख्या – 03/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 07.07.2023**

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रमना | RWD/ GARHWA/ 10/2023-24 | ग्राम कर्णपुरा मुख्य पथ से झुरहा बियार टोला तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। (0.900 कि0मी0) | 54.940 | चौवन लाख चौरानबे रूपये। | 10000 | 110000 | तीन महीना |
| 2 | नगर | RWD/ GARHWA/ 11/2023-24 | ग्राम कोलझिंकी में दशरथ प्रजापति के घर से उप स्वास्थ्य केन्द्र होते हुए हरिहर चन्द्रवंशी के सिरिश पेंड़ तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। (0.500 कि0मी0) | 39.915 | उन्चालीस लाख एकानबे हजार पाँच सौ रूपये। | 5000 | 80000 | तीन महीना |
| 3 | केतार | RWD/ GARHWA/ 12/2023-24 | ग्राम परसोडीह में ब्रम्हस्थान से लेकर पंडा नदी पुल तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.600 कि0मी0) | 58.343 | अन्ठावन लाख चौतीस हजार तीन सौ रूपये। | 10000 | 117000 | तीन महीना |
| 4 | केतार | RWD/ GARHWA/ 13/2023-24 | ग्राम सिंहपुर में कोल रोड से बुधन पासवान के घर होते हुए (हरिहर टोला) पंडा नदी तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.680 कि0मी0) | 59.938 | उन्सठ लाख तिरानबे हजार आठ सौ रूपये। | 10000 | 120000 | तीन महीना |
| 5 | काण्डी | RWD/ GARHWA/ 14/2023-24 | ग्राम भंडरिया मुख्य पथ से भीम बराज तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.680 कि0मी0) | 61.157 | एकसठ लाख पन्द्रह हजार सात सौ रूपये। | 10000 | 123000 | तीन महीना |
| 6 | नगर उंटारी | RWD/ GARHWA/ 15/2023-24 | प्रखण्ड नगर उंटारी के ग्राम शिवपुर से होते हुए बभनी तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। | 63.120 | तिरसठ लाख बारह हजार रूपये। | 10000 | 127000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोश्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 27.07.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.07.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 301729 (Rural Work Department)23-24*D

ज्ञान की बात

**हर इंसान में कुछ कमियां होती है लेकिन उन कमियों के साथ कुछ ऐसी खूबियां भी होती है जो जिंदगी के बड़े से बड़े मुकाम को हासिल करवा सकती है। - अज्ञात**

# समस्या का समाधान जरुरी

***झारखंड*** में अंधविश्वास की जड़ें काफी गहरी हैं। यही कारण है कि कभी डासन विसाही तो कभी बाल विवाह जैसी कुरीतियां सभी जगहों पर देखने को मिलती हैं। इस मामले में महिलाओं को प्रताड़ित भी किया जाता है। यह समस्या समाज में वर्षों से है। लेकिन समाज का प्रबुद्ध वर्ग इस पर ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता है। पढ़ा लिखा वर्ग भी इसे गांवों कस्बों या बस्तियों की समस्या मानता है। जहां बेहतर शिक्षा और जागरूकता का अभाव है। अभी एक बात सामने आयी है कि ओझा गुणी को थानों में हाजिरी लगवानी पड़ेगी। दोषी पाये जाने पर जेल भी भेजेगी। अंधविश्वास से प्रेरित घटनाओं को रोकने की दिशा में इसे अच्छी पहल माना जा सकता हैं। हालांकि यह समस्या इतने भर से खत्म नहीं होने वाली है। समाज को इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। जो लोग ग्रामीणों को बरगला कर अपना काम निकालते हैं,ऐसे लोगों की पहचान आवश्यक है। दूसरी तरफ बाल विवाह भी एक बड़ी समस्या है। हालांकि पूर्व के प्रावधानों के आधार पर बीडीओ को बाल विवाह निषेध पदाधिकारी बनाया गया था। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वे पंचायतों, गांवों में चाइल्ड मैरिज केस को रोकने में अहम रोल निभायेंगे। अब सरकार ने इस काम में पंचायत सचिवों को भी लगा दिया है। इतना ही नहीं, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड की ओर से सभी महिला पर्यवेक्षिका, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी सीओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी डीसी और प्रमंडलीय आयुक्त के अलावा समाज कल्याण निदेशक को भी बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर अतिरिक्त रूप से नामित किया है। इस संबंध में विभाग के स्तर से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस दिशा में सकारात्मक पहल होगें। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर समाज कल्याण निदेशक का कार्यक्षेत्र समूचे राज्य भर में होगा। प्रमंडलीय आयुक्त संबंधित प्रमंडलीय क्षेत्र स्तर पर, डीसी संबंधित जिले स्तर पर, जिला कल्याण पदाधिकारी भी संबंधित जिला स्तर पर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। इसी तरह से सभी अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित अनुमंडल क्षेत्र में, सभी सीओ और सीडीपीओ संबंधित अंचलों में, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अपने प्रखंड में, सभी महिला पर्यवेक्षिका अपने क्षेत्राधिकार में और सभी पंचायत सचिव अपने पंचायत क्षेत्रों में बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के तौर पर अपनी भूमिका निभायेंगे। गौरतलब है कि खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड राज्य की गिनती देश के पिछड़ों राज्यों में होती है। झारखंड लंबे समय से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दंश से पीड़ित है। केंद्र सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ है जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 3 प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देश भर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। दूसरी तरफ डायन विसाही के हजारो मामले प्रत्येक वर्ष सामने आ रहे हैं। ऐसे में देखा जाये तो यह दो मामले सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटे बगैर राज्य का विकास संभव नहीं है।

**अभी एक बात सामने आयी है कि ओझा गुणी को थानों में हाजिरी लगवानी पड़ेगी। दोषी पाये जाने पर जेल भी भेजेगी। अंधविश्वास से प्रेरित घटनाओं को रोकने की दिशा में इसे अच्छी पहल माना जा सकता हैं।**

# युवा तुर्क चंद्रशेखर, बागी धरती, तीखे तेवर



रमेश सर्राफ धमोरा



***भारत*** की राजनीति में चंद्रशेखर अकेले ऐसे नेता हैं जो कभी किसी सरकार में मंत्री रहे बिना ही सीधे प्रधानमंत्री बने। युवा तुर्क के रूप में विख्यात चंद्रशेखर ने कांग्रेस में रहते हुए रामधन और मोहन धारिया के साथ मिलकर कांग्रेस में एक जोड़ी बनाई थी। यह जोड़ी उस वक्त अपनी बेबाक राय को लेकर खासी प्रसिद्ध थी। चंद्रशेखर का जन्म 01 जुलाई 1927 को उत्तर प्रदेश के 'बागी' बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में किसान परिवार में हुआ था। वो 1977 से 1988 तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। चंद्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे और क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गये। उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। वे बलिया में जिला प्रजा समाजवादी पार्टी के सचिव चुने गये और एक साल के भीतर वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के संयुक्त सचिव बने। 1955-56 में वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के महासचिव बने। साल 1962 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गये। वे जनवरी 1965 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गये। 1967 में उन्हें कांग्रेस संसदीय दल का महासचिव चुना गया। संसद के सदस्य के रूप में उन्होंने दलितों के हित के लिए कार्य करना शुरू किया एवं समाज में तेजी से बदलाव लाने के लिए नीतियां निर्धारित करने पर जोर दिया। इस संदर्भ में जब उन्होंने समाज में उच्च वर्गों के गलत तरीके से बढ़ रहे एकाधिकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तो सत्ता पर आसीन लोगों के साथ उनके मतभेद हुए। वे एक ऐसे युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आये जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वे 1969 में दिल्ली से प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका 'यंग इंडियन' के संस्थापक एवं संपादक थे। चंद्रशेखर हमेशा व्यक्तिगत राजनीति के खिलाफ रहे एवं वैचारिक तथा सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। यही सोच उन्हें 1973-75 के अशांत एवं अव्यवस्थित दिनों के दौरान जयप्रकाश नारायण एवं उनके आदर्शवादी जीवन के और अधिक करीब ले गई। इस वजह से वे जल्द ही कांग्रेस के भीतर असंतोष का कारण बन गये। 25 जून, 1975 को आपातकाल घोषित किये जाने के समय आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उस समय वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्य समिति व केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य थे। चंद्रशेखर सत्तारूढ़ पार्टी के उन सदस्यों में हैं जिन्हें आपातकाल के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आपातकाल के दौरान जेल में बिताए समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी जो बाद में 'मेरी जेल डायरी' के नाम से प्रकाशित हुई। 'सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता' उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। चंद्रशेखर ने 6 जनवरी, 1983 से 25 जून, 1983 तक कन्याकुमारी से नई दिल्ली के राजघाट तक लगभग 4260 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। उनकी इस पदयात्रा का एकमात्र लक्ष्य था लोगों से मिलना एवं उनकी महत्वपूर्ण समस्याओं को समझना। उन्होंने सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा सहित देश के विभिन्न भागों में लगभग पंद्रह भारत यात्रा केंद्रों की स्थापना की थी। ताकि वे देश के पिछड़े इलाकों में लोगों को शिक्षित करने एवं जमीनी स्तर पर कार्य कर सकें। 1984 से 1989 तक की संक्षिप्त अवधि को छोड़ कर 1962 से वे लगातार संसद के सदस्य रहे। चंद्रशेखर का विवाह श्रीमती दूजा देवी से हुआ एवं उनके दो पुत्र पंकज सिंह और नीरज सिंह हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने 8 जुलाई 2007 को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली। चंद्रशेखर एक प्रखर वक्ता, लोकप्रिय राजनेता, विद्वान लेखक और बेबाक समीक्षक थे। वे अपने तीखे तेवरों और खुलकर बात करने के लिए जाने जाते थे। इस वजह से ज्यादातर लोगों की उनसे पटती नहीं थी। वो इमरजेंसी के बाद विपक्षी दलों के विलय से बनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। अपनी पार्टी की जब सरकार बनी तो चंद्रशेखर ने मंत्री बनने से इनकार कर दिया। 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला। जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के चलते अल्पमत में आ गई थी। उस समय चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में टूट हुई और 64 सांसदों का एक धड़ा अलग हुआ और उसने सरकार बनाने का दावा ठोंक दिया। उस वक्त राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। हालांकि प्रधानमंत्री बनने के बाद चंद्रशेखर ने कांग्रेस के मुताबिक चलने से इनकार कर दिया। चार महीने में ही राजीव गांधी ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। 1989 में जब जनता दल गठबंधन सरकार बनी तो उस समय प्रधानमंत्री पद की रेस में चंद्रशेखर भी शामिल थे। लेकिन वीपी सिंह का पलड़ा भारी पड़ा। वीपी सिंह की पारी बहुत लंबी नहीं चली और 11 महीने के बाद ही उनकी सरकार गिर गई। फिर चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने। चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री के रूप में चार महीने मिले। उन चार महीनों में उन्होंने ये साबित किया कि वो प्रधानमंत्री पद के लायक हैं। चंद्रशेखर सार्क सम्मेलन की बैठक में हिस्सा लेने मालदीव जा रहे थे। उन्हें विदेश मंत्रालय ने जो भाषण लिखकर दिया था उसे उन्होंने रास्ते में देखा लेकिन सम्मेलन में पढ़ा नहीं। उन्होंने ठेठ भाषा में अपना खुद का भाषण पढ़ा। चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री बनने के लिए कोई सपना नहीं पाला था, लेकिन जब प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला तो उस चुनौती को पूरी तरह से स्वीकार किया। **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

**चंद्रशेखर का जन्म 01 जुलाई 1927 को उत्तर प्रदेश के 'बागी' बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में किसान परिवार में हुआ था। वो 1977 से 1988 तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

***बेड़ी***-बन्धन से मुक्त करके दोनों वणिक पुत्र लाये गये हैं। इसके बाद दोनों महाराज नृपश्रेष्ठ चन्द्रकेतु को प्रणाम करके अपने पूर्व-वृतान्त का स्मरण करते हुए भयविह्वल हो गये और कुछ बोल न सके। राजा ने वणिक पुत्रों को देखकर आदरपूर्वक कहा -'आप लोगों को प्रारब्धवश यह महान दुख प्राप्त हुआ है, इस समय अब कोई भय नहीं है।', राजा ने वस्त्र, अलंकार देकर उन दोनों वणिकपुत्रों को संतुष्ट किया तथा सामने बुलाकर वाणी द्वारा अत्यधिक आनन्दित किया। पहले जो धन लिया था, उसे दोगुना करके दिया, उसके बाद राजा ने पुनः उनसे कहा - 'साधो! अब आप अपने घर को जायं।' राजा को प्रणाम करके 'आप की कृपा से हम जा रहे हैं।' - ऐसा कहकर उन दोनों महावैश्यों ने अपने घर की ओर प्रस्थान किया। **श्री मन नारायण-नारायण-नारायण। भज मन नारायण-नारायण-नारायण। श्री सत्यनारायण भगवान की जय।** श्रीसूत जी बोले - साधु बनिया मंगलाचरण कर और ब्राह्मणों को धन देकर अपने नगर के लिए चल पड़ा। साधु के कुछ दूर जाने पर भगवान सत्यनारायण की उसकी सत्यता की परीक्षा के विषय में जिज्ञासा हुई - 'साधो! तुम्हारी नाव में क्या भरा है?' तब धन के मद में चूर दोनों महाजनों ने अवहेलनापूर्वक हंसते हुए कहा - 'दण्डी संन्यासी! क्यों पूछ रहे हो? क्या कुछ मुद्रा लेने की इच्छा है? हमारी नाव में तो लता और पत्ते आदि भरे हैं।' ऐसी निष्ठुर वाणी सुनकर बोले - 'तुम्हारी बात सच हो जाय' - ऐसा कहकर दण्डी संन्यासी को रूप धारण किये हुए भगवान कुछ दूर जाकर समुद्र के समीप बैठ गये। दण्डी के चले जाने पर नित्यक्रिया करने के पश्चात उतराई हुई अर्थात जल में उपर की ओर उठी हुई नौका को देखकर साधु अत्यन्त आश्चर्य में पड़ गया और नाव में लता और पत्ते आदि देखकर मुर्छित हो पृथ्वी पर गिर पड़ा।

*(क्रमशः)*

# फ्रांस जल रहा है, क्योंकि उसने मुसलमानों को शरण दी!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***किसी*** विचार, दृष्टि, मत, पंथ के लिए इस तरह की टिप्पणी करना प्रथम दृष्टया अजीब लग सकता है। कोई यह सोच सकता है कि यह बात किसी मजहब से जोड़कर कैसे कही जा सकती है ? किंतु फ्रांस में इस समय जो घट रहा है उसे देखकर इस्लाम और शरणार्थियों को लेकर यही दिख रहा है कि इस्लाम और उसको मानने वाले मुसलमान जिस भी देश में गये, वह वहां एक समय के बाद विध्वंस का कारण बने हैं। फिर भले ही दुनिया में यह कहने वालों की कोई कमी न हो कि इस्लाम प्रेम, भाईचारा और शांति का मजहब है! अब आप फ्रांस में जो पिछले कुछ दिनों में घटा है उसका रिकॉर्ड देखिए, इन्होंने यहां अशांति की एक वैश्विक मिसाल कायम की है। संभवत 2023 का यह सबसे बड़ा आतंक है, जिसने छोटे से समय में कई हजार करोड़ रुपयों का नुकसान ही नहीं किया बल्कि वह बहुत कुछ मिटा दिया जिसको संजोने में हजारों सालों में अनगिनत लोगों की कड़ी मेहनत और संपूर्ण पुरुषार्थ लगा था। लाइब्रेरी को जलाना कोई सामान्य घटना नहीं है। पुस्तकालय को नष्ट कर देना यानी कि उन तमाम दस्तावेजों, ऐतिहासिक प्रमाणों और स्मृतियों को भी नष्ट कर देना है जिसके कारण फ्रांस में लोकतांत्रिक मूल्य, समृद्धि और संस्कृति जीवित हैं। यह गहराई से सोचने वाली बात है कि जो फ्रांस लोकतंत्र का मसीहा बनकर इन शरणार्थियों की मदद के लिए आगे आया, वहां इन इस्लामिक कट्टरवादी मुसलमानों ने क्या किया ? इसका उत्तर मिलेगा कि अभी तक इन्होंने 23 हजार जगहों पर आग लगा दी । सुरक्षा बलों की 273 इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। 300 से अधिक पुलिस अधिकारी और 500 के करीब पुलिसवालों की इन्होंने घेर कर पिटाई की। ट्रेन, बस, कार सैंकड़ों की संख्या में फूंक दीं । 168 स्कूल और 105 मेयर कार्यालयों को एक के बाद एक अपना निशाना बनाया है। वस्तुतः पुलिस की गोली से मारे गये 17 साल के युवक नाहेल एम की मौत संपूर्ण फ्रांस के लिए इतनी भारी पड़ेगी, यह स्वप्न में भी यहां का कोई देश भक्त नहीं सोच सकता था। देखा जाय तो इस्लामिक इतिहास ही कुछ ऐसा है कि जहां भी यह गया, वहां एक समय के बाद और कई बार वहां इसके पहुंचते ही मूल निवासियों के साथ युद्ध के हालात बन गये। यह भी एक एतिहासिक सत्य है कि पिछले कई वर्षों से फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों ने दोनों बाहें फैलाकर रिफ्यूजियों का अपने घर में स्वागत किया और उसका परीणाम यह निकला है कि आज फ्रांस जल रहा है। सदियों पुरानी लाइब्रेरी को नालंदा विश्वविद्यालय की तरह जला दिया गया। ट्रेन और बसों को बीच रास्ते में रोक कर आग लगा दी गई। सबसे बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं अन्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लूटने के बाद आग के हवाले कर दिया गया। पुरुष तो पुरुष मुस्लिम महिलाएं भी इसमें बराबरी का साथ देती हैं। बुर्का पहने कई महिलाओं की वीडियो सामान लूटते हुए वायरल हैं। वास्तव में मासेर्ली का पुस्तकालय जला देना कोई सामन्य घटना नहीं है। जो ज्ञान की साधना करते हैं, उनसे पूछिए; एक किताब का मूल्य क्या होता है। आज से 830 वर्ष पहले सन 1193 में इस्लामी आक्रांता बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को तबाह करते हुए उसके नौ मंजिला पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया था। वहां दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों समेत लाखों पुस्तकें थीं जो महीनों तक जलती रहीं।

**पुस्तकालय को नष्ट कर देना यानी कि उन तमाम दस्तावेजों, ऐतिहासिक प्रमाणों और स्मृतियों को भी नष्ट कर देना है जिसके कारण फ्रांस में लोकतांत्रिक मूल्य, समृद्धि और संस्कृति जीवित हैं।**

धर्म

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# अमेरिका व चीन के बीच तनाव से निवेशकों की भारत पर निगाहें



ललित मोहन बंसल

***चीन*** ने घरेलू जरूरतों की पूर्ति के बावजूद अंतरराष्ट्रीय पर एक सुदृढ़ सप्लाई लाइन से वैश्विक मुद्रा अमेरिकी डालर में कमाई की है। आज वह सूई से लेकर ड्रोन और मिसाइल तक निर्यात करने की क्षमता रखता है। चीन के सम्मुख आज दिक्कत यह है कि कोविड की मार से विश्व इकॉनमी में शिथिलता आ गई है। रही सही कसर अमेरिका ने पूरी कर दी है। अमेरिका और चीन के बीच शीत युद्ध के कारण ट्रम्प प्रशासन ने चीन के आयातित माल पर कंट्रोल और टैरिफ में वृद्धि की थी, उसे बाइडन प्रशासन भी कम करने के मूड में नहीं है। इससे चीन के कल कारखाने बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है और अमेरिकी निवेशकों की निगाहें भारत सहित पड़ोसी देशों पर लगी हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ा है। इसमें भारत को पिछले वर्ष एक सौ अरब डालर की चपत लगी है तो अमेरिका ने चीन से आयात में कटौती कर उसे करीब ढाई सौ अरब डालर सालाना की चपत दे दी है। यूक्रेन युद्ध से चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोपीय इकॉनमी मंदी की चपेट में हैं। इस बीच भारत ही एकमात्र देश ऐसा है, जिसकी ग्रोथ बढ़ी है, मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक तटस्थ राष्ट्र के रूप में रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर अरबों डालर की बचत की है, तो अपने गेहूं, चावल और अन्यान्य खाद्यान के निर्यात पर समय रहते प्रतिबंध लगा कर मंदी पर अंकुश लगाया है। इससे भारत डालर में बचत कर विश्व इकॉनमी में पांचवें पायदान पर आ गया है, तो मंदी से भी देश को राहत दिलाई है। यह सच है, रूसी सप्लाई लाइन में अड़चन से विश्व इकॉनमी को झटके लगे हैं। इससे चीन तिलमिलाया हुआ है। अमेरिका में अगले वर्ष नवम्बर में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सुपर सिटिजन की स्टेज में पहुंचने के बावजूद मजबूती से खड़े हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोबारा आमने-सामने होंगे। एक लिबरल और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन ने स्टिक और कैरेट की नीति को तिलांजलि दी है। भारत से सम्बंध सुधारते हुए रक्षा साजो सामान के उत्पादन, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च स्तर की भागीदारी तथा द्विपक्षीय ट्रेड में नये आयाम स्थापित करने के लिए ढेरों द्विपक्षीय समझौते किये हैं। इससे अमेरिका और भारत के बीच सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। इससे चीन को ठेस पहुंची है। चीन की विस्तारवादी नीतियों, प्रशांत क्षेत्र में निर्बाध और मुक्त व्यापार तथा दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना के लड़ाकू और टोही विमानों की मौजूदगी से सागरतटीय देशों फिलिपींस, जापान, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम आदि देशों में असुरक्षा की भावना उपजी है। अमेरिका ने भू-राजनैतिक दृष्टि से भारत से मित्रता का हाथ बढ़ाया है। अमेरिका के नेतृत्व में भारत, जापान और आस्ट्रेलिया चार देशों की नौ सेना 'कवाड' के जरिए सागर तटीय क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई है। इस कवाड को लेकर चीन हताश-निराश है। चीन ने इस कवाड को एक मिनी नाटो के नाम से निंदा की है। अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड और निवेश सम्बन्धी रिश्तों के बाद चीन में हाशिये पर बैठे अमेरिकी उद्यमी सस्ते श्रम और बिजली पानी की दरकार में भारत पर निगाहें लगाये हुए हैं। एपल के बाद माइक्रोन, गुगुल सहित विमानिक के क्षेत्र में अमेरिकी कम्पनियों ने हाथ बढ़ाये हैं तो एलन मस्क ने अगले वर्ष तक टेस्ला कार निर्माण की सम्भावना जगाने का आश्वासन दिया है।

**चीन के सम्मुख आज दिक्कत यह है कि कोविड की मार से विश्व इकॉनमी में शिथिलता आ गई है। रही सही कसर अमेरिका ने पूरी कर दी है।**

देश विदेश

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# सावन में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से दूर होंगे सारे कष्ट

भगवान शिव का प्रिय माह सावन शुरू हो गया है। हिंदू धर्म में भगवान भोलेनाथ को सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। इसी कारण इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। महादेव के महामृत्युंजय मंत्र से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं। भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। हिंदू धर्म में भगवान भोलेनाथ को सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। इन्हें महाकाल भी कहा जाता है। क्योंकि भगवान शिव की कृपा से बड़ा से बड़ा संकट या काल भी किसी व्यक्ति का कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। शास्त्रों में भगवान भोलेनाथ के कई ऐसे चमत्कारिक मंत्रों का उल्लेख मिलता है। इन्हीं मंत्रों में एक मंत्र महामृत्युंजय मंत्र भी है। इस मंत्र का जाप कर व्यक्ति रोगमुक्त, भयमुक्त और अकाल मृत्यु से खुद को दूर रख सकता है। इस मंत्र का जाप करने से भगवान शिव काफी प्रसन्न होते हैं।
बता दें कि इस मंत्र का वर्णन यजुर्वेद में भी मिलता है। संस्कृत में महामृत्युंजय मंत्र का उल्लेख मृत्यु को जीतने वाला हो। भगवान भोलेनाथ की स्तुति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाता है। शिवपुराण के मुताबिक महामृत्युंजय मंत्र के जाप से संसार के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए महामृत्युंजय मंत्र का हिंदी अर्थ और इसके महत्व और जाप विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

### महामृत्युंजय मंत्र

**ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।**
**उवार्रुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ॥**

### महामृत्युंजय मंत्र का हिंदी अर्थ

इस मंत्र का हिंदी में अर्थ इस प्रकार से है- कि इस जगत के पालनहार, तीन नेत्रों वाले भगवान शंकर की हम स्तुति करते हैं। पूरे संसार में सुगंध फैलाने वाले भगवान शिव हमें मृत्यु के बंधन से मुक्ति प्रदान करें। जिससे कि हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकें।

### कब और कैसे करें इस मंत्र का जाप

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सवा लाख बार इस मंत्र का जाप करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इस मंत्र का सवा लाख बार जाप नहीं कर सकता है तो वह 108 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर सकता है। सावन के महीने में इस मंत्र का जाप करना बेहद कल्याणकारी माना जाता है। अगर आप सावन के इतर इस मंत्र का जाप करना चाहते हैं तो इसकी शुरूआत सोमवार से करें। इस मंत्र का जाप करने के लिए रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करना चाहिए।

### महामृत्युंजय मंत्र के फायदे

महामृत्युंजय मंत्र के प्रभाव से व्यक्ति को अकाल मृत्यु का भय नहीं होता है।
इस मंत्र के जाप से भगवान शिव-शंकर प्रसन्न होते हैं और जातक को कष्टों से मुक्ति मिलती है।
इस मंत्र के जाप से रोगों का नाश होता है।
महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

**- अनन्या मिश्रा**

# जून-जुलाई के महीने में भी काफी ठंडी रहती हैं ये जगहें, फैमिली के साथ करें एक्सप्लोर

अगर आप भी गर्मी में कहीं ऐसी जगह जाने का प्लान बना रहे हैं जो आपको गर्मी से राहत दे सके। तो बता दें कि नीचे हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो जून-जुलाई के महीने में भी काफी ठंडी रहती हैं। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही लोग ठंडी जगहों पर जाने का प्लान बनाने लगते हैं। गर्मियों में बच्चों के भी स्कूल की छुट्टियां हो जाती हैं। ऐसे में माता-पिता पहले से ही ट्रिप प्लान कर लेते हैं। ऐसे में अगर आप भी गर्मी में कहीं ऐसी जगह जाने का प्लान बना रहे हैं जो ठंडी जगहें हों, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जो जून-जुलाई के महीने में भी काफी ठंडी रहती हैं।

### केदारनाथ

चार धाम की यात्रा में केदारनाथ का अपना विशेष स्थान है। एक समय पर केदारनाथ की यात्रा करना काफी कठिन था। लेकिन वर्तमान समय में केदारनाथ पहुंचना आसान है। हर साल यहां पर लाखों की संख्या में भक्त बाबा केदारनाथ के दर्शन करने उत्तराखंड पहुंचते हैं। उत्तराखंड में स्थिति इस जगह में भगवान शिव वास करते हैं। बता दें कि भारत में 12 ज्योतिलिंगों में से एक लिंग केदारनाथ भी है। जून-जुलाई के महीने में आप भी बच्चों और परिवार के साथ केदारनाथ दर्शन के लिए जा सकते हैं। जून के महीने में यहां का मिनिमम तापमान करीब 4-12 डिग्री के आसपास होता है।

### स्पीति वैली

अगर आप भी गर्मियों में किसी ठंडी जगह जाने का प्लान बना रहे हैं तो स्पीति वैली सबसे अच्छा ऑप्शन है। यहां पर आर सूरज ताल, चंद्रताल, धंकार मोनेस्ट्री और कुंजुम पास जैसी कई जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। जून के महीने में भी यह जगह बर्फ से ढकी होती है। ऐसे में हो सकता है जब आप यहां पर घूमने जाएं तो यहां पर आपको बर्फ की सफेद चादर देखने को मिले। कई बार इस जगह का तापमान -2 डिग्री भी पहुंच जाता है।



### सोनमर्ग

अगर आपने अभी तक कश्मीर नहीं देखा है तो आपको गर्मियों में यहां पर घूमने का प्लान जरूर बनाना चाहिए। अप्रैल से जून के महीने में घूमने के लिए सोनमर्ग सबसे अच्छी जगह है। जून-जुलाई के महीने में यहां का टेंपरेचर 7-12 डिग्री तक होता है। यहां पर आप बच्चों के साथ शिकारा बोट राइड का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके साथ ही आप सोनमर्ग में गंडोला राइड, जीफ सफारी, फेमस ट्यूलिप्स गार्डन, म्यूजियम आदि भी घूम सकते हैं। यहां पर आप कश्मीरी कुजीन का आनंद और असली पशमीना शॉल की खरीददारी कर सकते हैं।

### कल्पा

अगर आप हिमाचल प्रदेश में शिमला और सोलांग घूमकर बोर हो चुके हैं। तो बता दें कि इस गर्मी में आप छुट्टी मनाने के लिए किन्नौर के कल्पा गांव आ सकते हैं। कल्पा गांव में आप सतलज नदी के किनारे फैमिली रिजॉर्ट बुक कर सकते हैं। यहां पर आप खूबसूरत मोनेस्ट्री के साथ-साथ मंदिरों के दर्शन भी कर सकते हैं। इस जगह पर आप बच्चों को सेब के बागान दिखा सकते हैं। बता दें कि इस गांव में मिनिमट टेंपरेचर 7 डिग्री तक रहता है।

### सेला पास

अगर आप अपने परिवार के साथ हिमाचल और उत्तरांखड के अलावा कहीं और जाना चाहते हैं तो आप नॉर्थ ईस्ट की सैर कर सकते हैं। बता दें कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग से 78 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जगह ज्यादा एक्सप्लोर नहीं की गई है। अगर आप भी भीड़बाड़ से दूर किसी शांत जगह की तलाश कर रहे हैं तो अरुणाचल प्रदेश का तवांग शहर और सेला पास दर्रा सबसे बढ़िया ऑप्शन है। यहां पर आप ट्रेल हाइकिंग का आनंद ले सकते हैं। साथ ही झीलों के पास पिकनिक का आनंद उठा सकते हैं। जून के महीने में यहां का टेंपरेचर काफी कम रहता है।

# ओवरथिंकिंग को कम करने में बेहद फायदेमंद हैं ये हस्त मुद्रायें




हर छोटी-छोटी बात पर बहुत ज्यादा सोच-विचार करना, ओवरथिंकिंग की स्थिति में आता है। जब ओवरथिंकिंग ज्यादा बढ़ने लगती है तो यह व्यक्ति को मानसिक रूप से बीमार कर सकती है। ऐसे में आप इससे निजात पाने के लिए हस्त मुद्रा कर सकते हैं। कई बार व्यक्ति किसी चीज के बारे में बहुत ज्यादा सोचने लगता है। इस स्थिति को ओवरथिंकिंग कहते हैं। जब किसी भी फैसले को लेने से पहले उस पर काफी समय तक विचार किया जाता है। हालांकि यह इंसान का नेचुरल स्वभाव माना जाता है। लेकिन जब यह स्वभाव ज्यादा बढ़ जाता है तो यह ओवरथिंकिंग का रूप लेने लगती है। ओवरथिंकिंग ज्यादा बढ़ने पर व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार हो सकता है। जो व्यक्ति ओवरथिंकिंग करता है, उसो अच्छी नींद नहीं आती है। ऐसा व्यक्ति हर छोटी बातों के बारे में काफी ज्यादा सोचने लगता है। उसे हर समय अपने भविष्य का खतरा सताता रहता है। इस तरह के व्यक्ति खुद को चिंताओं से बाहर लाने में असफल महसूस करते हैं। ऐसे में अगर आप भी ओवरथिंकिंग से परेशान हैं, तो हस्त मुद्रा इसमें आपकी मदद कर सकती है। बता दें कि हस्त मुद्रा योग का हिस्सा होता है। इस योग में हाथ की मुद्राओं से शरीर की समस्याओं को कम किया जा सकता है। हस्त मुद्रा को सुखासन में बैठकर करने से अच्छा रिजल्ट मिलता है।

**ज्ञान मुद्रा :** ओवरथिंकिंग की समस्या को दूर करने के लिए ज्ञान मुद्रा बेहद फायदेमंद होता है। ज्ञान मुद्रा की मदद से आप अपनी मेमोरी, ज्ञान और ध्यान को बढ़ा सकते हैं। इस मुद्रा को आप खड़े होकर, बैठकर या लेटकर भी कर सकते हैं। जब भी यह मुद्रा करें तो इस बात का ध्यान रखें कि आपकी पीठ एकदम सीधी होनी चाहिए। इस मुद्रा को करने के लिए आपको अपनी इंडेक्स फिंगर को अंगूठे से जोड़ना होता है। इस मुद्रा को करते समय सामान्य रूप से सांस लेते रहें और अपनी सांस पर फोकस करें।

**पृथ्वी मुद्रा :** अगर आप भी जरूरत से ज्यादा सोचते हैं और अपनी इस आदत को बदलना चाहते हैं तो आपको पृथ्वी मुद्रा करनी चाहिए। इस मुद्रा को करने के लिए सबसे छोटी उंगली और रिंग फिगर को अंगूठे से जोड़ें। इस मुद्रा को करने से आपकी थकान दूर होगी और आप ओवरथिंकिंग को कम कर सकेंगे। इस मुद्रा को प्रतिदिन सुबह-शाम 20 मिनट तक कर सकते हैं। जरूरी नहीं है कि आप इस मुद्रा को खाली पेट करें। इस मुद्रा को आप कभी भी कर सकते हैं। हालांकि इस मुद्रा को सुबह के समय करने से ज्यादा फायदा मिलता है।

**वायु मुद्रा :** अगर आप भी ओवरथिंकिंग से परेशान हैं तो वायु मुद्रा इसे कम करने में आपकी मदद कर सकती है। वायु मुद्रा उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है, जो तनाव का शिकार रहते हैं। इस मुद्रा को करने से आपको ज्वाइंट्स या अर्थराइटिस के दर्द से भी राहत मिलती है। वायु मुद्रा हार्मोनल बैलेंस को बनाएं रखने के लिए भी फायदेमंद होती है। वायु मुद्रा को करने के लिए आप अपनी इंडेक्स फिंगर को मोड़कर अंगूठे के ऊपर रखें। यह मुद्रा इस तरह से बनानी है कि अंगूठे का टिप उंगली के ऊपर आएं। इस मुद्रा को आप सुबह के समय 15-20 मिनट के लिए कर सकते हैं।

## सूडोकू नवताल- 6754

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -6753 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**08 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.03 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | सिंह | 08.19 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.31 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.42 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 14.56 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 17.12 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.18 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.04 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.37 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.08 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृष | 01.48 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.46 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 189 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 21.52 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 20.36 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 17.23 बजे को समाप्त। **करण** गर 11.01 बजे तदनन्तर वणिज 21.52 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 31'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871668
**जूलियन दिन** 2460133.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7816

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | 13 | | | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

**शब्द पहेली -7815 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | रा | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | च | ना | ■ | ■ | ■ | ज | वा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | रा | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | फै | ल | ना |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मिथुन राशि :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क राशि :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**सिंह राशि :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**कन्या राशि :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुला राशि :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा।

**वृश्चिक राशि :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु राशि :** लेन-देन में स्पष्टता बनाए रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर राशि :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**कुंभ राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मीन राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# 'आदिवासी इलाकों में विकास की नई यात्रा शुरू'

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ की विकास की नई इबारत लिखने के लिए हजारों करोड़ की सौगात देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा इन परियोजनाओं से आदिवासी क्षेत्रों में सुविधा और विकास की नई यात्रा शुरू होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजि समारोह में सात हजार करोड़ से ज्यादा की लागत की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकापर्ण करते हुए अधोसंरचना विकास के महत्व के बताते हुए कहा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का संबंध सामाजिक न्याय से भी है जो सदियों तक अन्याय और असुविधा झेलते रहे उन तक भारत सरकार आज ये आधुनिक सुविधाएं पहुंचा रही है। उन्होंने आगे कहा, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी लोगों के जीवन में आसानी, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी व्यापार कारोबार में आसानी, इंफ्रास्ट्रक्चर यानी रोजगार के लाखों नए अवसरों का निर्माण, और इंफ्रास्ट्रक्चर यानी तेज विकास। भारत में हम सभी का दशकों पुराना अनुभव यही है कि जहां इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर रहा, वहां विकास भी उतनी ही देरी से पहुंचा। इसलिए आज भारत उन क्षेत्रों में अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहा है, जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकर्पित और शिलान्यास वाली परियोजनाओ की चर्चा करते हुए कहा, भारत सरकार के इन प्रोजेक्ट्स से यहां रोजगार के अनेकों नए अवसर भी बनेंगे। यहां के धान किसानों, खनिज संपदा से जुड़े उद्यमियों और टूरिज्म को भी इन प्रोजेक्ट्स से बहुत लाभ मिलेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इनसे आदिवासी क्षेत्रों में सुविधा और विकास की नई यात्रा शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ये उपहार इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए है, कनेक्टिविटी के लिए है। ये उपहार छत्तीसगढ़ के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए है, यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए है। गांवों को भी अच्छी 4जी कनेक्टिविटी मिले, इसके लिए भारत सरकार 700 से अधिक मोबाइल टॉवर लगवा रही है। इनमें से करीब 300 टॉवर का काम करना शुरू कर चुके हैं। आज छत्तीसगढ़ 2-2 इकोनॉमिक कॉरिडोर से जुड़ रहा है। रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर और रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर इस क्षेत्र का भाग्य बदलने वाले हैं। बीते नौ सालों में मोबाइल फोन कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, नौ वर्ष पहले छत्तीसगढ़ के 20 फीसदी से अधिक गांवों में किसी तरह की मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं थी, आज ये घटकर लगभग छह फीसदी रह गई है। इनमें से अधिकतर जनजातीय और नक्सल हिंसा से प्रभावित गांव हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में ग्रीनफील्ड रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छत्तीसगढ़ सेक्शन के तीन नेशनल हाई-वे प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी, इनमें से एक उदंती वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाला है। यहां वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन को पूरी तरह से ध्यान में रखा गया है। इसके लिए 2.8 किलोमीटर लंबी 6-लेन वाली सुरंग के साथ ही 27 एनीमल पासेस और 17 केनोपिस का निर्माण किया जाएगा।

## गीता प्रेस एक संस्था नहीं, एक जीवंत आस्था : पीएम मोदी



**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गीता प्रेस विश्व का एकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो एक संस्था नहीं है, जीवन आस्था है। गीता प्रेस किसी भी मंदिर से कम नहीं है। इसके नाम में भी गीता है, इसके काम में भी गीता है। गीता में कृष्ण हैं। गीता प्रेस की धार्मिक पुस्तकें लोगों का मार्गदर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आर्ट पेपर पर प्रकाशित चित्रमय शिवपुराण व नेपाली में प्रकाशित शिव महापुराण का विमोचन किया। पीएम मोदी ने कहा कि संतों की सदाशयता कभी निष्फल नहीं होती। इसी संकल्प का परिणाम है कि आज हमारा भारत सफलता के नित नए आयाम छू रहा है। अपना देश विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रहा है। काशी और अयोध्या इसका सटीक उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, गीता प्रेस विश्व का इकलौता ऐसा संस्थान है, जो एक जीवन आस्था है। करोड़ों लोगों के लिए ये संस्थान किसी मंदिर से कम नहीं। इसके काम और नाम में गीता है। जहां गीता है, वहां कृष्ण हैं। वहां करुणा है, ज्ञान भी है। वहां विज्ञान का शोध भी है।

## पीएम तेलंगाना में आज 6,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की करेंगे शुरूआत

**हैदराबाद।** पीएम आज वारंगल में 6,100 करोड़ रुपये की कई अहम विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रमों में शामिल होने से पहले प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर जाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की इस चुनावी राज्य में इस वर्ष यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले वह जनवरी और अप्रैल माह में तेलंगाना आए थे।

# उत्तराखंड के धारचूला तहसील में बादल फटा, 200 लोग फंसे

**एजेंसी। पिथौरागढ़**



उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बरसात के कारण जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। एक तरफ कुमाऊँ क्षेत्र में भारी बारिश का अलर्ट है तो वहीं धारचूला तहसील के सीमांत गांव चल में बादल फट गया है जिससे 200 से अधिक लोग दारमा घाटी में फंस गए हैं। साथ ही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम भी रास्ते में फंस गई है। हालांकि एसपी पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह के मुताबिक बादल फटने जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है, लेकिन नाले में भारी पानी आने के चलते गांव का संपर्क कट गया है। ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए एनडीआरएफ और सियार की टीमों को भेजा गया है। वहीं, ग्रामीण इस घटना को बादल फटना बता रहे हैं। आपको बता दें कि देहरादून में बारिश ने जमकर अपना कहर बरपाया है। जगह- जगह जलभराव की स्थिति देखने को मिली। साथ ही गाड़ियां भी पानी में जलमग्रन हो गई। पिथौरागढ़ जनपद में हो रही बारिश से जगह-जगह पहाड़ियां दरक रहीं हैं। और भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सड़क मार्ग भी बंद हो गए हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मार्ग बहाल करने के लिए बीआरओ और पीडब्ल्यूडी की टीम लगी हुई है।

# आजादी की लड़ाई में आदिवासी समाज का योगदान बड़ा है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। मुंबई**



राष्ट्रपति ने शुक्रवार को मुंबई स्थित राजभवन के भूमिगत बंकर में बनी स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की 'क्रांति गाथा' गैलरी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में आदिवासी समुदाय का बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए इस पर और शोध करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने बंकर में रखी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुंबई के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन राजभवन में देश के आदिवासी क्रांतिकारियों की गैलरी का दौरा किया और आदिवासी क्रांतिकारियों के बारे में जाना। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि 1857 से पहले भी आजादी के लिए कई जगहों पर छोटी-बड़ी लड़ाइयां लड़ी गईं थीं। इन देशभक्तों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करने के छात्रों और युवाओं को राजभवन में क्रांतिकारियों के संग्रहालय का दौरा करना चाहिए और इस पर व्यापक शोध भी किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राजभवन के जनसंपर्क अधिकारी उमेश काशीकर ने राष्ट्रपति को क्रांतिकारियों के स्वतंत्रता पूर्व इतिहास के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति को बताया गया कि ओडिशा के प्रथम मुख्यमंत्री 'उत्कल केसरी' डॉ. हरेकृष्ण महताब 1955-1956 की अवधि के दौरान बॉम्बे राज्य के राज्यपाल थे और वह राजभवन में रुके थे।

# बीजेपी ने की 4 राज्यों के चुनाव प्रभारियों की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा ने तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के विधानसभाओं के चुनावों के लिए चुनाव प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की शुक्रवार को घोषणा की। पार्टी की आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राजस्थान के लिए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को चुनाव प्रभारी और गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल एवं हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप विश्नोई को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। तेलंगाना के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को चुनाव प्रभारी और पार्टी महासचिव सुनील बंसल को सह प्रभारी, मध्यप्रदेश के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ के लिए पार्टी उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर को चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री मनसुखभाई मंडाविया को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# मानहानि मामले में राहुल को गुजरात हाईकोर्ट से झटका, सजा बरकरार

**एजेंसी। अहमदाबाद**



गुजरात हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दो साल की जेल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके कारण उनकी संसद की सदस्यता चली गई थी। अदालत ने फैसला सुनाया कि दोषसिद्धि पर रोक लगाना एक अपवाद है, नियम नहीं। मानहानि का मामला 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान से जुड़ा है, जब राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे है। गांधी के वकील ने तर्क दिया था कि उनके मुवक्किल अपनी लोकसभा सीट स्थायी और अपरिवर्तनीय रूप से खो सकते हैं, क्योंकि अपराध में अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। वकील ने आगे तर्क दिया कि इस तरह के नुकसान के चलते उस व्यक्ति और जिस निर्वाचन क्षेत्र का वह प्रतिनिधित्व करता है, उसके लिए बहुत गंभीर परिणाम होंगे। इससे पहले मई में गुजरात उच्च न्यायालय ने इस मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## मणिपुर में दो समूहों में गोलीबारी में दो की मौत, चार घायल

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमावर्ती इलाकों में शुक्रवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि इस गोलीबारी के दौरान कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार सुबह फौगाकचाओ इखाई गांव के पास हुई। घायल लोगों को चुराचांदपुर अस्पताल ले जाया गया है। अर्धसैनिक बल और मणिपुर सशस्त्र पुलिस कर्मी तुरंत इलाके में पहुंचे और सशस्त्र कैडरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

# भारत ने ब्रिटेन से चरमपंथी तत्वों पर लगाम लगाने को कहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने ब्रिटेन से भारतीय राजनयिकों को धमकी देने वाले चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके यूके समकक्ष टिम बैरो के बीच बातचीत के दौरान उठाया गया। सूत्रों ने बताया कि भारत ने यूके मे खालिस्तानी समर्थक समूहों द्वारा भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले पोस्टरों का मुद्दा डोभाल और बैरो के बीच हुई बैठक के दौरान उठाया। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान भारत और ब्रिटेन दोनों आतंकवाद और आतंकी वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। सूत्रों ने आगे बताया कि बैठक के दौरान भारत और ब्रिटेन उभरती प्रौद्योगिकियों में परस्पर सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंसा की वकालत करने वालों को जगह नहीं दी जानी चाहिए। कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में तैनात भारतीय राजनयिकों को धमकी देने वाले ऐसे पोस्टर 8 जुलाई को खालिस्तानी तत्वों द्वारा आयोजित होने वाली 'रैली' से पहले सामने आए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले को संबंधित देशों के सामने उठाया है, वहीं बागची ने गुरुवार को कहा था कि भारत ने अपने राजनयिकों को जारी की गई धमकियों का मुद्दा ब्रिटेन के सामने उठाया है।

# मुर्शिदाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले जारी हिंसा में शुक्रवार सुबह मुर्शिदाबाद जिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कांग्रेस नेता अरबिंदो मंडल की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी। चुनाव कार्यक्रम 8 जून को जारी होने के बाद से पिछले 29 दिन में इस ताजा मौत से चुनाव पूर्व मौतों की कुल संख्या 18 हो गई है, जिनमें से चार अकेले मुर्शिदाबाद जिले से बताई गई हैं। विडंबना यह है कि यह घटना उसी दिन हुई जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस जिले के हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आज मुर्शिदाबाद में हैं। पीड़ित के परिजनों और कांग्रेस के जिला नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि मंडल का पहले स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पीछा किया और फिर पीट-पीटकर हत्या कर दी। हालांकि, स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने आरोपों से इनकार किया है। संपर्क करने पर, कांग्रेस नेता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील कौस्तव बागची ने कहा कि मालूम नहीं सत्तारूढ़ दल और राज्य चुनाव आयोग कितनी और मौतों से संतुष्ट होंगे। उन्होंने कहा, "पूरा प्रशासन पंगु हो गया है और चुनाव आयोग सत्तारूढ़ दल के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहा है।" राज्यपाल ने राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा पर गुरुवार को ही तीखा हमला करते हुए लगातार जारी हिंसा के लिए राजीव सिन्हा को ही जिम्मेदार ठहराया था। राज्यपाल ने कहा था, हमने फसलों की सुरक्षा के लिए बाड़ लगा दी। जब बाड़ ही फसल खा जाए तो हम क्या करें? अगर इन पंचायत चुनावों में लोकतंत्र मर गया है तो हत्यारा कौन है? क्या राज्य चुनाव आयुक्त कृपया अपना हाथ उठाएंगे? आपको पता होना चाहिए कि हत्यारा कौन है।" अब पिछले 30 दिन में चुनाव पूर्व 18 मौतों की सूचना मिलने से हर कोई आशंकित है कि शनिवार को मतदान के दिन क्या स्थिति होगी।

**राजनीति**

## विधायकों को एकजुट बने रहने का पढ़ा रहे पाठ

# बिहार में भाजपा विरोधी दल टूट से 'सशंकित'

**एजेंसी। पटना**



महाराष्ट्र में एनसीपी की टूट के बाद भाजपा विरोधी कई दल अपनी पार्टी में टूट को लेकर सतर्क हैं। इधर, भाजपा समेत कई दलों के नेता जदयू में टूट का दावा भी कर रहे हैं। ऐसे में कई दल अपने विधायकों को एकजुट बने रहने का पाठ पढ़ा रहे हैं। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों से मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री से मिल चुके विधायक और सांसद भले ही विकास कार्यों से संबंधित बात पूछने और जानकारी लेने की बात बता रहे हों, लेकिन, सूत्रों का दावा है कि सीएम ने सभी को 'लोभ-लालच' से बचने की सलाह दी है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने अपने नेताओं को विपक्षी दलों के एकजुट होने का दावा कर भाजपा की स्थिति कमजोर होने और भविष्य सुरक्षित होने की बात भी बता रहे हैं। महागठबंधन में शामिल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा अब एनडीए में शामिल हो चुका है। इसके बाद से ही गैर-भाजपा दल सावधान हो गए हैं। बताया जाता है कि जदयू के वरिष्ठ नेताओं को भी इसकी भनक लगी थी कि उनके सांसदों और विधायकों पर डोरे डाले जा रहे हैं, इसके बाद मुख्यमंत्री सतर्क हो गए। जदयू के विधायकों की संख्या 45 है। इधर, कांग्रेस भी सतर्क और सावधान बताई जा रही है। कांग्रेस में टूट के कयास पहले भी लग चुके हैं। कांग्रेस के विधायकों की संख्या 19 है। फिलहाल सरकार में कांग्रेस के दो मंत्री हैं और पिछले काफी दिनों से दो अन्य लोगों को मंत्री बनाए जाने की मांग हो रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा, नाराज विधायकों पर डोरे डाल सकती है। इस कारण कांग्रेस भी सतर्क है। राजद किसी भी टूट से निश्चिंत है। लेकिन, राजद भी इसे लेकर कम सतर्क नहीं है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि इन दिनों राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की सक्रियता भी पार्टी को एकजुट करने के कारण हुई है।




## बिग बॉस ओटीटी टास्क के दौरान पूजा भट्ट खुद को रैंक नहीं दे पाई



**बिग बॉस** के घर में प्रतियोगियों को हर दिन नए टास्क दिए जा रहे हैं। घर में प्रतियोगी दिए गए टास्क भी बड़े उत्साह से कर रहे हैं। हाल ही में बिग बॉस के घर में एक टास्क हुआ था, जिसमें सभी सदस्यों को एक-दूसरे को 1 से 9 तक रैंक देनी थी। इसके लिए सभी को दूसरे प्रतियोगियों को अच्छी रैंकिंग देने के लिए मनाना पड़ा, लेकिन पूजा भट्ट ने कहा कि वह खुद को रैंक नहीं दे पाईं। जब पूजा भट्ट को अन्य गृहणियों को खुद को पहले रखने के लिए मनाना पड़ा, तो उन्होंने कहा, मैं महिला कार्ड नहीं खेलती। मैं सीधे संवाद में विश्वास रखती हूं, आंखों में आंखें डालकर लोगों से आमने-सामने बात कर सकती हूं। इतने सालों के सफल करियर के बाद मेरी राय और व्यक्तित्व के कारण मुझे बिग बॉस ओटीटी में भाग लेने के लिए बुलाया गया।

## शाहरुख पर बेतुका बयान देने पर ट्रोल हो रही पाकिस्तानी एक्ट्रेस



पाकिस्तानी एक्ट्रेस महनूर बलोच को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के एक्टिंग स्किल्स और लुक्स पर कमेंट करने पर ट्रोल का सामना करना पड़ रहा हैं। महनूर बलोच ने पाकिस्तानी चैट शो 'हद करदी' के दौरान शाहरुख को लेकर कमेंट किया। उन्होंने कहा, 'शाहरुख खान के पास बहुत अच्छी पर्सनालिटी है, लेकिन अगर आप ब्यूटी पैरामीटर के हिसाब से देखेंगे कि कौन हैंडसम है तो वह इस पैरामीटर के अंदर नहीं आते हैं।' चैट शो होस्ट के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि शाहरुख को एक्टिंग करनी नहीं आती है। एक्ट्रेस ने कहा, ये मेरा शाहरुख खान को लेकर ओपिनियन है, उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। वह एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, वो जानते हैं कि खुद को कैसे मार्केट किया जाए। ये मेरी निजी राय है। महनूर का यह इंटरव्यू वायरल होने के बाद शाहरुख के फैंस भड़क उठे। उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक फैन ने लिखा, हां, शाहरुख ने आपके देश में भी अपनी अच्छी मार्केटिंग की है, ताकि आपके यहां की लड़कियां उनकी झलक पाने के लिए लाइन में लग जाएं। अपने घर की महिलाओं से पूछें, वे आपको बेहतर जवाब दे सकती हैं। एक अन्य फैन ने कहा, पूरी दुनिया शाहरुख को जानती है। लेकिन आप कौन हैं?

केंद्रीय संचार ब्यूरो व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण की रक्षा सभी की जिम्मेदारी : प्रिंसिपल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** केंद्रीय संचार ब्यूरो व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ध्रुवा, रांची के संयुक्त तत्वधान में शुक्रवार को वन महोत्सव सप्ताह पर वृक्षारोपण, जागरूकता सह प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर संध्या सिंह, प्रिंसिपल , सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , रांची ने कहा कि वृक्ष लगाना तथा वनों के संरक्षण में मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह जो हर वर्ष 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाता है का उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना तथा वनों के संरक्षण के प्रयास पर जागरूकता का प्रसार है। श्री रहमान ने वन विभाग झारखंड सरकार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया कि वन विभाग झारखंड सरकार ने वन महोत्सव सप्ताह के महत्वपूर्ण अवसर पर वृक्षारोपण हेतु शीशम व सागवान आदि के पौधे निशुल्क केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची को प्रदान किया। शाहिद रहमान ने विशेष तौर पर चीफ कंजरवेटर आफ फॉरेस्ट, रांची श्री एस आर नतेशा, भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्री नायडू व रांची के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर श्रीकांत वर्मा जी का विशेष आभार व्यक्त किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वृक्ष लगाने के साथ-साथ स्कूल के छात्रों ने वृक्षों की बेहतर देखभाल और सेवा के उद्देश्य से वृक्षों को गोद लिया। वृक्ष-गोद लेने में सुशमी , प्राची, रुद्रा, अंकित, आर्यन कुमार यादव व आर्यन इत्यादि ने विशेष रूचि प्रदर्शित किया। वन महोत्सव सप्ताह पर आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर मिशन लाइव शपथ भी लिया गया जिसमें स्कूली छात्रों, शिक्षकों व स्कूल के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## रांची में बाइक सवार बदमाशों ने एक को गोली मारी, रिम्स रेफर

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुराना अरगोड़ा चौक स्थित ओक फारेस्ट के समीप बाइक सवार अपराधियों ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर आये दो अपराधियों ने रंजीत कुमार गुप्ता को गोली मार दी। गोली रंजीत के पैर में लगी है। गोली मारने के बाद अपराधी कटहल मोड़ की तरफ भाग गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने रंजीत कुमार गुप्ता को रिम्स अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी राजा कुमार मित्रा, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। उसे रिम्स भेजा गया है। मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## उमाशंकर मालवीय की पासपोर्ट रिलीज करने के मामले की हाई कोर्ट में सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को मनी लांड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पूरक शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि वह अपनी बेटी से मिले लंदन कब और कितने दिनों के लिए जाना चाहते हैं।


## कार्यालय, नगर पंचायत,लातेहार

### आम सूचना

जिला खनन कार्यालय, लातेहार द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत विभिन्न बालू घाटों में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :–

| क्र0 सं0 | बालू घाट का नाम | ग्राम सभा का पता | ग्राम सभा का आयोजन तिथि | ग्राम सभा का आयोजन समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | लातेहार बालू घाट, औरंगा नदी | विवाह मण्डप, चटनाही | 14.07.2023 | पूर्वाहन् 11:30 बजे |
| 02 | राजहार बालू घाट, औरंगा नदी | सामुदायिक भवन, राजहार | 15.07.2023 | पूर्वाहन् 11:30 बजे |
| 03 | तापाखास बालू घाट, औरंगा नदी | सामुदायिक भवन, गिजानीयटांड | 17.07.2023 | पूर्वाहन् 11:30 बजे |
| 04 | डुरूआ बालू घाट, औरंगा नदी | सामुदायिक भवन, डुरूआ | 18.07.2023 | पूर्वाहन् 11:30 बजे |

अतः संबंधित क्षेत्रों आम जनता से अनुरोध की पूर्वहन् 11:30 बजे निर्धारितग्राम सभा के तिथि अनुसार ग्राम सभा में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 301661 Urban Development(23-24).D


## पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर लौटे बाबूलाल



**रांची।** झारखंड सहित 12 पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर शुक्रवार शाम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रांची लौटे। प्रदेश कार्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा में पार्टी के सचेतक बिरंची नारायण,विधायक शशिभूषण मेहता, किशुन दास भी उपस्थित थे। विधायक सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ, पुस्तक, अंगवस्त्र देकर नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठछक

# मरीजों को आयुष्मान कार्डों से निबंधित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शुक्रवार को सिविल सर्जन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में स्वास्थ्य एवं जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, श्वेता भारती, सभी प्रखंड के एमओआईसी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, वीबीडी पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सिविल सर्जन (सदर) रांची ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मातृ स्वास्थ्य, शिशु टीकाकरण, शिशु मृत्य दर, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान/एनएचएम इन सभी से संबंधित की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारियों को लक्ष्य प्राप्ति ससमय करने निर्देश दिया। सिविल सर्जन द्वारा आयुष्मान के अंतर्गत सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को भर्ती हो रहें मरीजों को आयुष्मान अंतर्गत निबंधित करने का निर्देश दिया गया एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को वित्तीय राशि को नियमित भुगतान कराने को कहा गया। सिविल सर्जन द्वारा वेक्टर जनित रोग के संक्रमण काल को देखते हुए सभी ज्वर पीड़ित रोगियों का मलेरिया जांच आवश्यक रूप से कराने को कहा। सिविल सर्जन को संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया जनवरी से जून 2023 तक कुल 1,52,755 ज्वर पीड़ितों का रक्त संग्रह किया गया। जिसमें 49 घनात्मक पाए गए कुल 49 घनात्मक रोगियों में 32 पीएफ एवं 17 पिभी हैं, इन सभी का उपचार किया गया। जिसपर सिविल सर्जन द्वारा संतोष जाहिर किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके, बुढ़मू, बुंडू, लापुंग, मांडर को लक्ष्य के अनुरूप मलेरिया कार्य करने का निर्देश दिया गया।




झारखण्ड सरकार

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश 12रा0(वि0) दिनांक 06.07.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत गुमला जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों को इनपुट फॉर्मूलेटेड फीड की आपूर्ति हेतु फीड उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | योजना का नाम | जिला | कार्य का नाम | अधिकतम दर राशि | डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना | गुमला | गुमला जिले में मत्स्य बीज उत्पादकों को फॉर्मूलेटेड फीड आपूर्ति हेतु | 2000/– रू0 प्रति ईकाई | 15000=00 |

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :–

1. निविदा का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।
2. निविदा की राशि – फॉमूलेटेड फीड का राशि – 06 लाख रू0 मात्र
3. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 18.07.2023 एवं 01.30 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 18.07.2023 एवं 02.00 बजे अपराहन्
6. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
7. दिनांक 18.07.2023 को अपराहन् 02.00 बजे, उपायुक्त महोदय, गुमला द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला के कार्यालय कक्ष मे निविदा खोली जाएगी ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

PR 301718Fish(23-24)#D


## छात्र हित में विवि के कामकाज को जल्द शुरू करवाएं कुलपति : आजसू

नवीन मेल संवाददाता। रांची शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के द्वारा प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार के नेतृत्व में छात्रहित में रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सुबह 10 बजे से ही तालाबंदी कर दिया था। मौके पर हरीश कुमार ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के कर्मचारी पिछले कई दिनों से पेन डाउन हड़ताल पर हैं जिससे रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले हजारों छात्र-छात्राओं को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और जब कर्मचारी हड़ताल पर हैं तो विश्वविद्यालय के खुले रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आज आजसू के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार में तालाबंदी किया गया है। वहीं तालाबंदी के दौरान रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा अपने समय पर विश्वविद्यालय पहुंचे परंतु आजसू के कार्यकर्ताओं ने उन्हें मुख्य द्वार पर ही रोक दिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा ने मांग किया कि जल्दी कर्मचारियों की उचित मांगों को मांग कर हड़ताल को समाप्त करवाया जाए और विश्वविद्यालय के सभी कामों को सुचारू रूप से शुरू किया जाए। वहीं मौके रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने आजसू एवं रांची विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के सामने वादा किया कि 13 जुलाई तक कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा एवं विश्वविद्यालय में फिर से सभी कार्य सुचारू रूप से किए जाएंगे। मौके पर प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, प्रदेश सचिव ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, जमाल गद्दी, दीपक दुबे, अभिषेक झा, राहुल, आकाश, चंदन, शुभम, विशाल यादव, कैलाश महतो, पीयूष कुमार, रिशु, सचित, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## पत्रकारिता और पत्रकारों के अस्तित्व समाप्त नहीं होने देंगे : ज्योतिषी

**रांची।** झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मेलन शुक्रवार को सरायकेला स्थित परिसदन में हुआ। इसमें झारखंड प्रेस आयोग का गठन करने, पत्रकारों को मान-सम्मान देने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही रांची के पुष्कर महतो को कार्यकारी अध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कोल्हान प्रभारी रास बिहारी और संचालन सुनील शर्मा ने की। अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने कहा कि पत्रकारिता व पत्रकारों के अस्तित्व समाप्त नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार राज्य व राष्ट्र का सजग प्रहरी है। राष्ट्र व राज्य की समृद्धि एवं बेहतरीन के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी जिम्मेवारी एवं जवाबदेही के साथ करता रहा है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकार हाशिए पर है। झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से विधायक आश्वासन समिति के अध्यक्ष दीपक विरुवा को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।


## Office of The Executive Engineer Building Construction Department Building Division, Garhwa.

VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER

Sealed Tenders are invited for ***E/R of Family Court Office Building Garhwa Under Garhwa Distt.*** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **18-07-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **18-07 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **17-07-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **1250/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 301665 Building(23-24)D


## डीएवी कपिलदेव में वन महोत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में आज वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने विशेष रूप से भाग लिया। मौके पर पेड़ के महत्व, उसकी उपयोगिता और उसके रक्षण पर जोर दिया गया। वन महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने 'मत काटो हमें 'गीत पर सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित शिक्षिकाओं ने पेड़ लगाओ धरती को स्वर्ग बनाओ की प्रतिज्ञा भी ली। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने वन महोत्सव पर अपने संदेश में कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में जब भी मौका मिले कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए अपने नाम पर, अपने रिश्तेदारों के नाम पर वृक्षारोपण अवश्य लगाना चाहिए। पौधों का जीवन में बहुत ही महत्व है। अगर पेड़-पौधे नहीं होंगे तो इंसान को जीवन मुश्किल हो जायेगा। क्योंकि पर्यावरण से ही हमें शुद्ध हवाएं मिलती है जो हम खुल तौर पर जीते हैं। स्वच्छ वातावरण हर प्राणाी के लिए ऑक्सीजन जरूरी है। बिना इसके हम जी नहीं सकते हैं। इसलिए हम सभी का दायित्व है कि पर्यावरण को बचाएं और जीवन को स्वच्छ बनायें।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 12/2023-24 दिनांकः ..................

1.कार्य की विस्तृत विवरणी: 485/21.04.23

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | जिला परिषद डाकबंगला कैंपस सिमरिया में किसान भवन का जीर्णोद्धार। | 2425800 | 5000 | 49000 | 04 माह |
| 2 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | जिला परिषद डाकबंगला कैंपस सिमरिया में भारत माता कल्याण मण्डप भवन का जीर्णोद्धार। | 1940300 | 5000 | 38900 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17/07/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 19.07.2023 से 25.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।

PR 301770 District(23-24)D



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(संशोधित 3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–पिपरा, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–67
पत्रांक– 419 (A)/भू0अ0, दिनांक– 05.07.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | पिपरा | 31 | 239/1 | 0.0300 | टांड–III कच्चा मकान पक्का मकान | 0.0300 | 1 | अवधेश सिंह, संतोष सिंह, सशांक सिंह | चापाकल–1 |
| 2 | | 31 | 310/5 | 0.1200 | टांड–III | 0.1200 | 2 | अवधेश सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह पिता स्व0 महाबीर सिंह वो राकेश सिंह वगै0 | |
| 3 | | 31 | 236/1 | 0.0656 | टांड–III | 0.0656 | 3 | अर्जून साव पिता पलटन साव | चापाकल–2 पेड़–6 |
| 4 | | 31 | 310/2 | 0.0384 | टांड–III | 0.0384 | 4 | कौशल्या देवी पिता खूसन भुईयाँ | 10 फीट कुआं |
| 5 | | 2 | 260/1 | 0.1012 | टांड–II | 0.1012 | 5 | प्राथमिक भवन विद्यालय | |
| 6 | | 31 | 310/12 | 0.1130 | टांड–III | 0.1130 | 6 | बृजबिहारी सिंह पिता कामेश्वर सिंह | |
| 7 | | 31 | 310/3 | 0.0100 | टांड–III | 0.0100 | 7 | बौध भुईयाँ वो विनोद भुईयाँ पिता झगरू भुईयाँ | |
| 8 | | 39 | 109/3 | 0.1240 | टांड–I | 0.1240 | 8 | बलदेव सिंह वगै0 पिता राजबल्लभ सिंह | |
| 9 | | 31 | 239/3 | 0.0034 | टांड–III पक्का मकान | 0.0034 | 9 | बृज बिहारी सिंह पिता कामेश्वर सिंह | |
| 10 | | 42 | 248/1 | 0.0700 | टांड–I | 0.0700 | 10 | बृज बिहारी सिंह पिता कर्मदयाल सिंह | चापाकल–1 |
| 11 | | 45 | 110 | 0.1120 | टांड–III | 0.1120 | 11 | मनोज कुमार राम पिता भिखारी भुईयाँ | |
| 12 | | 31 | 310/8 | 0.0575 | टांड–III | 0.0575 | 12 | रोहित कुमार गुप्ता, रामनन्दन गुप्ता, सत्यदेव गुप्ता | |
| 13 | | 14 | 111/1 | 0.1086 | टांड–II | 0.1086 | 13 | रामजी राम वो विनय राम पिता जुगेश्वर राम | |
| 14 | | 2 | 258/1 | 0.0393 | टांड–II | 0.0393 | 14 | राजेन्द्र सिंह पिता धर्मपाल सिंह निर्मला देवी पति राजेन्द्र सिंह | चापाकल–2 आम–1 |
| 15 | | 39 | 109/2 | 0.1240 | टांड–I | 0.1240 | 15 | लक्ष्मी सिंह वगै0 बल्द जदुबीर सिंह | कच्चा मकान–बसंत प्रजापति पिता किशन प्रजापति कच्चा मकान–शिखा कुवंर पिता गोरख भुईयां कच्चा मकान–दुधराज भुईयां पिता तुलसी भुईयां कच्चा मकान–चलितर भुईयां पिता तुलसी भुईयां कच्चा मकान–विशुनदयाल भुईयां वगै0 पिता सनादु भुईयां उपरोक्त मकान अंचल द्वारा खेसरा सत्यापन में प्लॉट 109/2 एवं 109/3 दोनों पर प्रतिवेदित है। |
| 16 | | 14 | 111/2 | 0.0813 | टांड–II | 0.0813 | 16 | वेवी देवी वो विमला देवी | |
| 17 | | 17 | 254/2 | 0.2754 | टांड–II | 0.2754 | 17 | विरजू प्रसाद यादव पिता स्व0 राम किसुन यादव | |
| 18 | | 1 | 114/1 | 0.0317 | टांड–III | 0.0317 | 18 | सुकन साव पिता बन्धु साव | |
| 19 | | 39 | 190/2 | 0.0858 | टांड–III | 0.0858 | 19 | सुदेश प्रजापति | |
| 20 | | 2 | 260/3 | 0.0654 | टांड–II | 0.0654 | 20 | सूर्यकली कुंवर पति स्व0 फकीरा यादव | |
| 21 | | 32 | 73/2 | 0.0400 | टांड–I | 0.0400 | 21 | संतोष प्रसाद गुप्ता वो लक्ष्मण साव | चापाकल–1 |
| 22 | | 39 | 109/1 | 0.1520 | टांड–I | 0.1520 | 22 | हलकानी भुईयाँ वगै0 पिता डोमन राम | |
| | | | कुल :– | 1.8486 | | 1.8486 | | | |

नोट :– इस कार्यालय के पत्रांक– 45/भू0अ0, दिनांक– 18.01.2023 के द्वारा 3G का प्रकाशन करते हुए 3G के अनुसार मूल्यांकन तैयार कर राशि की मांग NHAI से की गई थी, जिसके पश्चात् NHAI के पत्रांक– 3660, दिनांक– 10.02.2023 के द्वारा निदेशित किया गया की 3A एवं 3D के अनुसार कुल रकबा 13.5925 ए0 का मूल्यांकन हेतू पूर्व में प्रकाशित 3G को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः 3G प्रकाशन कर तैयार किया जाए, जिसका संशोधित 3G तैयार किया गया है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 301764 District(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में



**कैलगरी (कनाडा)।** भारत की पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन में अपना आगे बढ़ना जारी रखा और अपने-अपने एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि कृष्ण प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी हार गई। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधु को कोर्ट में उतरने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि उन्हें दूसरे दौर में जापान की नात्सुकी निदाइरा से वॉकओवर मिल गया, जबकि लक्ष्य सेन ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को केवल 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-15, 21-11 से हराया। कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन 420,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से 24 मिनट में 9-21, 11-21 से हार गए। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सिंधु का मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा। गाओ ने दूसरे दौर के मुकाबले में स्विट्जरलैंड की जेनजिरा स्टैडेलन को 21-14, 22-20 से हराया।

## सुपर यूनाइटेड रैपिड व ब्लिट्ज शतरंज : आनंद को एकल बढ़त

**जाग्रेब।** ग्रांड चैस टूर के तीसरे पड़ाव सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूनामेंट के चार राउंड के बाद भारत के पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद सबसे आगे चल रहे है चार राउंड के बाद तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ आनंद 7 अंक बनाकर पहले स्थान पर चल रहे है। आनंद नें खेल की शुरूआत काले मोहरो से अलीरेजा फिरौजा से ड्रॉ खेलकर की पर इसके बाद सफेद मोहरो से रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट को उन्होने सिसिलियन ओपनिंग में बड़े शानदार अंदाज में पराजित किया, तीसरे राउंड में उन्होने मेजबान देश के कोंस्टंटिन लुपुलेस्कु को काले मोहरो से पराजित करते हुए दूसरी जीत दर्ज की जबकि चौथे राउंड में उन्होने क्रोशिया के इवान सारिक को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

## अदिति यूएस वुमेंस ओपन के संयुक्त 39वें स्थान पर

नई दिल्ली। भारत की अदिति अशोक यूएस वुमेंस ओपन गोल्फ के पहले दौर में दो ओवर 74 का स्कोर करके संयुक्त 39वें स्थान पर हैं । पहले दौर के कई मुकाबले अभी पूरे नहीं हुए हैं । बेंगलुरू की अदिति किसी मेजर टूर्नामेंट में शीर्ष दस में नहीं रही हैं । यहां भी उन्होंने 11वें, 12वें और 18वें होल पर बोगी किये । वह 2019 के बाद यहां पहली बार खेल रही है । उन्होंने 2019 में कट में प्रवेश किया था और संयुक्त 39वें स्थान पर रही थीं लेकिन 2017 में कट में जगह नहीं बना सकी थी।

# भारतीय क्रिकेट जगत ने धोनी को 42वें जन्मदिन की दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शुक्रवार को 42 साल के हो गए। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने धोनी को उनके 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्वीट कर धोनी को शुभकामनाएं दीं।

बीसीसीआई ने ट्वीट किया, "कैप्टन,लीडर। लीजेंड! टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और खेल की शोभा बढ़ाने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक एमएस धोनी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यहां सभी प्रशंसकों के लिए जन्मदिन का उपहार है।" बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी धोनी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनका करिश्मा, नेतृत्व और असाधारण कौशल दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता रहेगा। शाह ने ट्वीट किया, "टीम इंडिया के सबसे सफल



कप्तान, एमएस धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका करिश्मा, नेतृत्व और असाधारण कौशल दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। भारतीय क्रिकेट में आपके अद्वितीय योगदान के लिए धन्यवाद।"धोनी की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम चेन्नई सुपर किंग्स, जिसके साथ उन्होंने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं, ने भी अपने "थाला" को शुभकामनाएं दीं, जिसका तमिल में अर्थ "हेड" या "लीडर" होता है।

सीएसके ने ट्वीट किया, "जैसे ही घड़ी में 12 बजते हैं,हम थाला के जन्मदिन में शानदार ढंग से कदम रखते हैं, ! जन्मदिन की सीटियाँ लेकर आओ!" पांच बार की आईपीएल चैंपियन और सीएसके की कट्टर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस ने भी धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

मुंबई ने ट्वीट किया, "माही मार रहा है से लेकर धोनी के स्टाइल में अंत तकड्ड शुद्ध मनोरंजन! जन्मदिन मुबारक हो, एमएसडी।"

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट कर धोनी, को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने भी धोनी को बेहद खास अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

सहवाग ने ट्वीट किया,"सूर्य देव के पास अपने रथ को खींचने के लिए 7 घोड़े हैं। ऋग्वेद में दुनिया के 7 हिस्से, 7 ऋतुएं और 7 किले, 7 बुनियादी संगीत सुर, शादी में 7 फेरे, दुनिया के 7 अजूबे और 7वें महीने का 7वां दिन- एक शीर्ष व्यक्ति का जन्मदिन, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं धोनी।"

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने भी धोनी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया,"जन्मदिन मुबारक हो मेरे पसंदीदा धोनी।" तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी धोनी को जन्मदिन की बधाई दी और कामना की कि भगवान उन पर असीम कृपा बनाये रखें। शमी ने ट्वीट किया,"भगवान आप पर अनंत आशीर्वाद बरसाते रहें। जन्मदिन की शुभकामनाएं। जन्मदिन मुबारक हो धोनी भाई।"

पहलवान यौन उत्पीड़न मामला

# अदालत ने बृजभूषण को 18 जुलाई को किया तलब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को 18 जुलाई को तलब किया है। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने बृजभूषण को 18 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर को भी तलब किया। शहर पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं



354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत 15 जून को आरोपपत्र दायर किया था। तोमर पर आईपीसी की धाराओं 109 (किसी अपराध के लिए उकसाना), 354, 354ए और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया था।

एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# नयना गंगाराम कोकरे ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय धाविका नयना गंगाराम कोकरे ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4X100 रिले में देश के लिए कांस्य पदक जीता है। हालांकि यह नयना का पहला अंतरराष्ट्रीय आयोजन था, वह 200 मीटर में एशिया की चौथी सबसे तेज एथलीट रहीं और 4X100 रिले में कांस्य भी जीता। इस मीट में 45 से अधिक देशों के एथलीटों ने भाग लिया। कर्नाटक के मुंडगुड के दूरदराज के इलाके से आने वाली और सिद्दीस के आदिवासी समुदाय का हिस्सा 19 वर्षीय नयना पहले ही यूके, कतर और हाल ही में दक्षिण कोरिया की यात्रा कर चुकी हैं। मई 2022 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारने वाले इस



एथलीट कड़ी मेहनत से सफलता अर्जित की है। नयना ने कहा, "मैं अपने पहले वैश्विक कार्यक्रम में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। ट्रांसवर्ल्ड और ब्रिजेस ऑफ स्पोर्ट्स के समर्थन के बिना यहां तक पहुंचना संभव नहीं था, जिन्होंने मेरी कोचिंग और पोषण संबंधी जरूरतों, प्रशिक्षण गियर और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन का ख्याल रखा।" उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए, ट्रांसवर्ल्ड ग्रुप की निदेशक अनीशा रामकृष्णन ने कहा, "हमें नयना पर बहुत गर्व है कि उन्होंने भारत के दूरदराज के जनजातियों के भविष्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी जगह बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। संपूर्ण प्रतिभा को खोजना और उसका पोषण करना हमारी कंपनी की विश्वास प्रणाली का हिस्सा रहा है और हम ऐसी प्रतिभा को उजागर करना जारी रखेंगे।" ब्रिजेस ऑफ स्पोर्ट के संस्थापक, नीतीश चिनिवार ने कहा, "हम आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली सदस्यों का समर्थन करने के लिए रोमांचित हैं। हम न केवल नयना का समर्थन करने के लिए बल्कि समुदाय के भीतर पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए ट्रांसवर्ल्ड ग्रुप को धन्यवाद देते हैं जो अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने सपने हासिल करने में सक्षम बनाएगा।" ट्रांसवर्ल्ड कर्नाटक के मुंडगुड में रहने वाली जनजातियों के युवाओं के जीवन को प्रभावित करने के लिए 2020 से ब्रिजेज ऑफ स्पोर्ट्स का समर्थन कर रहा है। यह परियोजना सिद्दी और अन्य आदिवासी समुदायों के साथ काम कर रही है। समर्थन में एथलीटों को समग्र प्रशिक्षण प्रदान करना, कोचों की क्षमता निर्माण, एथलीटों को प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना व खेल यात्रा के दौरान मनोवैज्ञानिक शक्ति का निर्माण करना शामिल है।

# दलीप ट्रॉफी में पुजारा ने खेली शतकीय पारी, वेस्ट जोन ने बनाई मजबूत बढ़त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की शतकीय पारी के दम पर वेस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति पर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पुजारा की 278 गेंद में 133 रन के बूते टीम ने बारिश से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 292 रन बनाकर कुल 384 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली। वेस्ट जोन ने दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 149 रन पर की। उस समय पुजारा 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 366 मिनट की पारी में 278 गेंदों का सामना किया है और इस दौरान 14 चौके तथा एक छक्का लगाया। सेंट्रल जोन ने दिन के पहले ही ओवर में सरफराज खान को पवेलियन की राह दिखाकर दिन की अच्छी शुरूआत की। सरफराज बीते दिन के अपने छह रन के स्कोर में बिना कोई इजाफा किये खब्बू स्पिनर सौरभ कुमार की गेंद पर



विकेटकीपर उपेंद्र यादव को कैच थमा बैठे। इसके बाद विकेटकीपर हेत पटेल (27) ने पांचवें विकेट के लिए पुजारा के साथ 47 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इस दौरान संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और सिर्फ वैसी ही गेंदों पर रन बनाये जो कमजोर थी। उन्होंने दिन के पहले सत्र में 102 गेंद बल्लेबाजी की और तीन चौके की मदद से 42 रन जोड़े। लंच के बाद दिन के दूसरे सत्र में उन्होंने सौरभ के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर प्रथम श्रेणी में अपना 60वां शतक पूरा किया। तीन अंक के आंकड़े में पहुंचने के बाद पुजारा ने स्वछंद बल्लेबाजी की और सौरभ तथा ऑफ स्पिनर सारांश जैन के खिलाफ कुछ शानदार प्रहार कर भारतीय टीम से बाहर होने की टीस निकाली। सौरभ के खिलाफ कलाई के इस्तेमाल से छक्का लगाकर उन्होंने सबको आश्चर्यचकित कर दिया।

## सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में लागू होगा 'इम्पैक्ट प्लेयर'

**एजेंसी। मुंबई।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का चर्चित 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम 16 अक्टूबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में इस्तेमाल किया जायेगा। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने शुक्रवार को इसे मंजूरी दी। 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम पिछले सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में शुरू हुआ था लेकिन खिलाड़ी को 14वें ओवर में या इससे पहले लाना होता था और उसका नाम टॉस से पहले बताना होना था। हालांकि यह अगले सत्र से बदल जायेगा और वैसा ही इस्तेमाल होगा जैसा आईपीएल में होता है, टीमों को टॉस से पहले अंतिम प्लेइंग इलेवन के अलावा चार स्थानापन्न खिलाड़ियों के नाम तय करने की अनुमति भी दी जायेगी। प्रत्येक टीम इन चार स्थानापन्न



खिलाड़ियों में से केवल एक को ही 'इंपैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की शीर्ष परिषद की शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में इस नियम को मंजूरी दी गयी। नियम के एक दिशानिर्देश के अनुसार, दोनों टीमों को प्रत्येक मैच में एक 'इंपैक्ट प्लेयर' का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी। यह हालांकि अनिवार्य नहीं है।" शीर्ष परिषद ने सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी भी मंजूर कर दी है।

## 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता आज से

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज कुमार, सचिव(खेल, पर्यटन एवं कला संस्कृति) झारखंड सरकार के द्वारा शनिवार को 5 बजे संध्या में किया जायेगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों के भाग लेने की संभावना है जो विभिन्न स्पधाओं में पदक जीतने के लिए मशक्कत करेंगे। लगभग 40 तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता के संचालन में अपनी भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर जानी मानी एथलीट पुष्पा हंसा, गिरीश राठौर एवं अर्चित आनंद (उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

# सदस्यों को लॉन्ग रूम से गुजरते हुए क्रिकेटरों के करीब जाने की अनुमति नहीं होगी : एमसीसी

**एजेंसी। लंदन**

दूसरे एशेज टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्यों से भिड़ने के लिए तीन सदस्यों को निलंबित करने के तुरंत बाद, मैरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए हैं कि अब से सदस्य लॉर्ड्स लॉन्ग रूम से अंदर या बाहर टहल रहे खिलाड़ियों के करीब न आएं। लॉर्ड्स में सदस्यों को लॉन्ग रूम के माध्यम से मैदान में प्रवेश करने और बाहर निकलने पर खिलाड़ियों से दूर कर दिया जाएगा, एमसीसी ने यह निर्णय दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान अपने व्यवहार से एमसीसी को शर्मसार करने वाले अनियंत्रित सदस्यों की हरकत के बाद लिया है। नए नियम रविवार से लागू होंगे जब ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम महिला एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी। एमसीसी को खचाखच भीड़ की उम्मीद है और ऐसा लगता है कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उसने यह फैसला लिया है। यह



निर्णय एमसीसी और उसके सदस्यों की कड़ी आलोचना के बाद आया है, जब लॉन्ग रूम के अंदर के वीडियो फुटेज में आस्ट्रेलियाई लोगों की ओर भेजे गए सन्देश को दिखाया गया था, जिन्हें कई स्तरों पर 'धोखेबाज' कहा गया था, क्योंकि वे अंग्रेजी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग के बाद सीढ़ियाँ चढ़ रहे थे। एमसीसी ने अपने सदस्यों को यह भी चेतावनी दी है कि अगर ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो सख्त रुख अपनाया जाएगा। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी मार्क लैवेंडर ने कहा कि खिलाड़ियों के इतने करीब आने का विशेषाधिकार भविष्य के खेलों पर प्रभाव डालेगा और इसके बजाय उन्हें दूर कर दिया जाएगा। लैवेंडर ने कहा, जब टीमें मैदान पर या मैदान से बाहर आ रही हों तो हम सीढ़ियों के अंदर और उसके आसपास सदस्यों की पहुंच को प्रतिबंधित कर देंगे। उन अवधियों के दौरान, सदस्यों को भूतल या शीर्ष मंजिल के स्तर पर प्रतीक्षा करने की आवश्यकता होगी, किसी की भी सीढ़ी तक पहुंच नहीं होगी। क्लब सदस्यों के सामान्य व्यवहार पर सख्त रुख अपनाएगा। हम उम्मीद करते हैं कि सदस्य न केवल इस संबंध में हमारे प्रबंधकों की बातों पर ध्यान देंगे बल्कि एक-दूसरे के व्यवहार पर भी निगरानी रखेंगे।" लैवेंडर ने कहा, हममें से किसी के लिए भी दूसरों पर दोषारोपण की उंगली उठाना अस्वीकार्य है, जब तक कि जब हम ऐसे व्यवहार देखते हैं जो सदस्यों से अपेक्षा से कम होते हैं और हम खुद हस्तक्षेप करने को तैयार नहीं होते हैं।

टूर्नामेंट | अहमदाबाद मैच को अतिरिक्त महत्व नहीं दे रहे बाबर आजम, कहा

# हम सिर्फ भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे

**एजेंसी। लाहौर**

वनडे विश्व कप में 15 अक्टूबर को भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबले के बारे में बात करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि उनकी टीम का ध्यान केवल अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने पर नहीं बल्कि टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों पर है। जबकि पाकिस्तान को उम्मीद है कि वह अपनी दूसरी विश्व कप ट्रॉफी को 1992 में ऑस्ट्रेलिया में जीती गई ट्रॉफी में जोड़ देगा, बाबर ने कहा कि अगर उनकी टीम को जीत हासिल करनी है तो उन्हें छह सप्ताह के टूर्नामेंट के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की विज्ञप्ति के अनुसार, बाबर ने संवाददाताओं से



कहा, हम विश्व कप खेलने जा रहे हैं और केवल भारत के खिलाफ ही नहीं खेलेंगे। आठ अन्य टीमें हैं और यह केवल भारत की बात नहीं है और अगर हम उन्हें हरा देंगे तो ही हम फाइनल में पहुंचेंगे। हम केवल एक टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, हम टूर्नामेंट में अन्य सभी टीमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी योजना यह है हमें उन सभी के खिलाफ अच्छा खेलना होगा और उनके खिलाफ जीतना होगा। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को विश्व कप के दौरान पांच अलग-अलग शहरों में खेलना है और 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी टीम को परिस्थितियों में किसी भी बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, आप अपने आप को विभिन्न परिस्थितियों और हर माहौल के लिए तैयार करते हैं और इसे ही हम चुनौती कहते हैं और आप इसे स्वीकार करते हैं। पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में, मैं हर देश में रन बनाने, हावी होने और पाकिस्तान के लिए मैच जीतने की इच्छा रखता हूं। इसलिए, हमारे दिमाग में यही सब है और केवल यही नहीं कि हम एक टीम के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। पाकिस्तान के नौ प्रतिद्वंद्वी हैं जिनका सामना इस साल के अंत में भारत में होगा, जिसमें श्रीलंका और नीदरलैंड जिम्बाब्वे में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट से आगे बढ़कर सात अन्य टीमों में शामिल हो गए हैं।


